मंगलवार, 24 मार्च 2026

**मौसम**



| | |
|---|---|
| तापमान | 21 – 32 |
| आर्द्रता | 70% |
| सूर्योदय: 05:39 | सूर्यास्त: 17:49 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, चैत्र शुक्लपक्ष षष्ठी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये



ज्ञान, शक्ति और चेतना का संगम माता कात्यायनी का त्रिविध स्वरूप पृष्ठ 2

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच

सुविचार : रिश्ते एक बार बनते हैं फिर जिंदगी रिश्तों के साथ-साथ चलती है।




RED-X
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# पश्चिम एशिया के संकट का समाधान कूटनीति से ही संभव, सरकार निपटने के लिए पूरी तरह तैयार: मोदी



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि पश्चिम एशिया में संघर्ष से पैदा हुए अप्रत्याशित संकट का प्रभाव लंबे समय तक रहने वाला है जिससे निपटने के लिए सरकार पूरी तरह तत्पर है। प्रधानमंत्री मोदी ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और इसके कारण भारत के सामने आई चुनौतियों पर लोकसभा में वक्तव्य देते हुए यह भी कहा कि इस संकट का प्रभाव लंबे समय तक रहने वाला है और इसका सामना देशवासियों को कोरोना संकट की तरह ही करना होगा। उन्होंने होर्मुज जलडमरूमध्य में रुकावट और व्यावसायिक जहाजों पर हमलों को अस्वीकार्य बताते हुए कहा कि इस समस्या का समाधान कूटनीति और बातचीत से ही संभव है तथा भारत तनाव को कम करने व संघर्ष समाप्त करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहा है। उन्होंने अपने बयान में यह भी कहा कि पिछले एक दशक में ऊर्जा क्षेत्र में सरकार की तैयारियों के कारण आज हालात से निपटने में मदद मिल रही है। प्रधानमंत्री ने सरकार के प्रयासों का जिक्र करते हुए कहा, ''सरकार संवेदनशील है, सतर्क है और हर सहायता के लिए तत्पर भी है।'' उन्होंने कहा कि कुछ तत्व ऐसे संकट में गलत फायदा उठाने का प्रयास करते हैं, इसलिए कानून व्यवस्था से जुड़ी सभी एजेंसियों को सतर्क रखा गया है। उन्होंने कहा, ''इस युद्ध के कारण दुनिया में बने हालात का प्रभाव लंबे समय तक रहने की आशंका है। इसलिए हमें तैयार रहना होगा, हमें एकजुट रहना होगा। हम कोरोना के समय भी एकजुटता से ऐसी चुनौतियों का सामना कर चुके हैं। अब हमें फिर से उसी तरह तैयार रहने की आवश्यकता है। धीरज, संयम और शांत मन से हर चुनौती का मुकाबला करना है।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले तीन सप्ताह से अधिक समय से पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के हालात ने भारत के सामने अप्रत्याशित चुनौतियां खड़ी कर दी हैं जो आर्थिक सुरक्षा, राष्ट्रीय सुरक्षा और मानवीय सुरक्षा से जुड़ी हैं। उन्होंने कहा, ''यह आवश्यक है कि भारत की संसद से इस संकट को लेकर एकमत और एकजुट आवाज में संदेश दुनिया में जाए।'' मोदी ने कहा, ''युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक लगभग 3 लाख 75 हजार भारतीय सुरक्षित देश लौट चुके हैं। ईरान से ही अभी तक लगभग एक हजार भारतीय सुरक्षित वापस आए हैं। इनमें मेडिकल की पढ़ाई करने वाले 700 से अधिक युवा हैं।''

**भारतीयों की सुरक्षा ही हमारी प्राथमिकता**

पीएम मोदी ने आगे कहा कि जबसे यह युद्ध शुरू हुआ है, तबसे ही प्रभावित देशों में भारतीयों को जरूरी मदद दी जा रही है। मैंने पश्चिम एशिया के ज्यादातर राष्ट्राध्यक्षों से दो राउंड फोन पर बात की है। सभी ने भारतीयों की सुरक्षा का आश्वासन दिया है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि इस दौरान दुखद रूप से कुछ लोगों की मौत हुई और कुछ घायल हुए हैं। हम परिवारजनों को जरूरी मदद दे रहे हैं। घायलों का इलाज सुनिश्चत कराया जा रहा है।

**दी जा रही हर संभव मदद**

इसके साथ ही पीएम मोदी ने कहा कि वहां काम करने वाले भारतीय हों या टूरिस्ट, सभी को हरसंभव मदद दी जा रही है। हमारे मिशन नियमित रूप से एडवायजरी जारी कर रहे हैं। यहां भारत में और अन्य प्रभावित देशों में 24 घंटे आपात कंट्रोल रूम और हेल्पलाइन जारी की गई हैं। इनके जरिए लोगों को त्वरित जानकारी दी जा रही है। संकट की स्थिति में देश-विदेश में भारतीयों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता रही है।

**पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति बरकरार रखने की कोशिश जारी**

पीएम मोदी ने कहा कि पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति लगातार बरकरार रखने की कोशिश की जा रही है। बीते एक दशक में उठाए गए कदम अब और भी प्रासंगिक हो गए हैं। भारत ने बीते 11 साल में अपनी ऊर्जा जरूरतों की आपूर्ति का डायवर्सिफिकेशन किया है। उन्होंने कहा कि पहले भारत में 27 देशों से कच्चे तेल और गैस का आयात किया जाता था। अब भारत 41 देशों से ऊर्जा जरूरतों का आयात किया जाता है। भारत ने कच्चे तेल के भंडारण को भी प्राथमिकता दी है। आज भारत के पास 53 लाख मीट्रिक टन का स्ट्रैटिजिक रिजर्व है और 65 लाख मीट्रिक टन के रिजर्व पर काम किया जा रहा है। पीएम मोदी ने आगे कहा कि भारत लगातार अलग-अलग सप्लायर्स से भी संपर्क में है। प्रयास है कि जहां से संभव हो वहां से सप्लाई होती रहे। हमारा प्रयास है कि तेल हो गैस हो, फर्टिलाइजर हो, ऐसे सभी जहाज भारत तक सुरक्षित पहुंचें।

### मिडिल ईस्ट में हालात चिंताजनक, होर्मुज की रुकावट अस्वीकार्य है

पीएम मोदी लोकसभा में मिडिल ईस्ट के मुद्दे पर बातचीत की। पीएम मोदी ने कहा मिडिल ईस्ट में जारी जंग को लेकर कहा की पूरी दुनिया इस संकट से जल्द से जल्त समाधान के लिए सभी पक्षों से आग्रह कर रही है। लोकसभा में अपने संबोधन के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि भारत के सामने भी इस युद्ध ने अप्रत्याशित चुनौतियां खड़ी कर दी हैं। ये चुनौतियां आर्थिक भी हैं, राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी भी है और मानवीय भी हैं। पीएम मोदी ने होर्मुज स्ट्रेट में लगी पाबंदियों पर कहा होर्मुज में रूकावट अस्वीकार्य है। वहीं, भारत की भूमिका स्पष्ट करते हुए कहा का भारत की भूमिका स्पष्ट है तनाव खत्म होना चाहिए। युद्धरत और युद्ध से प्रभावित देशों के साथ भारत के व्यापक व्यापारिक रिश्ते हैं। जिस क्षेत्र में ये युद्ध हो रहा है, वह दुनिया के दूसरे देशों के साथ हमारे व्यापार का भी एक महत्वपूर्ण रास्ता है। विशेष रूप से कच्चे तेल और गैस की हमारी जरूरतों का एक बड़ा हिस्सा यही क्षेत्र पूरा करता है।

## दो और भारतीय एलपीजी टैंकर होर्मुज जलडमरूमध्य पार कर भारत के लिए रवाना

**नयी दिल्ली :** भारतीय ध्वज वाले दो और एलपीजी टैंकर युद्धग्रस्त होर्मुज जलडमरूमध्य को पार कर गये हैं और दो से ढाई दिन में भारतीय बंदरगाह पर पहुचेंगे। एलपीजी टैंकर पाइन गैस और जग वसंत जलडमरूमध्य को पार करने से पहले सोमवार सुबह फारस की खाड़ी से रवाना हुए। दोनों एक-दूसरे के करीब चल रहे हैं। इन जहाजों पर लदी गैस देश में लगभग एक दिन की खाना पकाने की गैस की खपत के बराबर है। जहाजों की आवाजाही पर नजर रखने से जुड़े आंकड़ों से यह जानकारी मिली। बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि दोनों जहाज पर लगभग 92,000 टन एलपीजी है। उन्होंने कहा, ''यात्रा शुरू हो चुकी है।'' उन्होंने अंतिम गंतव्य बंदरगाह का खुलासा किए बिना बताया कि खाड़ी से भारत तक पहुंचने में जहाज को आमतौर पर दो से ढाई दिन लगते हैं। जहाज ट्रैकिंग आंकड़ों से पता चलता है कि संभवतः जलडमरूमध्य को पार करने से पहले ईरानी अधिकारियों को अपनी पहचान स्पष्ट करने के लिए दोनों एलपीजी टैंकर ईरान के लारक और क्वेशम द्वीपों के बीच के जलक्षेत्र से होकर गुजरे।

## चुनाव आयोग का बड़ा फैसला, 73 रिटर्निंग ऑफिसर हटाए

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग ने प्रशासनिक स्तर पर बड़ा कदम उठाया है। आयोग ने राज्य के 73 रिटर्निंग ऑफिसर्स को हटाने का निर्देश जारी किया है। इनमें अधिकांश अधिकारी सब-डिवीजनल मजिस्ट्रेट (एसडीएम) स्तर के बताए जा रहे हैं। राज्य में कुल 294 विधानसभा सीटें हैं और आमतौर पर हर सीट के लिए एक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त होता है। ऐसे में इतने बड़े स्तर पर बदलाव को चुनाव से पहले अहम माना जा रहा है। आयोग ने सोमवार को इस बारे में निर्देश जारी किए।

# विधानसभा चुनाव : 28 मार्च को अमित शाह जारी करेंगे भाजपा का संकल्प पत्र

**सातवां वेतन आयोग, सरकारी नौकरी भर्ती चुनावी वादे होंगे प्रमुख**

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने अपने अभियान को निर्णायक मोड़ देने की तैयारी कर ली है। 'परिवर्तन यात्रा' और 'ब्रिगेड रैली' की सफलता के बाद, पार्टी अब 28 मार्च को अपना चुनावी घोषणा पत्र यानी 'संकल्प पत्र' जारी करने जा रही है। खबर है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कोलकाता में एक भव्य कार्यक्रम के दौरान इसे औपचारिक रूप से जारी कर सकते हैं। राज्य संकल्प पत्र समिति के अध्यक्ष तापस राय के अनुसार, यह दस्तावेज पूरी तरह 'जनभागीदारी' पर आधारित है। भाजपा ने इसके लिए प्रदेश भर में व्यापक अभियान चलाकर ड्रॉपबॉक्स और अन्य माध्यमों से जनता की राय और सुझाव एकत्रित किए थे। पार्टी का मानना है कि शीर्ष नेतृत्व द्वारा इसकी घोषणा किए जाने से चुनावी वादों की विश्वसनीयता और राजनीतिक प्रभाव, दोनों में वृद्धि होगी। सूत्रों के अनुसार, अमित शाह के दो दिवसीय बंगाल दौरे (27-28 मार्च) के दौरान जारी होने वाले इस संकल्प पत्र में लोक-लुभावन घोषणाओं के साथ-साथ बुनियादी ढांचे के विकास पर जोर होगा। इसमें सत्ता में आने के 45 दिनों के भीतर राज्य कर्मचारियों के लिए सातवां वेतन आयोग लागू करने, छह महीने में सभी रिक्त सरकारी पदों पर भर्ती और नौकरियों में आयु सीमा में पांच साल की छूट जैसे क्रांतिकारी वादे शामिल हो सकते हैं। तृणमूल कांग्रेस की 'लक्ष्मी भंडार' तथा 'युवा साथी' जैसी योजनाओं के जवाब में भाजपा 'अन्नपूर्णा भंडार' और 'युवा शक्ति' जैसी रोजगार केंद्रित घोषणाएं कर सकती है। साथ ही, राज्य में केंद्रीय योजनाओं को लागू करने का स्पष्ट रोडमैप भी पेश किया जाएगा।

## कारोबार के दौरान 94 के स्तर को पार करने के बाद रुपया स्थिर रुख के साथ बंद

**मुंबई :** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को पहली बार डॉलर के मुकाबले रुपया 94 के स्तर को लांघ गया। वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में आये सुधार के बीच कारोबार के अंत में रुपया 93.53 प्रति डॉलर पर स्थिर बंद हुआ। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 93.84 पर खुला और पूरे दिन गिरावट में रहा। अंततः यह पहली बार 94 के स्तर को पार कर गया। हालांकि बाद में रुपया अपनी गिरावट रोकने में कामयाब रहा और कारोबार के अंत में डॉलर के मुकाबले रुपया 93.53 प्रति डॉलर पर स्थिर रुख के साथ बंद हुआ।

## परिसीमन प्रक्रिया से पहले महिला आरक्षण कानून लागू करवाने के लिए दो विधेयक लाने की योजना

**नयी दिल्ली :** सरकार लोकसभा और विधानसभा क्षेत्रों के परिसीमन की प्रक्रिया पूरी होने से पहले महिला आरक्षण कानून लागू करने के लिए संसद के मौजूदा बजट सत्र में दो विधेयक लाने की तैयारी कर रही है। सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आम सहमति पर पहुंचने के लिए सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) और गैर-कांग्रेसी विपक्षी दलों के नेताओं के साथ अलग-अलग बैठकें की हैं। सूत्रों ने बताया कि यदि आम सहमति बन जाती है, तो दोनों विधेयक इसी सप्ताह पेश किए जा सकते हैं। लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान संविधान में संशोधन करके लाया गया था, लेकिन यह परिसीमन प्रक्रिया पूरी होने के बाद लागू होगा। उपलब्ध व्यापक रूपरेखा के मुताबिक लोकसभा सीटों की संख्या वर्तमान 543 से बढ़ाकर 816 कर दी जाएगी, जिसमें महिलाओं के लिए 273 सीटें आरक्षित होंगी। आरक्षण अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए सीटों के आवंटन के साथ ''ऊर्ध्वाधर आधार'' पर किया जाएगा। राज्य विधानसभाओं के लिए भी इसी तरह की प्रक्रिया अपनाई जाएगी, जहां सीटों का आरक्षण आनुपातिक आधार पर किया जाएगा। सूत्रों ने बताया कि जहां एक ओर संविधान संशोधन विधेयक नारी शक्ति वंदन अधिनियम, जिसे आमतौर पर महिला आरक्षण कानून के रूप में जाना जाता है, में बदलाव करेगा। वहीं, दूसरी ओर एक अन्य साधारण विधेयक परिसीमन अधिनियम में संशोधन करेगा। संसद से मंजूरी मिलने के बाद प्रस्तावित कानून 31 मार्च, 2029 को लागू हो जाएंगे और लोकसभा के अलावा ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम और आंध्र प्रदेश के आगामी विधानसभा चुनावों में सीट के आरक्षण में मदद करेंगे।

# अमेरिका ने पांच दिन के लिए टाले ईरान के बिजली संयंत्रों पर हमले : ट्रंप



**दुबई :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने के लिए दी गई समयसीमा सोमवार को बढ़ा दी और कहा कि अमेरिका पांच दिन के लिए ईरानी बिजली संयंत्रों पर हमले टाल रहा है। ट्रंप ने 'ट्रुथ सोशल' साइट पर युद्ध के समाधान की संभावना भी जताई। हालांकि, ईरानी अधिकारियों ने बातचीत होने से इनकार किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति के रुख में आए बदलाव से अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध का कुछ समाधान निकलने की उम्मीद जगी है। बाद में, ट्रंप ने पत्रकारों से कहा कि ईरान ''समझौता करना चाहता है''। उन्होंने दावा किया कि अमेरिकी दूत एक ''सम्मानित'' ईरानी नेता के साथ बातचीत कर रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि पश्चिम एशिया के लिए विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और उनके (ट्रंप के) दामाद जेरेड कुशनर ने रविवार शाम तक बातचीत की तथा वार्ता जारी रहेगी। ट्रंप ने तेहरान का प्रतिनिधित्व करने वाले किसी भी अधिकारी का नाम नहीं लिया। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला मोजतबा खामेनेई से बात नहीं की है। ट्रंप ने कहा कि अगर ईरान के साथ कोई समझौता हो जाता है, तो अमेरिका ईरान के विवादित परमाणु कार्यक्रम के लिए महत्वपूर्ण संवर्धित यूरेनियम को अपने कब्जे में लेने की कार्रवाई करेगा। सोशल मीडिया पर ट्रंप की घोषणा के ठीक बाद ईरानी सरकारी टेलीविजन ने कहा, ''ईरान की कड़ी चेतावनी के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति पीछे हटे।'' युद्ध चौथे सप्ताह में प्रवेश कर चुका है। इस संघर्ष में 2,000 से अधिक लोग मारे गए हैं, वैश्विक अर्थव्यवस्था हिल गई है, तेल की कीमतें आसमान छू रही हैं और दुनिया के कुछ सबसे व्यस्त हवाई मार्गों को खतरा पैदा हो गया है।

**तेल बाजार को प्रभावित करने के लिए फेक न्यूज फैला रहा अमेरिका : ईरान**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बातचीत वाले दावों पर ईरान ने सख्त प्रतिक्रिया दी है। ईरान की संसद के स्पीकर ने साफ कहा है कि अमेरिका के साथ कोई बातचीत नहीं हुई है और फेक न्यूज के जरिए तेल और वित्तीय बाजारों को प्रभावित करने की कोशिश की जा रही है। इस बयान के बाद दोनों देशों के बीच बयानबाजी और तेज हो गई है। ईरान के संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर गालिबाफ ने कहा कि अमेरिका और इस्राइल मौजूदा हालात से निकलने के लिए झूठी खबरें फैला रहे हैं।

# ऑरेंज लाइन मेट्रो परियोजना में देरी पर सुप्रीम कोर्ट की बंगाल सरकार को फटकार, याचिका खारिज

**कहा... 'विकास के मुद्दे का राजनीतिकरण नहीं किया जाना चाहिए'**



**नयी दिल्ली, कोलकाता :** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को पश्चिम बंगाल सरकार को कोलकाता मेट्रो रेल परियोजना के एक गलियारे के निर्माण में 'बाधाएं पैदा करने' के लिए कड़ी फटकार लगायी और उससे कहा कि आम जनता के हित वाली विकास परियोजना का राजनीतिकरण नहीं किया जाए। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने राज्य सरकार की याचिका खारिज करते हुए कलकत्ता उच्च न्यायालय को परियोजना की निगरानी करने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा कि उच्च न्यायालय ने आपके (राज्य सरकार के) प्रति काफी उदारता दिखाई है। यह ऐसा मामला था, जिसमें आपके मुख्य सचिव, डीजीपी और अन्य अधिकारियों पर कार्रवाई होनी चाहिए थी। सीजेआई ने बंगाल सरकार की ओर से पेश वकील से कहा कि यह आपके संवैधानिक कर्तव्यों की पूरी तरह अनदेखी को दर्शाता है। आप अपनी जिम्मेदारियों से भाग रहे हैं। यह एक ऐसे मुद्दे का राजनीतिकरण करने की कोशिश है, जहां कोई मुद्दा ही नहीं है। हम नहीं चाहेंगे कि राज्य सरकार किसी विकास के मुद्दे का राजनीतिकरण करे, जो कि आम आदमी के लिए फायदेमंद है। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि हमें हर चीज का राजनीतिकरण नहीं करना चाहिये। यह विकास से जुड़ा मुद्दा है। यह आम जनता की सुविधा के लिये है। इसमें बाधाएं पैदा नहीं करें। जब राज्य सरकार के वकील ने दलील दी कि आगामी चुनावों के कारण आदर्श आचार संहिता लागू है और बोर्ड परीक्षाएं चल रही हैं तो पीठ ने कहा कि उच्च न्यायालय का आदेश 23 दिसंबर 2025 का है और पूछा कि राज्य सरकार ने तब से अब तक निर्देशों का पालन क्यों नहीं किया। न्यायमूर्ति बागची ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग इस परियोजना पर आपत्ति नहीं कर सकता, क्योंकि यह पहले से चल रही है और उच्च न्यायालय इसकी निगरानी कर रहा है। उन्होंने कहा कि आपके लिए त्योहार विकास से ज्यादा महत्वपूर्ण हैं। यह आपकी इच्छा नहीं, बल्कि आपका कर्तव्य है। क्या त्योहार परिवहन परियोजना के निर्माण से ज्यादा जरूरी हैं? उन्होंने कहा कि यह परियोजना आदर्श आचार संहिता लागू होने से पहले शुरू की गई थी। हम राज्य को इसे फिर से विकास में बाधा डालने के बहाने के रूप में इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं देंगे। राज्य सरकार के वकील ने कहा कि निर्माण कार्य के दौरान सड़कें बंद करनी पड़ेंगी, जिससे एंबुलेंस और आपातकालीन सेवाएं प्रभावित होंगी। उन्होंने मई तक का समय मांगा, लेकिन शीर्ष अदालत ने यह अनुरोध ठुकरा दिया और 23 दिसंबर 2025 के आदेश के खिलाफ दायर अपील को खारिज करने की बात कही। पीठ ने कहा कि यह अधिकारियों के हठी रवैये को दर्शाता है, जो कोलकाता मेट्रो परियोजना को टालने और रोकने की कोशिश कर रहे हैं। उच्च न्यायालय के आदेश में कोई खामी नहीं है और हमें विश्वास है कि परियोजना समयबद्ध तरीके से पूरी होगी।

## एसआईआर : निर्वाचन आयोग ने बंगाल की पूरक मतदाता सूची की जारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के तहत 'विचाराधीन' श्रेणी में रखे मतदाताओं के मामलों की सुनवाई के आधार पर सोमवार की देर रात पहली पूरक मतदाता सूची जारी की। एक अधिकारी ने बताया कि प्रत्येक बूथ की सूची निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर देर रात करीब 11.55 बजे उपलब्ध कराई गई। बता दें कि निर्वाचन आयोग द्वारा 28 फरवरी को प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची में लगभग 60 लाख नामों को 'विचाराधीन' के रूप में चिह्नित किया गया था। इसके बाद, इन नामों को मतदाता सूची में रखा जाए या हटाया जाए, यह निर्धारित करने के लिए 705 न्यायिक अधिकारियों को नियुक्त किया गया था। पूरक सूची में उन मतदाताओं के नाम शामिल हैं जिनके मामलों का निर्णय इन न्यायिक अधिकारियों द्वारा किया जा चुका है। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) मनोज कुमार अग्रवाल ने शाम को कहा था कि अब तक लगभग 29 लाख नामों की जांच की जा चुकी है। यह तत्काल स्पष्ट नहीं हो सका है कि इनमें से कितने नाम पहली पूरक सूची में रखे गए और कितने हटाए गए हैं। कई लोगों ने बताया कि सूची उपलब्ध तो कराई गई थी, लेकिन उसे डाउनलोड नहीं किया जा सका। अधिकारियों ने बताया कि जैसे-जैसे न्याय प्रक्रिया आगे बढ़ेगी, और भी पूरक सूचियां प्रकाशित की जाएंगी।

## कच्चे तेल के दाम में उछाल से सेंसेक्स 1,837 अंक फिसला, निफ्टी टूटकर 22,512 अंक पर

**पश्चिम एशिया युद्ध शुरू होने के बाद से निवेशकों की संपत्ति 48.29 लाख करोड़ रुपये घटी**

**मुंबई :** स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को भारी गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 1,837 अंक का गोता लगा गया, जबकि एनएसई निफ्टी 602 अंक लुढ़क गया। पश्चिम एशिया में युद्ध समाप्त होने के कोई संकेत नहीं होने के साथ वैश्विक बाजारों के कमजोर रुख से घरेलू बाजार में गिरावट रही। युद्ध अब चौथे सप्ताह में पहुंच गया है। इसके कारण कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों, विदेशी संस्थागत निवेशकों की निरंतर पूंजी निकासी और रुपये की विनिमय दर में गिरावट को देखते हुए निवेशक जोखिम लेने से बच रहे हैं। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,836.57 अंक यानी 2.46 प्रतिशत टूटकर 72,696.39 अंक पर बंद हुआ।



## हिमाचल में बचत की कोशिश कारगर नहीं

इसमें दो राय नहीं कि हिमाचल प्रदेश फिलहाल वित्तीय संकट की चुनौती से जूझ रहा है। लेकिन उससे उबरने के लिए जो कदम उठाये जा रहे हैं, उनकी तार्किकता पर सवाल उठना स्वाभाविक है। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा मंत्रियों, विधायकों और वरिष्ठ नौकरशाहों के वेतन में कटौती का फैसला, बचत करने के एक सांकेतिक प्रयास के तौर पर पेश किया जा रहा है। यह जनता को बताने की राजनीतिक कवायद हो सकती है कि हम राज्य में वित्तीय स्थिति सुधारने के लिए प्रतिबद्ध हैं। लेकिन सवाल यह है कि यह कदम संकट से उबारने में किस हद तक मदद कर पाएगा। बहरहाल, यह प्रयास इस बात का स्पष्ट संकेत है कि राज्य के सामने गहरे वित्तीय संकट की स्थिति बन रही है। लेकिन हकीकत यही है कि यह कदम राजनीतिक रूप से एक प्रतीकात्मक होने के बावजूद राज्य के सिमटते खजाने को कोई ठोस राहत नहीं देने वाला है। यदि इससे जुड़े आंकड़ों पर नजर डालें तो वास्तविकता सामने आ जाती है। मुख्यमंत्री के वेतन में पचास फीसदी, मंत्रियों के वेतन में तीस फीसदी तथा विधायकों के वेतन में बीस फीसदी की छह माह के लिये कटौती, आठ-दस हजार करोड़ रुपये के घाटे को कितना कम कर पाएगी? निश्चित रूप से राजस्व घाटे के अनुपात में यह बचत नगण्य ही होगी। हां, जनता को यह संदेश, उनके त्याग करने के रूप में पहुंचाने की कवायद जरूर होगी।

यहां विचारणीय तथ्य यह है कि राज्य में यह वित्तीय संकट अचानक नहीं आया है। यह संरचनात्मक विसंगतियों की ही परिणति है। निर्विवाद रूप से केंद्र द्वारा राजस्व घाटा अनुदान की वापसी ने संघीय हस्तांतरण पर राज्य की दीर्घकालीन निर्भरता को उजागर कर दिया है। इस बीच वेतन, पेंशन और ब्याज भुगतान जैसे निश्चित व्यय बजट राज्य की अर्थव्यवस्था पर दबाव बनाए हुए हैं, जिसमें बदलाव की गुंजाइश बहुत कम रह गई है। ऐसे पर परिदृश्य में, वेतन में कटौती आर्थिक समाधान से अधिक एक राजनीतिक संकेत मात्र ही है। यह सरकार को कल्याणकारी योजनाओं को प्रभावित किए बिना या स्थापित व्यय पद्धतियों का सामना किए बिना नैतिक रूप से श्रेष्ठ होने का दावा करने का अवसर देता है। निस्संदेह, राजकोषीय विवेक के लिये समय-समय पर कठोर निर्णय लेने पड़ते हैं। मसलन सब्सिडी को युक्तिसंगत बनाना, कर आधार का विस्तार करना और विकासोन्मुखी पूंजी निवेश को प्राथमिकता देना जरूरी होता है। इसके बिना, अस्थायी समाधान शासन की एक नियमित लोकलुभावनी परिपाटी बनने का जोखिम भी बना रहेगा। यह घटनाक्रम संघीय राजकोषीय ढांचे के भीतर पहाड़ी राज्यों की नाजुक स्थिति पर भी सवाल उठाता है। केंद्र सरकार से मिलने वाली सहायता पर अत्याधिक निर्भरता, उन्हें उन नीतिगत बदलावों के प्रति संवेदनशील बनाती है, जो वास्तव में उनके नियंत्रण से बाहर हैं। आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करने के लिये हस्तांतरण की एक अधिक पूर्वानुमानित और न्यायसंगत प्रणाली आवश्यक है। अंततः वेतन में कटौती से सरकार को कुछ समय तो मिल सकता है, लेकिन इससे उसे राजकोषीय मजबूती नहीं मिलेगी। निश्चित रूप से इसके लिये सुधारों को अपनाना होगा।

# ज्ञान, शक्ति और चेतना का संगम माता कात्यायनी का त्रिविध स्वरूप



अशोक प्रवृद्ध

भारतीय संस्कृति में शक्ति साधना का महापर्व नवरात्रि केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि मनोविज्ञान, ब्रह्मांड विज्ञान और आयुर्वेद का एक अद्भुत समन्वय है। छठे दिन की अधिष्ठात्री देवी माता कात्यायनी इस समन्वय का सबसे प्रखर उदाहरण हैं। वे न केवल असुरों का संहार करने वाली योद्धा हैं, बल्कि भक्तों के आंतरिक दोषों को दूर करने वाली परम औषधीय शक्ति भी हैं। नवरात्रि के छठे दिन पूजी जाने वाली देवी दुर्गा के षष्ठम स्वरूप माता कात्यायनी का जन्म महर्षि कात्यायन की घोर तपस्या के फलस्वरूप हुआ था। ऋषि कात्यायन की भक्ति और महिषासुर के अंत से जुड़ी पौराणिक कथा के अनुसार प्राचीन काल में कत नामक एक प्रसिद्ध ऋषि थे, जिनके पुत्र कात्य हुए। इसी गोत्र में महान महर्षि कात्यायन उत्पन्न हुए। उन्होंने माता पराम्बा की कठोर तपस्या की और वरदान मांगा कि देवी उनके घर पुत्री के रूप में जन्म लें। देवी ने उनकी प्रार्थना स्वीकार कर ली। जब राक्षस महिषासुर का अत्याचार तीनों लोकों में बढ़ गया, तब भगवान ब्रह्मा, विष्णु और शिव ने अपने तेज के अंशों को मिलाकर एक दिव्य शक्ति को उत्पन्न किया। महर्षि कात्यायन ने सबसे पहले इस शक्ति की पूजा की, जिसके कारण इनका नाम कात्यायनी पड़ा। कुछ मान्यताओं के अनुसार उन्होंने महर्षि कात्यायन के यहां पुत्री रूप में जन्म लिया था। देवी कात्यायनी अत्यंत ओजस्वी और तेजस्वी हैं। वे सिंह पर सवार होकर युद्ध क्षेत्र में उतरीं और महिषासुर के साथ भीषण युद्ध किया। अंततः उन्होंने अपने त्रिशूल से महिषासुर का वध कर देवताओं और ऋषियों को उसके आतंक से मुक्त कराया। माता कात्यायनी का शरीर स्वर्ण की तरह चमकीला है। उनकी चार भुजाएं हैं। दाहिने ऊपर वाले हाथ में अभय मुद्रा और नीचे वाले हाथ में वरद मुद्रा है। बाएं ऊपर वाले हाथ में वे तलवार और नीचे वाले हाथ में कमल धारण करती हैं। उनका वाहन सिंह है। देवी कात्यायनी की यह कथा सामूहिक संकल्प की शक्ति का संदेश देती है। माता कात्यायनी का कात्यायनी नाम ऋषित्व और देवत्व के मिलन को दर्शाता है। उन्होंने महिषासुर का वध कर सिद्ध किया कि जब ज्ञान अर्थात ऋषि और शक्ति अर्थात देवता का मिलन होता है, तब अधर्म का अंत निश्चित है। उनका स्वर्ण जैसा चमकीला वर्ण शुद्धता और ओज का प्रतीक है। माता कात्यायनी को ब्रज की अधिष्ठात्री देवी माना जाता है। द्वापर युग में गोपियों ने भगवान श्रीकृष्ण को पति के रूप में प्राप्त करने के लिए यमुना किनारे इनकी पूजा की थी। आज भी शीघ्र विवाह और मनचाहा वर प्राप्त करने के लिए कुंवारी कन्याएं माता का पूजन करती हैं। इनकी उपासना से भक्त को साहस, वीरता और विजय प्राप्त होती है। यह भक्तों के समस्त रोगों, संतापों और भयों का नाश करती हैं।

*माता कात्यायनी की आराधना का मंत्र है-*

चंद्रहासोज्ज्वलकरा शार्दूलवरवाहना। कात्यायनी शुभं दद्याद् देवी दानवघातिनी।। स्तुति मंत्र-या देवी सर्वभूतेषु माँ कात्यायनी रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।। ध्यान मंत्र-वन्दे वांछित मनोरथार्थ चन्द्रार्धकृतशेखराम। सिंहारूढा चतुर्भुजा कात्यायनी यशस्विनीम।। विवाह में आने वाली बाधा दूर करने, शीघ्र विवाह हेतु कन्याएं इस मंत्र का जाप करती हैं, जिसे कात्यायनी मंत्र भी कहा जाता है-



कात्यायनी महामाये महायोगिन्यधीश्वरी। नन्दगोपसुतं देवि पतिं मे कुरु ते नमः।।

योग साधना में छठे दिन साधक का मन आज्ञा चक्र में स्थित होता है, जो अंतर्ज्ञान और एकाग्रता का केंद्र है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार माता कात्यायनी बृहस्पति ग्रह को नियंत्रित करती हैं। इनकी पूजा से कुंडली के मांगलिक दोष और वैवाहिक जीवन की बाधाएं दूर होती हैं। माता कात्यायनी को शहद का भोग अति प्रिय है, जिसे अर्पण करने से भक्त के सौंदर्य और स्वास्थ्य में वृद्धि होती है। ज्योतिष शास्त्र में माता कात्यायनी को विशेष रूप से विवाह, साहस और बाधाओं को दूर करने वाली देवी माना गया है। जिनकी कुंडली में बृहस्पति कमजोर होता है या अशुभ फल दे रहा होता है, उन्हें माता कात्यायनी की पूजा करने की सलाह दी जाती है। इनकी कृपा से व्यक्ति की बुद्धि प्रखर होती है और समाज में मान-सम्मान बढ़ता है। माता कात्यायनी को विवाह की अधिष्ठात्री देवी माना जाता है। विवाह में बार-बार आने वाली अड़चनें माता कात्यायनी की आराधना से दूर हो जाती हैं। यदि किसी जातक की कुंडली में मांगलिक दोष के कारण विवाह में देरी हो रही हो या वैवाहिक जीवन में कलह रहती हो, तो षष्ठी तिथि को माता की पूजा करने से शांति मिलती है। यह वैवाहिक जीवन में मधुरता और सामंजस्य लाती हैं। योग और आध्यात्मिक ज्योतिष के अनुसार माता कात्यायनी का संबंध शरीर के आज्ञा चक्र अर्थात तीसरी आंख से है। इस चक्र पर ध्यान केंद्रित करने से साधक की मानसिक शक्ति बढ़ती है और उसे भविष्य का पूर्वाभास होने लगता है। यह भक्त को संशय और दुविधा से मुक्त कर सही निर्णय लेने की शक्ति प्रदान करती हैं। चूंकि बृहस्पति को देवगुरु माना जाता है, उनकी शक्ति स्वरूपा कात्यायनी की पूजा करने से छाया ग्रहों अर्थात राहु और केतु के नकारात्मक प्रभाव भी शांत होने लगते हैं, क्योंकि एक मजबूत गुरु राहु के दोषों को कम करने की क्षमता रखता है।

ज्योतिष में शहद का संबंध मंगल और सूर्य से भी माना जाता है, लेकिन माता को शहद का भोग लगाने से कुंडली के बृहस्पति और शुक्र दोनों को बल मिलता है, जिससे जीवन में भौतिक सुख और आध्यात्मिक शांति का संतुलन बना रहता है। आयुर्वेद और प्राचीन ग्रंथों में माता कात्यायनी का संबंध न केवल आध्यात्मिक शक्ति से है, बल्कि उन्हें प्रकृति की आरोग्य शक्ति का प्रतीक भी माना गया है। मार्कण्डेय पुराण के देवी कवच में नौ दुर्गाओं का संबंध नौ विशिष्ट औषधियों से बताया गया है। माता कात्यायनी को मोइया नामक औषधि का रूप माना जाता है। यह औषधि पित्त और कफ से जुड़ी समस्याओं को दूर करने में सहायक मानी जाती है। यह शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाती है। आयुर्वेद में शहद को अन्य औषधियों के गुणों को बढ़ाने वाली योगवाही कहा गया है। शहद का नियमित सेवन शरीर के रसों को शुद्ध करता है और त्वचा में चमक लाता है, कायाकल्प कर देता है, जो माता कात्यायनी के स्वर्ण वर्ण स्वरूप का प्रतीक है। यह हृदय और श्वसन तंत्र के लिए अत्यंत लाभकारी है। आयुर्वेद और योग शास्त्र के अनुसार छठे दिन साधक का मन आज्ञा चक्र में स्थित होता है। इस चक्र के संतुलित होने से पिट्यूटरी ग्रंथि सही तरीके से कार्य करती है। माता की साधना से हार्मोन्स का संतुलन बना रहता है, जिससे अवसाद, चिंता और अनिद्रा जैसी मानसिक बीमारियां दूर होती हैं। माता कात्यायनी का स्वरूप अग्नि और तेज से परिपूर्ण है। आयुर्वेद के अनुसार इनका ध्यान करने और इनसे जुड़ी सात्विक जीवनशैली अपनाने से शरीर का पित्त दोष संतुलित होता है। यह पाचन तंत्र को मजबूत करने और रक्त संबंधी विकारों को दूर करने में सहायक है।चूंकि माता कात्यायनी का संबंध वैवाहिक सुख और मातृत्व से भी है, आयुर्वेद में इनकी पूजा का मनोवैज्ञानिक और शारीरिक प्रभाव प्रजनन स्वास्थ्य पर सकारात्मक माना गया है। यह महिलाओं में हार्मोनल असंतुलन को ठीक करने में मानसिक संबल प्रदान करती है। माता कात्यायनी की पूजा केवल धार्मिक क्रिया नहीं है, बल्कि यह शुद्ध खान-पान (शहद का प्रयोग) और मानसिक एकाग्रता (आज्ञा चक्र) के माध्यम से शरीर को निरोगी रखने का एक मार्ग भी है। माता कात्यायनी का स्वरूप हमें संतुलन का संदेश देता है। जहां उनकी तलवार शत्रुओं (नकारात्मक विचारों) का नाश करती है, वहीं उनके हाथ में मौजूद कमल शांति और कोमलता का प्रतीक है। ज्योतिष की दृष्टि से वे भाग्य संवारती हैं, तो आयुर्वेद की दृष्टि से वे स्वास्थ्य की रक्षा करती हैं। उनकी उपासना का अर्थ है- स्वयं के भीतर के महिषासुर अर्थात क्रोध, मोह, लोभ को समाप्त कर, ऋषि जैसी पवित्रता धारण करना और स्वर्ण जैसी चमक के साथ लोक कल्याण के पथ पर बढ़ना। -लेखक, आध्यात्मिक चिन्तक व साहित्यकार

# महिलाओं के सम्मान के मामले में योगी से काफी पीछे खड़े हैं अखिलेश



अजय कुमार

भारतीय जनता पार्टी की मजबूत पकड़ वाले महिला वोट बैंक पर अब समाजवादी पार्टी की नजर लग गई है. पीडीए-पीडीए करते-करते सपा प्रमुख अखिलेश यादव प्रदेश की उन महिलाओं को लुभाने में लग गए हैं, जो अखिलेश यादव के शासनकाल में सबसे ज्यादा डरी सहमी रहती थी. इसी को मुद्दा बनाकर 2017 में बीजेपी ने यूपी में सत्ता हासिल की थी. इस हकीकत से इनकार नहीं किया जा सकता है कि योगीराज में महिलाएं अपने आप को समाजवादी सरकार के समय से ज्यादा सुरक्षित महसूस करती हैं. इस बात का प्रमाण है भाजपा को मिलने वाला महिलाओं का वोट. महिला वोटर खुलकर भाजपा के पक्ष में मतदान करते हैं, इसकी सबसे बड़ी समाजवादी सरकार के समय महिलाओं के साथ हुआ अत्याचार.खैर सुबह का भूला शाम को वापस आ जाए तो उसे भूला नहीं कहते. अब अखिलेश यादव को महिलाओं के सम्मान की चिंता सताने लगी है. लखनऊ में रविवार को समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय पर जब महिलाओं का सम्मान समारोह शुरू हुआ तो माहौल एकदम अलग था। अलग-अलग क्षेत्रों में बेहतर काम करने वाली सैकड़ों महिलाओं को माला पहनाकर और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सपा अध्यक्ष अखिलेश ने साफ कहा कि अगर 2027 में सपा की सरकार बनी तो नारी समृद्धि सम्मान योजना शुरू होगी और इसके तहत गरीब परिवार की हर महिला को सालाना 40 हजार रुपये सीधे बैंक खाते में दिए जाएंगे। साथ ही पुरानी समाजवादी पेंशन योजना को भी नई रूप में बहाल किया जाएगा। यह घोषणा महज कोई वादा नहीं बल्कि सपा की नई चुनावी रणनीति का सबसे बड़ा हिस्सा है जिससे आधी आबादी यानी महिला वोट बैंक को लक्ष्य बनाया गया है। वैसे बता दे इस तरह के दावे सपा प्रमुख अखिलेश यादव पिछले विधानसभा चुनाव में भी कर चुके हैं लेकिन महिला मतदाताओं ने उन पर विश्वास नहीं किया.दरअसल, अखिलेश यादव पिछले कई सालों से सत्ता वापसी की कोशिश में लगे हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में उन्होंने पीडीए यानी पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक फॉर्मूले के जरिए भाजपा को काफी नुकसान पहुंचाया था। अब 2027 के लिए उन्होंने उस फॉर्मूले में एक और अक्षर जोड़ दिया है। वह है ए यानी आधी आबादी। उन्होंने खुद सोशल मीडिया पर लिखा कि पीडीए के साथ ए को जोड़कर महिला सशक्तिकरण को चुनावी एजेंडा बनाया जाएगा। कार्यक्रम में उन्होंने अपनी पुरानी योजनाओं का भी जिक्र किया। 1090 हेल्पलाइन हो या मुलायम सिंह यादव कन्या विद्याधन योजना और रानी लक्ष्मीबाई योजना इन सबको याद दिलाते हुए उन्होंने कहा कि सपा हमेशा महिलाओं की सुरक्षा सम्मान और अधिकारों के लिए प्रतिबद्ध रही है। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी समाज की प्रगति महिलाओं की स्थिति से तय होती है। अगर स्त्रियों की स्थिति की जानकारी हो जाए तो पूरे समाज की तस्वीर साफ हो जाती है।

कार्यक्रम का नाम रखा गया था मूर्ति देवी मालती देवी महिला सम्मान समारोह। मूर्ति देवी अखिलेश यादव की दादी और मुलायम सिंह यादव की मां थीं जिन्होंने मुलायम सिंह को सामाजिक अन्याय के खिलाफ लड़ने का संस्कार दिया। वहीं मालती देवी मुलायम सिंह की पत्नी और अखिलेश की मां थीं जिन्होंने घर संभालकर पति को राजनीति के लिए पूरी आजादी दी। अखिलेश ने इन दोनों विभूतियों को याद करते हुए कहा कि इन्हीं संस्कारों के चलते वह आज इस मुकाम पर हैं, लेकिन सवाल यह है कि महिलाओं का सम्मान करने के लिए उन्हें ऐसी कोई वीरांगना या सामाजिक आंदोलन चलाने वाली क्यों नहीं देखी जो उसके परिवार से इतर हो. सपा सांसद डिंपल यादव ने भी इस मौके पर कहा कि देश को आगे बढ़ना है तो महिलाओं को आगे आना होगा। उन्होंने चिंता जताई कि नई पीढ़ी की बेटियां कुछ पीछे छूटती जा रही हैं। अखिलेश ने आगे कहा कि भारत में महिलाओं की स्थिति बहुत खराब है। अगर कैमरे अपनी जिम्मेदारी निभाएं तो सत्ता परिवर्तन अपने आप हो जाएगा। उन्होंने डायल 100 की पुरानी व्यवस्था का जिक्र करते हुए बताया कि उन्होंने जानबूझकर वहां महिलाओं को रखा था क्योंकि वे दुख और तकलीफ को बेहतर समझती हैं। आने वाले समय में रानी लक्ष्मीबाई के नाम पर नई योजना लाकर महिलाओं को और सम्मान दिया जाएगा। बहरहाल इस सच्चाई को अनदेखा नहीं किया जा सकता है कि महिलाएं उत्तर प्रदेश की राजनीति में हमेशा निर्णायक भूमिका निभाती रही हैं। 2017 के चुनाव में भाजपा ने अखिलेश सरकार के दौरान महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध को बड़ा मुद्दा बनाया था। तब एंटी रोमियो स्क्वायड जैसी पहल के साथ योगी सरकार ने इस वर्ग का विश्वास जीता। पिछले सालों में एनकाउंटर और हाफ एनकाउंटर जैसी नीतियों ने अपराधियों पर लगाम लगाई और महिलाओं को भयमुक्त माहौल देने का दावा किया गया। लेकिन अखिलेश अब कह रहे हैं कि मौजूदा समय में महिला उत्पीड़न के मामले बढ़ रहे हैं और पुलिस का राजनीतिक दुरुपयोग हो रहा है। उन्होंने लखनऊ के ग्रीन कॉरिडोर और दूसरे जिलों में घट रही घटनाओं का भी जिक्र किया जहां पुलिस पर दबाव का आरोप लगाया। उनका तर्क है कि आर्थिक मदद के साथ सुरक्षा का माहौल भी जरूरी है और यही कमी पूरी करने के लिए नारी समृद्धि योजना लाई जा रही है।

इस घोषणा का असर देखने के लिए बिहार का उदाहरण सामने है। 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव से पहले नीतीश कुमार सरकार ने महिलाओं को 10 हजार रुपये का कारोबार शुरू करने के लिए मदद देने का ऐलान किया। राशि सीधे खातों में पहुंची और महिला वोट बैंक ने एनडीए को बड़ा समर्थन दिया। यूपी में भी योगी सरकार ने बजट में महिलाओं के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं लेकिन अखिलेश ने सीधे नकद 40 हजार रुपये सालाना देने का वादा कर बड़ा दांव खेला है। सपा प्रवक्ता दीपक रंजन ने कहा कि सपा शासन में महिलाएं सुरक्षित रहीं और अब आर्थिक मजबूती से वे और मजबूत होंगी। उनका दावा है कि मौजूदा स्थिति को देखते हुए महिलाएं सपा के साथ तेजी से जुड़ रही हैं।दूसरी ओर भाजपा ने तुरंत पलटवार किया। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सपा का मतलब ही महिलाओं की सुरक्षा को खतरे में डालना है। उन्होंने याद दिलाया कि 2014 से लेकर 2022 तक हर चुनाव में आधी आबादी ने सपा को उखाड़ फेंका। 2024 में कुछ सीटें ज्यादा जीतने का श्रेय धोखे को दिया और कहा कि 2027 में सपा का पूरा सफाया होगा। मौर्य ने आगे कहा कि कोई अपना सुहाग संतान या राखी खतरे में नहीं डालेगा। सपा के पास गुंडे माफिया अपराधी और भ्रष्टाचारियों की पूरी फौज है। इसलिए सपा उत्तर प्रदेश की सुरक्षा के लिए खतरा है। दूसरे उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने और तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि सपा का हाल वही है जो सौ सौ चूहे खाकर बिल्ली हज को चली। उनके शासन में बहन बेटियां सहमी हुई थीं और नारा लगता था देख सपाई बिटिया घबराई। बहू बेटियों की आबरू लूटी जाती थी और निकलना दूभर था। वे मुंबई से डांस करने वालियां बुलाते थे और अब महिला सम्मान की बात करते हैं। पाठक ने कहा कि प्रदेश की जनता इन्हें कभी माफ नहीं करेगी।

यह विवाद यूपी की राजनीति को और तेज कर रहा है। महिला वोट बैंक हमेशा निर्णायक रहा है लेकिन सिर्फ आर्थिक वादा काफी नहीं होता। उनके प्रति नेताओं का व्यवहार भी अहम होता है। सपा को अपनी पुरानी छवि से बाहर निकलने के लिए और मेहनत करनी होगी। वहीं भाजपा अपनी कानून व्यवस्था और विकास की कहानी को और मजबूत करके पेश कर रही है। अखिलेश की यह योजना अगर लागू होती है तो लाखों गरीब महिलाओं को सीधा फायदा पहुंचेगा। लेकिन बजट का सवाल भी उठेगा। यूपी में करोड़ों महिलाएं हैं और गरीब परिवारों को टारगेट करने पर भी खर्च बड़ा होगा। फिर भी राजनीतिक तौर पर यह दांव सपा को नया जोश दे सकता है। अखिलेश यादव ने कार्यक्रम में महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आगे भी बेहतर योजनाएं लाई जाएंगी। हर बच्ची युवती और नारी को सामाजिक आर्थिक रूप से सम्मान देने के लिए स्त्री सम्मान समृद्धि योजना लाई जाएगी। उन्होंने सपा के संकल्प को दोहराया कि प्रदेश की संपूर्ण उन्नति तभी संभव है जब महिलाएं मजबूत हों। इस बीच ओम प्रकाश राजभर जैसे सहयोगी दलों ने भी कटाक्ष किया है कि ना नौ मन गेहूं होई ना राधा नाचेगी। लेकिन सपा का फोकस साफ है। वह महिला वोट को जोड़कर 2027 में वापसी का सपना देख रही है।

अब सवाल यह है कि यह वादा जमीनी स्तर पर कितना असरदार साबित होगा। महिलाएं न सिर्फ आर्थिक मदद चाहती हैं बल्कि सुरक्षा सम्मान और बेटियों की बेहतर शिक्षा भी चाहती हैं। सपा ने इन सबको जोड़ने की कोशिश की है। भाजपा की ओर से भी महिलाओं के लिए योजनाएं जारी हैं लेकिन सपा का यह सीधा नकद हस्तांतरण वाला मॉडल नया है। बिहार में कामयाब रहा तो यूपी में भी असर दिख सकता है। लेकिन इतिहास गवाह है कि कानून व्यवस्था का मुद्दा हमेशा भारी पड़ता है। 2017 में यही मुद्दा सपा की हार का बड़ा कारण बना था। अब 2027 में दोनों पार्टियां इस मोर्चे पर आमने सामने हैं।कार्यक्रम में सम्मानित महिलाओं में खेल शिक्षा चिकित्सा पर्यावरण और किसान क्षेत्र से जुड़ी महिलाएं शामिल थीं। यह दिखाता है कि सपा हर क्षेत्र की महिलाओं तक पहुंच बनाने की कोशिश कर रही है। अखिलेश ने कहा कि अगर सत्ता आई तो पहले से बेहतर काम करेंगे। उनकी पार्टी का दावा है कि महिलाएं अब बदलाव चाहती हैं और वोट के जरिए वह बदलाव लाएंगी। दूसरी तरफ भाजपा का तर्क है कि सपा का राजनीतिक सूर्य अस्त हो चुका है और 2047 तक भी उम्मीद नहीं। कुल मिलाकर, उत्तर प्रदेश की सियासत अब पूरी तरह महिला केंद्रित हो गई है। अखिलेश यादव का यह दांव 2027 के चुनावी मैदान को और रोचक बना रहा है। देखना होगा कि महिला वोट बैंक किसके पक्ष में झुकता है। क्या 40 हजार रुपये का वादा पुरानी यादों को मिटा पाएगा या कानून व्यवस्था की बात फिर भारी पड़ेगी। फिलहाल राजनीतिक पारा चढ़ा हुआ है और दोनों पक्ष अपनी रणनीति पर काम कर रहे हैं। यूपी की महिलाएं इस बार तय करेंगी कि किसकी बात पर भरोसा किया जाए। -वरिष्ठ पत्रकार

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 24 मार्च, मंगलवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2083, चैत्र शुक्लपक्ष षष्ठी, 16:10 तक, नक्षत्र : रोहिणी, 19:05 तक, योग : प्रीति, 09:07 तक, सूर्योदय: 05:42, सूर्यास्त: 17:47, चन्द्रोदय : 09:18, चन्द्रास्त: 23:34, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : मीन, चन्द्र राशि : वृषभ, राहू काल : 14:44 से 16:14

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके लिए सामान्य लेकिन प्रगति की दिशा में आगे बढ़ने वाला रहेगा। आपको अपने कामों पर पूरा ध्यान केंद्रित करना होगा, तभी मनचाहा परिणाम मिल पाएगा।

**वृष :** आज का दिन आपके लिए भाग्य का साथ देने वाला रहेगा। नौकरी करने वाले लोगों को प्रमोशन या कोई अच्छी खबर मिल सकती है, जिससे मन प्रसन्न रहेगा।

**मिथुन :** आज का दिन आपके लिए आय के नए रास्ते खोल सकता है। हालांकि जीवनसाथी की सेहत में थोड़ी गिरावट आने से आपको भागदौड़ करनी पड़ सकती है।

**कर्क :** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। यदि कोई कानूनी मामला चल रहा है तो उसमें आपको सावधानी और ध्यान से काम लेना होगा।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए मंगलमय और उत्साह से भरा रहेगा। दान-पुण्य और धार्मिक कार्यों में आपकी विशेष रुचि रहेगी, जिससे समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**कन्या :** आज का दिन आपको अपनी वाणी और व्यवहार में संयम बनाए रखने की सलाह देता है। किसी भी काम में जल्दबाजी करने से बचें और सोच-समझकर निर्णय लें।

**तुला :** आज का दिन लंबे समय से रुके हुए कार्यों को पूरा करने का अवसर लेकर आएगा। आपका कोई करीबी आपसे मिलने आ सकता है, जिससे पुरानी यादें ताजा होंगी।

**वृश्चिक :** आज का दिन आपके लिए मिला-जुला परिणाम देने वाला रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपके अनुभव का पूरा लाभ मिलेगा और कुछ नया करने की आपकी कोशिशें सफल हो सकती हैं।

**धनु :** आज का दिन आपके लिए लाभदायक साबित हो सकता है। आप अपने व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए नई योजनाएं बनाएंगे और उन्हें लागू करने की कोशिश करेंगे।

**मकर :** आज का दिन आपके लिए काफी व्यस्तता भरा रहेगा। आप अपने व्यापार के रुके हुए कामों को पूरा करने में लगे रहेंगे। परिवार के बच्चों के साथ कुछ खुशी भरे पल बिताने का मौका मिलेगा।

**कुम्भ :** आज कुंभ राशि के जातकों के भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि होने के संकेत हैं। यदि आपको किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करने का अवसर मिले तो अवश्य करें।

**मीन :** आज का दिन आपके लिए शुभ सुविधाओं और खुशियों को बढ़ाने वाला रहेगा। आपकी मधुर वाणी लोगों का दिल जीतने में मदद करेगी। कोई महत्वपूर्ण जानकारी भी प्राप्त हो सकती है।

## वर्ग पहेली नं. 3388

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | ■ | 3 | 4 | ■ | 5 | |
| | ■ | 6 | | 7 | ■ | 8 | | | ■ |
| 9 | | | ■ | 10 | | | ■ | 11 | |
| | ■ | 12 | 13 | | ■ | 14 | | | ■ |
| 15 | 16 | ■ | | ■ | 17 | | ■ | | ■ |
| 18 | | ■ | 19 | | | ■ | 20 | | 21 |
| ■ | 22 | 23 | | ■ | 24 | 25 | | ■ | |
| 26 | ■ | | ■ | 27 | | | ■ | 28 | |
| 29 | | | | | | ■ | 30 | | |

*ऊपर से नीचे:-* 1) एक त्यौहार, 2) एक पक्षी, 4) विवशतः, 5) निकटतम, 6) रोटी बेलने का पाटा, 7) शिक्षा, 13) निःसंदेह, 16) सोना, 17) सहायक, 20) राख, 21) नमी, 23) निपुण, 25) सतह, 26) बहुत, 27) मृत्यु; समाप्ति, 28) निकट.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*बायें से दायें:-* 1) संकट; बाधा, 3) पूँछ, 5) छोटी बस्ती, 6) गाँजा, 8) विषाक्त, 9) मुसाफ़िर, 10) दुर्गंध, 11) *स्कूली बैग,* 12) सक्षम; अर्हतासंपन्न, 14) के बिना, 15) संशय, 17) इच्छा; दिल, 18) एक राशि, 19) रुपया-पैसा, 20) व्यक्तिगत, 22) मेहराब, 24) ठकठक *(द्वार पर)*, 27) जलता कोयला, 28) कुकर्म , 29) बिखरा हुआ, 30) बैठक.

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्र | श्न | ■ | ख्या | ■ | स | म | झ | ■ | क |
| वा | ■ | न | दा | र | द | ■ | ख | र्ची | ला |
| ह | रा | मी | ■ | मे | न | का | ■ | ■ | वं |
| ■ | घ | ■ | अं | श | ■ | रो | मां | चि | त |
| अ | व | सा | द | ■ | लं | बा | ■ | ल | ■ |
| धू | ■ | ■ | रू | ढ़ | ■ | र | स | म | य |
| रा | ह | ज | नी | ■ | बे | ■ | ह | ■ | था |
| ■ | टा | ■ | ■ | श | ल | ग | म | ■ | व |
| अ | ना | व | श्य | क | ■ | ■ | ति | ब्ब | त |

## सुडोकू-पहेली-3346

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | | | 7 | | | | |
| 1 | | | 4 | | 6 | | | |
| | | | | | | | | 7 |
| | | 4 | | | 9 | | | |
| | | 7 | | | | 4 | 5 | |
| 6 | | 8 | 3 | | | | | |
| | | | | 9 | 2 | 1 | | 5 |
| | | | 7 | 5 | | | 8 | 6 |
| | | | 8 | | | | | 9 |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3345 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 1 | 5 | 2 | 4 | 7 | 9 | 8 |
| 8 | 2 | 7 | 3 | 9 | 6 | 5 | 1 | 4 |
| 9 | 4 | 5 | 7 | 1 | 8 | 2 | 3 | 6 |
| 4 | 9 | 3 | 8 | 5 | 2 | 1 | 6 | 7 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 7 | 9 | 3 | 8 | 5 |
| 5 | 7 | 8 | 1 | 6 | 3 | 4 | 2 | 9 |
| 3 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 9 | 7 | 2 |
| 1 | 8 | 2 | 9 | 4 | 7 | 6 | 5 | 3 |
| 7 | 6 | 9 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 1 |

# विधानसभा चुनाव : 181 करोड़ रुपये की नकदी, शराब और मादक पदार्थ जब्त

❑ तीन लाख से अधिक पोस्टर–बैनर हटाए

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य की सभी 294 विधानसभा सीटों पर आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) का कड़ाई से पालन कराया जा रहा है और इसके तहत अब तक 181 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी, शराब, मादक पदार्थ और अन्य सामग्री जब्त की जा चुकी है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, अवैध राजनीतिक विज्ञापनों को हटाने के लिए भी व्यापक अभियान चलाया गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) कार्यालय द्वारा जारी बयान में कहा गया कि सभी जिलों में सार्वजनिक और निजी संपत्तियों पर लगाए गए अवैध पोस्टर और अन्य प्रचार सामग्रियों को हटाया गया है। बयान के मुताबिक, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की कुल 3,11,829 घटनाएं और निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की 19,901 घटनाएं सामने आई हैं, जबकि इस संबंध में विभिन्न जिलों में 3,58,986 मामले दर्ज किए गए हैं। निर्वाचन आयोग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि राज्य भर में इस बात की कड़ी निगरानी रखी जा रही है कि आदर्श आचार संहिता का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाए।



अधिकारियों ने बताया कि शिकायतों पर कार्रवाई करने और नकदी तथा अन्य सामग्रियों के अवैध परिवहन की जांच करने के लिए 1,800 से अधिक उड़न दस्ते (एफएसटी) और 2,200 से अधिक स्थैतिक निगरानी टीम (एसएसटी) तैनात की गई हैं। उन्होंने बताया कि कानून व्यवस्था के मोर्चे पर, कोलकाता पुलिस ने केंद्रीय बलों के साथ मिलकर बड़ानगर और कालीघाट में हुई घटनाओं में हस्तक्षेप किया, ताकि तनाव को बढ़ने से रोका जा सके और शांति व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके। बयान में कहा गया है कि पुलिस ने आपराधिक धमकी और मतदाता को धमकाने से संबंधित मामलों में भी गिरफ्तारियां की हैं, जबकि गहन निगरानी के तहत बिना लाइसेंस वाले हथियार और विस्फोटक जब्त किए गए हैं।

# मंगलवार से ममता बनर्जी का ताबड़तोड़ चुनाव प्रचार, उत्तर और दक्षिण बंगाल में सप्ताहभर दौरा

**कोलकाता :** विधानसभा चुनाव को लेकर ममता बनर्जी मंगलवार 24 मार्च से राज्यभर में अपने चुनावी प्रचार अभियान की शुरुआत करने जा रही हैं। खराब मौसम के कारण शुरुआती कार्यक्रम में बदलाव के बाद अब नया विस्तृत कार्यक्रम जारी किया गया है।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, मुख्यमंत्री 24 मार्च को उत्तर बंगाल के जलपाईगुड़ी पहुंचेंगी और चालसा स्थित ज्योति आश्रम कैथोलिक चर्च में एक बैठक करेंगी। उसी दिन चालसा में रात्रि विश्राम के बाद 25 मार्च को तीन जनसभाएं करेंगी। पहली सभा मयनागुड़ी में होगी, इसके बाद सिलीगुड़ी के डाबग्राम–फुलबाड़ी और माटीगाड़ा–नक्सलबाड़ी क्षेत्रों में पार्टी उम्मीदवारों के समर्थन में प्रचार करेंगी।

उत्तर बंगाल में प्रचार समाप्त करने के बाद ममता बनर्जी दक्षिण बंगाल का रुख करेंगी। 26 मार्च को वह सिलीगुड़ी से हवाई मार्ग से अंडाल पहुंचकर पश्चिम बर्धमान के पांडवेश्वर में सभा करेंगी। उसी दिन बीरभूम के दुबराजपुर में भी जनसभा प्रस्तावित है।

27 मार्च को बांकुड़ा जिले के छातना और ओंदा में सभाएं होंगी। 28 मार्च को पश्चिम बर्धमान के रानीगंज और पुरुलिया के रघुनाथपुर व काशीपुर में कार्यक्रम तय हैं। 29 मार्च को पुरुलिया के मानबाजार और बांकुड़ा के रायपुर में भी वह जनसभाएं करेंगी।

इसके बाद 30 मार्च से दो मिदनापुर जिलों में प्रचार शुरू होगा। 30 मार्च को पांशकुड़ा पश्चिम, देबरा और नारायणगढ़ में सभाएं होंगी, जबकि 31 मार्च को चंद्रकोणा, गढ़बेता और बिष्णुपुर में प्रचार कार्यक्रम निर्धारित है।

राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, ममता बनर्जी का यह व्यापक दौरा चुनाव से पहले संगठन को मजबूत करने और मतदाताओं तक सीधे पहुंच बनाने की रणनीति का हिस्सा है।

**नई दिल्ली – हावड़ा – नई दिल्ली स्पेशल ट्रेन**

**शुद्धिपत्र**

इस समाचार पत्र में 04052/04051 नई दिल्ली-हावड़ा-नई दिल्ली स्पेशल ट्रेन के आवागमन के संबंध दिनांक 22.03.2026 को प्रकाशित ऊपर शीर्षक वाले विज्ञापन के संदर्भ में, यह सूचित किया जाता है कि 04051 के लिए **हावड़ा** से आवागमन की तिथि/दिन को 25.03.2025 के स्थान पर 25.03.2026 **(बुधवार)** पढ़ा जाएगा।

पूर्व रेलवे

# 'हर फैसले के पीछे होती हैं कई वजहें', अधिकारियों के तबादले पर हाई कोर्ट में चुनाव आयोग की दो टूक

❑ निर्वाचन आयोग ने जनहित याचिका की स्वीकार्यता पर उठाया सवाल

❑ राज्य सरकार ने आयोग के अधिकार क्षेत्र पर सवाल उठाए

**कोलकाता, समाज्ञा :** निर्वाचन आयोग ने विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद उसके द्वारा कई अधिकारियों का तबादला किए जाने के खिलाफ कलकत्ता उच्च न्यायालय में दाखिल जनहित याचिका की स्वीकार्यता पर सोमवार को सवाल उठाया। जनहित याचिका दाखिल करने वाले याचिकाकर्ता अर्क कुमार नाग पेशे से वकील हैं। उन्होंने दावा किया है कि 15 मार्च को विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद से निर्वाचन आयोग ने 63 पुलिस अधिकारियों और 16 प्रशासनिक अधिकारियों सहित कुल




79 वरिष्ठ अधिकारियों का तबादला किया है। मुख्य न्यायाधीश सुजॉय पॉल की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष याचिकाकर्ता ने दावा किया कि मुख्य सचिव और गृह सचिव सहित अन्य शीर्ष अधिकारियों के तबादलों से राज्य की शासन व्यवस्था में एक शून्यता पैदा हो गई है। याचिकाकर्ता का पक्ष रखने के लिए पीठ के समक्ष पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कल्याण बनर्जी ने दावा किया कि निर्वाचन आयोग मनमाने ढंग से काम कर रहा है और राज्य में चुनाव कराने से पहले अपनी पसंद के अधिकारियों को नियुक्त कर रहा है। राज्य सरकार की ओर से पेश हुए महाधिवक्ता किशोर दत्ता ने याचिकाकर्ता की दलीलों का समर्थन किया। मामले की सुनवाई कर रही पीठ में मुख्य न्यायाधीश के साथ न्यायमूर्ति पार्थ सारथी सेन भी शामिल हैं। निर्वाचन आयोग का पक्ष रखने के लिए पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता डी.एस. नायडू ने कहा कि आयोग की शक्तियां कानून प्रदत्त हैं और उसका पवित्र कर्तव्य स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराना है। उन्होंने जनहित याचिका के रूप में अर्जी की स्वीकार्यता पर सवाल उठाते हुए दलील दी कि याचिकाकर्ता एक पूर्णकालिक सरकारी वकील हैं और इसलिए जनहित याचिका दायर करने के दौरान वह स्वयं के जनता का हितैषी होने का दावा नहीं कर सकते। नायडू ने राज्य के साथ भेदभाव करने के याचिकाकर्ता के दावे का खंडन करते हुए दलील दी कि उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश और झारखंड में भी विधानसभा चुनावों के दौरान कई अधिकारियों के तबादले किए गए थे। उन्होंने तबादलों के कारण राज्य में शासन व्यवस्था में किसी प्रकार की शून्यता पैदा होने के दावे का भी खंडन करते हुए कहा कि अधिकारी भले ही बदल जाएं, लेकिन पद वही रहते हैं और शासन प्रक्रिया पहले की तरह ही चलती रहती है। अदालत ने इस मामले की सुनवाई बुधवार तक के लिए स्थगित कर दी। उस दिन पक्षकार आगे की दलीलें पेश करेंगे।

# मुख्य चुनाव अधिकारी ने न्यायाधिकरण के बुनियादी ढांचे को लेकर मुख्य सचिव को लिखा पत्र

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) मनोज कुमार अग्रवाल ने न्यायाधिकरण के गठन के कुछ दिनों बाद मुख्य सचिव को पत्र लिखकर न्यायाधिकरण में मामलों की सुनवाई के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे को जल्द तैयार करने का आग्रह किया है। सीईओ कार्यालय के सूत्रों ने बताया कि मनोज अग्रवाल ने अपने पत्र में कोलकाता और जिलों में उपयुक्त भवनों की व्यवस्था करने के साथ-साथ आवश्यक सुविधाओं का उल्लेख किया है, ताकि बिना किसी देरी के न्यायाधिकरण का संचालन शुरू किया जा सके। आयोग के सूत्रों ने खुलासा किया कि इस संदेश में विशेष रूप से अधिकारियों को जिलों में उपयुक्त परिसरों की पहचान करने का निर्देश



दिया गया है, ताकि जनता के लिए वहां पहुंचना आसान हो। इस प्रक्रिया में तेजी लाने और जमीनी तैयारी को जल्द से जल्द पूरा करने के स्पष्ट निर्देश दिये गये हैं। इसके अतिरिक्त, सीईओ ने यह भी उल्लेख किया है कि इन न्यायाधिकरण की अध्यक्षता करने वाले पूर्व न्यायाधीशों की सहायता के लिए पर्याप्त कर्मी और प्रशासनिक अधिकारियों का प्रावधान होना चाहिए।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं.: डीएल_रिपेयर_सीएबी_एसी_170_आरटी, दिनांक: 18.03.2026,** वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर (लोको), पूर्व रेलवे, हावड़ा मंडल, नई डीआरएम बिल्डिंग, 4थी मंजिल, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निविदा सं. डीएल_रिपेयर_सीएबी_एसी_170_आरटी के प्रतिपक्ष निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** 01 (एक) वर्ष की अवधि के लिए 11 एचएचपी लोकोमोटिव हेतु हावड़ा डीजल शेड के एचएचपी लोको के सीएबी एसी के सर्विस चार्ज के साथ एक बार के लिए मरम्मत, मात्रा: 22 यूनिट। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 9,33,233.89, **बयाना राशि:** रु. 18,700/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु. 0.00, **समापन अवधि:** 12 माह। **प्रस्ताव की वैधता:** 60 दिन। **बोली प्रणाली:** एकल पैकेट प्रणाली। **निविदा अपलोड करने की तिथि और समय:** दिनांक 17.03.2026 को 18.05 बजे। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** दिनांक 25.03.2026, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 08.04.2026 को 14.00 बजे। विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

HWH-709/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं.: टीआरएस/एचडब्ल्यूएच/10/ओटी/183, दिनांक 20.03.2026,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टीआरएस), बामनगाछी, पूर्व रेलवे, हावड़ा-711106 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निविदाकारों से ई-निविदा प्रपत्र के माध्यम से निम्नलिखित ई-निविदा (टीआरएस/एचडब्ल्यूएच/10/ओटी/183) आमंत्रित की जाती है: **कार्य का विवरण:** ''पिट लाइटिंग के लिए मोशन सेंसर के साथ 1X10 वॉट एलईडी बल्क हेड फिटिंग, डीबी वायरिंग के साथ एमसीबी (10ए) जो 2.5 वर्ग मिमी सीयू-केबल और 10 मिमी जीआई कंड्यूट के साथ है''। **अनुमानित मूल्य:** रु.12,57,880/- **बोली प्रतिभूति:** रु. 25,200/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** शून्य। **समापन अवधि:** 30 दिन। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 13.04.2026 को 15.00 बजे। ई-निविदा का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। इच्छुक/योग्य फर्मों से अनुरोध है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। किसी भी संशोधन को यहाँ दी गई वेबसाइट अर्थात **www.ireps.gov.in** पर प्रकाशित किया जाएगा। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा।

HWH-707/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# चुनाव से पहले बंगाल में और 300 कंपनियां केंद्रीय बल की तैनाती

## कुल संख्या 2400 तक पहुंचेगी

**कोलकाता :** विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए निर्वाचन आयोग ने बड़ा कदम उठाया है। राज्य में पहले से तैनात केंद्रीय बलों के अलावा अब और 300 कंपनियां भेजी जा रही हैं।

आयोग सूत्रों के अनुसार, इस बार पश्चिम बंगाल में कुल मिलाकर लगभग 2400 कंपनियां केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की तैनाती की जाएगी। चुनाव से पहले ही अभूतपूर्व संख्या में बलों की मौजूदगी सुनिश्चित की जा रही है।

बताया गया है कि इसी महीने की शुरुआत में ही 480 कंपनियां राज्य में तैनात की जा चुकी हैं। इसके अलावा 31 मार्च तक और 300 कंपनियां पहुंचने की संभावना है। इसके बाद चरणबद्ध तरीके से शेष बलों की तैनाती की जाएगी।

आयोग का मानना है कि भारी संख्या में केंद्रीय बलों की मौजूदगी से मतदान के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने, संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा बढ़ाने और मतदाताओं में विश्वास कायम करने में मदद मिलेगी।

राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, इस बार दो चरणों में होने वाले चुनाव को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को पहले से ज्यादा सख्त किया जा रहा है, ताकि किसी भी तरह की अशांति या हिंसा को रोका जा सके।

# चुनाव से पहले कांग्रेस को बड़ा झटका, चार बार के पार्षद संतोष पाठक भाजपा में शामिल

❑ चौरंगी विधानसभा सीट से लड़ सकते है चुनाव

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा चुनावों से पहले कांग्रेस को एक बड़ा झटका देते हुए, कोलकाता की राजनीति के दिग्गज चेहरे और चार बार के पार्षद संतोष पाठक सोमवार को औपचारिक रूप से भाजपा में शामिल हो गए। साल्टलेक स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान संतोष पाठक ने भाजपा का दामन थामा। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य, त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री व सांसद बिप्लब देब, केंद्रीय नेता अमित मालवीय और प्रदेश महासचिव लॉकेट चटर्जी उपस्थित रहे। भाजपा के नेताओं ने संतोष पाठक को पार्टी का झंडा थमाकर उनका स्वागत किया। शमिक भट्टाचार्य ने उनका स्वागत करते हुए कहा कि सिद्धांत और विचारधारा की



राजनीति करने वाले व्यक्तित्व का साथ आना यह दर्शाता है कि बंगाल में बदलाव की लहर तेज हो चुकी है। भट्टाचार्य ने वर्तमान राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि आज पूरा बंगाल तृणमूल कांग्रेस रूपी अव्यवस्था से मुक्ति चाहता है और भाजपा ही राज्य में एकमात्र सशक्त विकल्प है। संतोष पाठक का अनुभव आगामी दिनों में संगठन को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। संतोष पाठक वार्ड 45 से लगातार 4 बार के पार्षद हैं। इलाके में उनकी मजबूत पकड़ और सांगठनिक कौशल को देखते हुए भाजपा उन्हें कोलकाता की किसी महत्वपूर्ण विधानसभा सीट से चुनावी मैदान में उतार सकती है। पार्टी में शामिल होने के बाद, संतोष पाठक ने कहा कि वे जीवन के अंत तक भाजपा में रहेंगे।

## ममता ने शहीद दिवस पर भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को दी श्रद्धांजलि

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को शहीद दिवस के अवसर पर स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा कि शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव थापर को उनकी शहादत की बरसी पर नमन करती हूं। उन्होंने लिखा कि उनका साहस हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों की आधारशिला है। इस शहीद दिवस पर हम न्याय और स्वतंत्रता के उन आदर्शों को कायम रखने का संकल्प लेते हैं, जिनके लिए उन्होंने संघर्ष किया। उनका बलिदान कभी भुलाया नहीं जाएगा। जय हिंद!

## शुभेंदु अधिकारी को हाई कोर्ट से अंतरिम राहत, 12 सप्ताह तक किसी भी दंडात्मक कार्रवाई पर रोक

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता उच्च न्यायालय की एकल पीठ ने सोमवार को विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी को उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी मामले में बड़ी राहत देते हुए किसी भी प्रकार की दंडात्मक पुलिस कार्रवाई से अंतरिम संरक्षण प्रदान किया है। न्यायमूर्ति अजय कुमार मुखर्जी की एकल पीठ ने यह अंतरिम राहत 12 सप्ताह के लिए प्रदान की है और निर्देश दिया है कि अगली सुनवाई तक पुलिस उनके खिलाफ गिरफ्तारी सहित कोई भी कठोर कदम नहीं उठाएगी। मामले की अगली सुनवाई जुलाई में होने की संभावना है। उल्लेखनीय है कि खड़दह थाने में शुभेंदु अधिकारी के खिलाफ 29 दिसंबर, 2020 को आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में स्वतः संज्ञान लेते हुए प्राथमिकी दर्ज की गई थी। चुनाव से पहले किसी संभावित कार्रवाई से बचने के लिए उन्होंने इस शिकायत को निरस्त करने की मांग करते हुए उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना संख्या ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-45-25, दिनांक 19.03.2026,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (क.वि.), पूर्व रेलवे, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नवर्णित कार्य के लिए निविदा सं. ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-45-25 के प्रतिपक्ष ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम एवं स्थान** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल के तहत ओएचई पावर सप्लाई एवं समग्र सुरक्षा की विश्वसनीयता बढ़ाने के लिए रेट्रो रिफ्लेक्टिव नंबर प्लेट की आपूर्ति एवं स्थापना। **कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 4,39,60,458.72, **बयाना राशि/बोली सुरक्षा जमा की जानी है:** रु. 3,69,800/-, **निविदा प्रपत्र की लागत :** शून्य। **कार्य समाप्ति की अवधि:** एलओए जारी करने की तिथि से 18 (अठारह) माह। **निविदा समापन तिथि और समय:** दिनांक 10.04.2026 को 15.00 बजे। **निविदा का खुलना:** निविदा के बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोली जाएगी। निविदाकार निविदा के संपूर्ण विवरण/वर्णन/ विनिर्देश के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

HWH-705/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना संख्या ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-44-25, दिनांक 19.03.2026,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (क.वि.), पूर्व रेलवे, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नवर्णित कार्य के लिए निविदा सं. ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-44-25 के प्रतिपक्ष ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम एवं स्थान :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल के तहत आइसोलेटेड सेक्शन में प्रवेश करने वाली ट्रेन की सुरक्षा हेतु स्टॉप सिग्नल के बाद इंसुलेटेड ओवरलैप के स्थानांतरण के संबंध में 25 केवी ओएचई कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत:** रु.1,89,07,411.70, **बयाना राशि/बोली सुरक्षा जमा की जानी है:** रु. 2,44,500/- **निविदा प्रपत्र की लागत:** शून्य। **कार्य समाप्ति की अवधि:** एलओए जारी करने की तिथि से 06 (छह) माह। **निविदा समापन तिथि और समय:** दिनांक 10.04.2026 को 15.00 बजे। **निविदा का खुलना:** निविदा के बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोली जाएगी। निविदाकार निविदा के संपूर्ण विवरण/वर्णन/ विनिर्देश के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

HWH-704/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**चार जोड़ी ट्रेनों का बरकाकाना स्टेशन के स्थान पर राँची रोड स्टेशन में अस्थाई ठहराव**

नीचे उल्लेखित चार जोड़ी ट्रेनें अस्थाई तौर पर **3 महीने के लिए** बरकाकाना स्टेशन के स्थान पर **राँची रोड** स्टेशन में निम्नानुसार ठहरेंगी:-

| ट्रेन सं. एवं नाम | रांची रोड में समय-सूची | | ठहराव से प्रभावी |
|---|---|---|---|
| | आगमन | प्रस्थान | |
| 19607 कोलकाता-मदार जंक्शन एक्सप्रेस | 20.00 | 20.05 | 22.05.2026 |
| 19608 मदार जंक्शन-कोलकाता एक्सप्रेस | 06.50 | 06.55 | 26.05.2026 |
| 19413 अहमदाबाद-कोलकाता साप्ताहिक एक्सप्रेस | 06.50 | 06.55 | 21.05.2026 |
| 19414 कोलकाता-अहमदाबाद साप्ताहिक एक्सप्रेस | 20.00 | 20.05 | 24.05.2026 |
| 13025 हावड़ा-भोपाल साप्ताहिक एक्सप्रेस | 19.10 | 19.15 | 26.05.2026 |
| 13026 भोपाल-हावड़ा साप्ताहिक एक्सप्रेस | 06.50 | 06.55 | 21.05.2026 |
| 11447 जबलपुर-हावड़ा शक्तिपुंज एक्सप्रेस | 13.50 | 13.55 | 21.05.2026 |
| 11448 हावड़ा-जबलपुर शक्तिपुंज एक्सप्रेस | 20.30 | 20.35 | 21.05.2026 |

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक

पूर्व रेलवे

हमें अनुसरण करें @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# भाजपा ने दुर्गापुर से तेज किया जनसंपर्क अभियान, शीर्ष नेतृत्व ने संभाली कमान



**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने दुर्गापुर में आयोजित एक उच्चस्तरीय संगठनात्मक बैठक के बाद पुरुलिया-बिभाग में अपने चुनावी अभियान को तेज करने की घोषणा की है। पार्टी नेताओं ने कहा कि क्षेत्र में वर्षों से जारी कथित अव्यवस्था और भ्रष्टाचार के खिलाफ अब जमीनी स्तर पर व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। बैठक में भाजपा के पश्चिम बंगाल प्रभारी सुनील बंसल, केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव तथा राज्यसभा सांसद और पश्चिम बंगाल भाजपा अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। पार्टी के अनुसार अब बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने, घर-घर संपर्क अभियान चलाने और न्यू पुरुलिया के विकास के संदेश को हर घर तक पहुंचाने की रणनीति बनाई गई है।भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि राज्य की ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस सरकार के शासन में पुरुलिया क्षेत्र में भ्रष्टाचार और कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ी है। पार्टी ने अनुसूचित जनजाति की जमीनों पर कथित अवैध कब्जे, फर्जी जाति प्रमाणपत्र के जरिए युवाओं से नौकरियां छीने जाने और 2016 के भर्ती घोटाले के कारण शिक्षा व्यवस्था प्रभावित होने का आरोप लगाया। पार्टी नेताओं के मुताबिक ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाएं भी प्रभावित हुई हैं और कई स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टरों की कमी है। साथ ही आवास योजना में 'कट मनी' संस्कृति तथा नौकरी दिलाने के नाम पर कथित ठगी के मामलों को भी उन्होंने प्रशासनिक लापरवाही का उदाहरण बताया।भाजपा का कहना है कि वह क्षेत्र में विकास, पारदर्शिता और जनकल्याण योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के जरिए लोगों का विश्वास बहाल करना चाहती है। पार्टी ने दावा किया कि आयोध्या हिल्स और जंगलमहल क्षेत्र में वास्तविक विकास और जनकल्याण सुनिश्चित करने के लिए अभियान चलाया जाएगा।

# विधानसभा चुनाव : वाम मोर्चा के 15 उम्मीदवारों की तीसरी सूची जारी



**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा चुनाव के लिए वाम मोर्चा ने अपने 15 उम्मीदवारों की तीसरी सूची जारी कर दी है। सोमवार की शाम जारी की गयी सूची में सबसे ज्यादा भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) यानी सीपीएम के उम्मीदवार हैं। इस सूची में लेफ्ट फ्रंट के सहयोगी दलों में शामिल ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक (एआईएफबी) को एक सीट पर चुनाव लड़ने का मौका दिया गया है। फॉरवर्ड ब्लॉक के टिकट पर सिताई (एससी) सीट पर अरुण कुमार वर्मा चुनाव लड़ेंगे। लेफ्ट फ्रंट ने अब तक कुल 239 उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। पहले चरण में 192, दूसरे चरण में 32 और तीसरे चरण में 15 उम्मीदवारों की घोषणा की। सोमवार को वामदलों ने अलीपुरदुआर, चोपड़ा, इस्लामपुर, लालगोला, हरिहरपाड़ा, हरिणघाटा, भाटपाड़ा, फलता, इंटाली, श्यामपुकुर, बागनान, चंद्रकोना (एससी), गड़बेता और सालतोरा (एससी) विधानसभा सीट पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं।

# विधानसभा चुनाव : आईएसएफ ने 23 सीटों पर उम्मीदवार किया घोषित

❑ कैनिंग पूर्व से आराबुल इस्लाम और भांगड़ से नौशाद सिद्दीकी मैदान में

**कोलकाता, समाज्ञा :** ऑल इंडिया सेक्युलर फ्रंट (आईएसएफ) ने विधानसभा चुनाव के लिए 23 सीटों पर अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। पार्टी अध्यक्ष नौशाद सिद्दीकी ने सोमवार को उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। घोषित सूची के अनुसार, हाल ही में तृणमूल कांग्रेस छोड़कर आईएसएफ में शामिल हुए आराबुल इस्लाम को कैनिंग पूर्व सीट से उम्मीदवार बनाया गया है। वहीं, मौजूदा विधायक नौशाद सिद्दीकी एक बार फिर भांगड़ सीट से चुनाव लड़ेंगे। आराबुल इस्लाम को टिकट




दिए जाने पर उठे सवालों का जवाब देते हुए नौशाद सिद्दीकी ने कहा कि जो लोग अतीत की गलतियों से सीखकर मुख्यधारा में आना चाहते हैं, उन्हें मौका मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज के भटके हुए लोगों को सही दिशा में लाने की जरूरत है ताकि हिंसा और आपराधिक गतिविधियों को रोका जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी की टीम ने विभिन्न क्षेत्रों में सर्वेक्षण किया है और ऐसे लोगों को जोड़ने की कोशिश की जा रही है जिनकी छवि साफ है या जो सुधार की राह पर चलना चाहते हैं। उनका दावा है कि आईएसएफ वैकल्पिक राजनीति का मॉडल पेश करेगी।

इसके अलावा, सुजापुर से मोहम्मद करीमुल्लाह हक, पलाशीपाड़ा से सामसुर अली मलिक, चापड़ा से जाकिर मंडल, बादूरिया से मौलाना मोहम्मद कुतुबुद्दीन फातेही, अशोकनगर से तापस बंद्योपाध्याय, आमडांगा से विश्वजीत माइती, मध्यग्राम से प्रियंका बर्मन, देगंगा से मोफिदुल हक साहाजी, हरुआ से पियारुल इस्लाम, बसीरहाट उत्तर से मोहम्मद मुसा करीमुल्लाह, कुलपी से अब्दुल मालेक मोल्ला, कैनिंग पश्चिम से प्रविर मंडल, मगरहाट पश्चिम से अब्दुल अजीज अल हसन, हरिपाल से शेख मुजफ्फर अली, खानाकुल से शेख सद्दाम हुसैन, पांशकुड़ा पश्चिम से अफजल अली शाह, नंदीग्राम से मौलाना मोहम्मद शबे मिराज खान, शालबनी से पीयूष हांसदा, बाराबनी से विश्वजीत बाउरी, बोलपुर से बापी सोरेन और मुराराई से हजरत अली को उम्मीदवार बनाया गया है।

कुछ सीटों जैसे पांशकुड़ा पश्चिम, नंदीग्राम और मुराराई में वाम दलों के उम्मीदवारों के साथ तालमेल को लेकर अभी बातचीत जारी है। पार्टी नेतृत्व ने उम्मीद जताई है कि अगले कुछ दिनों में इस पर अंतिम फैसला हो जाएगा। आईएसएफ ने यह भी स्पष्ट किया है कि पार्टी प्रमुख नौशाद सिद्दीकी सभी उम्मीदवारों के समर्थन में चुनाव प्रचार करेंगे।

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥
www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
▪ MATRIMONIAL ▪ PROPERTY ▪ RECRUITMENT
▪ EDUCATION ▪ NAME CHANGE ▪ PUBLIC NOTICE
▪ OBITUARY ▪ REMEMBRANCE ▪ DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | samagya.in
230, C. R. Ave, 3rd Floor, Kolkata-700 006, Contact : 7044444522, 7044444527

# 'सड़क पर उठाकर पटक दूंगा', खड़गपुर में दिलीप घोष ने आईसी को दी खुली चेतावनी

**पश्चिम मेदिनीपुर :** खड़गपुर सदर विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता दिलीप घोष ने पुलिस प्रशासन पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने खड़गपुर टाउन थाने के आईसी को संबोधित करते हुए बेहद विस्फोटक और विवादास्पद बयान दिया, जिसके बाद सियासी गलियारों में हलचल मच गई है। सोमवार को खड़गपुर टाउन में दिलीप घोष एक चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने स्थानीय पुलिस पर तृणमूल कांग्रेस के इशारे पर काम करने का आरोप लगाया। दिलीप घोष ने मंच से पुलिस को



खुली चेतावनी देते हुए कहा कि यहां के आईसी हमारे कार्यकर्ताओं को थाने उठाकर ले जा रहे हैं और उन पर दबाव बना रहे हैं कि तृणमूल के साथ काम करें, नहीं तो चार तारीख के बाद गोली मार दी जाएगी। पुलिस की कथित दादागिरी पर भड़कते हुए दिलीप घोष ने कहा कि तेरे बाप की गोली है क्या? कितनी गोली है तेरे पास? गोली देखी है? आवाज से ही पैंट गीली हो जाएगी। तुम दिलीप घोष को गोली दिखा रहे हो? सड़क पर पकड़कर उठाऊंगा और पटक दूंगा। उन्होंने आगे कहा कि मैंने खड़गपुर में बड़े-बड़े गुंडों को देखा है उनकी आंख में आंख डालकर बात की है। घोष ने आरोप लगाया कि तृणमूल नेता गुंडा-माफियाओं की चापलूसी करके जीत हासिल करते हैं और आज भी उनके साथ चल रहे हैं। उन्होंने चुनौती दी कि सीना चौड़ा करके रहूंगा, देखते हैं कितनी बंदूकें हैं। यह दादागिरी हमें मत दिखाइए। दिलीप घोष ने खड़गपुर की जनता का जिक्र करते हुए कहा कि उन्हें यहां की जनता ने इसलिए जिताया था कि उन्होंने सभी गुंडों का हिसाब बराबर किया था, और आगे भी ऐसा ही हिसाब करेंगे कि कोई आंख भी मिला नहीं पाएगा।

## भारत 2047 में विज्ञान और अनुसंधान के क्षेत्र में करेगा दुनिया का नेतृत्व : आर.एन. रवि

❑ राज्यपाल ने कलकत्ता विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में की शिरकत

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्यपाल आर एन रवि ने सोमवार को कहा कि भारत 2047 में विज्ञान, अनुसंधान एवं बौद्धिक अधिकारों के क्षेत्र में विश्व का अग्रणी देश बन जाएगा तथा समृद्ध सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विरासत वाला बंगाल इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। रवि ने यहां कलकत्ता विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि 2,000 वर्षों तक भारत ज्ञान, अनुसंधान, चिकित्सा और संस्कृति के क्षेत्र में विश्व में पहले स्थान पर रहा, लेकिन 19वीं शताब्दी से ही अन्य देशों से पिछड़ते हुए इसकी रैंकिंग में गिरावट आई है। उन्होंने कहा कि सदियों से हम एक समृद्ध सभ्यता रहे हैं। जब अमेरिका और इंग्लैंड का अस्तित्व नहीं था, तब भारत 2000 वर्षों तक एक शक्तिशाली देश था। रवि ने कहा कि 15 अगस्त 2047 तक भारत फिर से विश्व में शीर्ष स्थान प्राप्त करेगा। उन्होंने स्नातक और शोधार्थियों से आह्वान किया कि उस दिन वे स्वयं से पूछें कि देश की इस यात्रा में उनका क्या योगदान रहा। रवि ने कहा कि देश इस समय परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है और इस यात्रा में विश्वविद्यालयों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में इस परिवर्तन




की प्रक्रिया तेज हुई है और कलकत्ता विश्वविद्यालय को भी इस दिशा में खुद को आगे बढ़ाना चाहिए। बंगाल का जिक्र करते हुए रवि ने इसे बंकिम चंद्र चटर्जी की भूमि बताया, जिन्होंने राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' की रचना की थी, और रवींद्रनाथ टैगोर की भूमि बताया, जिन्होंने हमें राष्ट्रगान 'जन गण मन' का उपहार दिया था। राज्य विश्वविद्यालय के कुलाधिपति रवि ने कहा कि बंगाल स्वामी विवेकानंद की जन्मभूमि है, जिनके शिकागो भाषण ने पश्चिम में भारत के बारे में फैली गलत धारणा को दूर किया और दुनिया को इसकी समृद्ध आध्यात्मिक, ऐतिहासिक विरासत और अतीत से अवगत कराया। रवि ने श्री अरबिंदो का भी उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने स्वतंत्रता के बाद भारत के अपने गौरवशाली स्थान को पुनः प्राप्त करने की बात कही थी।

### बांकुड़ा में लॉरी की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

**बांकुड़ा :** जिले में सोमवार के तड़के हुए एक सड़क हादसे में साइकिल सवार युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान श्रीराम ढ्यांग (38) के रूप में हुई है, जो मेजिया थाना क्षेत्र के रामकृष्णपुर गांव के निवासी थे। घटना के बाद आक्रोशित स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। जानकारी के अनुसार, हादसा बांकुड़ा रानीगंज राष्ट्रीय राजमार्ग 60 पर गंगाजलघाटी थाना क्षेत्र के पालेरबांध मोड़ के पास हुआ। श्रीराम दुर्लभपुर स्थित एक निजी कारखाने में कार्यरत थे और ड्यूटी समाप्त कर सोमवार की सुबह साइकिल से घर लौट रहे थे। इसी दौरान सीमेंट से लदी एक तेज रफ्तार लॉरी ने उन्हें टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल अवस्था में स्थानीय लोगों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

## आज भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन चुनाव तैयारियों की समीक्षा के लिए आएंगे बंगाल

**कोलकाता, समाज्ञा :** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर पार्टी की तैयारियों की समीक्षा करने के लिए मंगलवार



को पश्चिम बंगाल के दो दिवसीय दौरे पर रवाना आएंगे। इस दौरे के दौरान नवीन पार्टी की डिजिटल, सोशल और जमीनी स्तर पर पहुंच को मजबूत करने के लिए राज्य इकाई के नेताओं के साथ कई 'उच्च स्तरीय रणनीतिक बैठकों' की अध्यक्षता करेंगे। भाजपा ने कहा कि नवीन आज कोलकाता में हावड़ा और हुगली जोन के नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर अपने 'मैराथन सत्रों' की शुरुआत करेंगे। भाजपा ने कहा कि बुधवार को नवीन राज्य की समृद्धि के लिए आशीर्वाद प्राप्त करने के लिये दक्षिणेश्वर काली मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगे। पार्टी ने कहा कि इसके बाद, वह साल्टलेक स्थित पार्टी के राज्य कार्यालय में भाजपा की राज्य चुनाव प्रबंधन टीम से मिलेंगे और बूथ स्तर की तैयारियों और चुनाव व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा करेंगे। भाजपा ने बताया कि नवीन पार्टी की राज्य इकाई के विभिन्न इकाइयों जिनमें महिला मोर्चा, युवा मोर्चा, अनुसूचित जाति मोर्चा, अनुसूचित जनजाति मोर्चा, अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा और धार्मिक संगठन शामिल हैं, से भी बातचीत करेंगे। पार्टी ने बताया कि बुधवार को भाजपा अध्यक्ष राज्य कार्यालय में वरिष्ठ नेताओं के साथ रणनीतिक चर्चा करेंगे।

## दो दिवसीय 41वां श्री नारायणी नमो नमो भजनोत्सव 28 मार्च से होगा शुरू

**कोलकाता, समाज्ञा :** श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उत्साह के साथ 41वां श्री नारायणी नमो नमो भजनोत्सव 28 और 29 मार्च को आयोजित किया जाएगा। दो दिवसीय यह भव्य आयोजन लेक टाउन स्थित डिविनिटी पैवेलियन (241, गोलाघाटा रोड, श्रीभूमि) में होगा। कार्यक्रम के पहले दिन शनिवार (28 मार्च) को सुबह 8 बजे गणेश पूजन के साथ आयोजन की शुरुआत होगी। इसके बाद, सुबह 8:30 बजे ज्योत प्रज्वलन किया जाएगा। सुबह 10 बजे सौरव और केशव मधुकर द्वारा श्री नारायणी चरित्र मानस (मंगल पाठ) का सामूहिक पाठ किया जाएगा। इसके उपरांत विभिन्न भजन मंडलियों के साथ निकिता शर्मा द्वारा भजनों की मधुर प्रस्तुति दी जाएगी, जिससे वातावरण भक्तिमय हो उठेगा।

इसी दिन शाम 6 बजे वृंदावन की



प्रसिद्ध रासलीला मंडली द्वारा होली उत्सव का विशेष आयोजन किया जाएगा। इसके बाद, रात 7:30 बजे अमोल शुभम पराशर और रात 8:45 बजे कुंवर तेजराज राणा अपनी भजन प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर करेंगे। भजनोत्सव के दूसरे और अंतिम दिन रविवार (29 मार्च) को सुबह 9 बजे श्याम लेक गार्डन से बांगुर एवेन्यू होते हुए डिविनिटी पैवेलियन तक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। दोपहर 1 बजे ज्योत प्रज्वलन के बाद 1:30 बजे से मूलचंद बजाज और कृष्णा यदुवंशी भजनों की प्रस्तुति देंगे। शाम 4:30 बजे महाकाल के डमरू वादकों के साथ गणगौर उत्सव, शाम 5:30 बजे श्री रामलला जन्मोत्सव और रात 10 बजे काशी के दशाश्वमेध घाट के पंडितों द्वारा भव्य महाआरती आयोजित की जाएगी।

आयोजक मनोज चांदगोठिया ने बताया कि इस भजनोत्सव का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है, जिसका उद्देश्य भक्तों को एक मंच पर जोड़कर उन्हें भक्ति रस में सराबोर करना है। इस आयोजन को सफल बनाने में विवेक रूइया, अशोक तुलस्यान, अशोक जालान, उदय जालान, मनोज तुलस्यान, अरविंद बुबना और श्याम जालान सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं।

## हाईकोर्ट जाने के बाद दिव्येंदु अधिकारी को मिला 'नो ड्यू सर्टिफिकेट'

❑ नामांकन में अब कोई बाधा नहीं

**कोलकाता :** विधानसभा चुनाव से पहले दिव्येंदु अधिकारी को बड़ी राहत मिली है। कलकत्ता हाईकोर्ट में याचिका दायर करने के बाद उन्हें 'नो ड्यू सर्टिफिकेट' मिल गया है, जिससे अब उनके नामांकन दाखिल करने का रास्ता साफ हो गया है।

एगरा विधानसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार और विपक्ष के नेता के भाई दिव्येंदु अधिकारी को पूर्व जनप्रतिनिधि होने के कारण यह प्रमाणपत्र लेना अनिवार्य था। उनके वकील बिल्वदल भट्टाचार्य ने बताया कि बिना 'नो ड्यू सर्टिफिकेट' के नामांकन में समस्या आ सकती थी, इसलिए समय रहते अदालत का दरवाजा खटखटाया गया।

सूत्रों के अनुसार, उम्मीदवार सूची घोषित होने से पहले ही दिव्येंदु ने संबंधित अधिकारियों से यह प्रमाणपत्र मांगा था, लेकिन उन्हें समय पर नहीं



मिला। इसके बाद उन्होंने 10 मार्च को हाईकोर्ट में याचिका दायर की।

मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति कृष्णा राव की अदालत में हुई, जहां राज्य सरकार की ओर से 19 मार्च को जारी 'नो ड्यू सर्टिफिकेट' की प्रति उनके वकील को सौंप दी गई। अदालत ने इस दस्तावेज को रिकॉर्ड में लेते हुए मामले का निपटारा कर दिया।

इस फैसले के बाद अब दिव्येंदु अधिकारी के लिए नामांकन दाखिल करने में कोई बाधा नहीं रह गई है।



जोड़ासांको विधानसभा केंद्र से भाजपा प्रत्याशी विजय ओझा ने चुनाव प्रचार में दिखाया अपना दम

## आरजी कर लिफ्ट हादसे में सीबीआई जांच की मांग, कलकत्ता हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर

**कोलकाता :** आर जी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में लिफ्ट हादसे में एक व्यक्ति की मौत के मामले ने अब कानूनी मोड़ ले लिया है। इस घटना की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से कराने की मांग को लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई है।

मुख्य न्यायाधीश सुजय पाल और न्यायमूर्ति पार्थ सारथी सेन की डिवीजन बेंच ने इस जनहित याचिका को स्वीकार करते हुए सुनवाई की अनुमति दे दी है। मामले की अगली सुनवाई 27 मार्च को निर्धारित की गई है।

यह याचिका समाजसेवी विजय कुमार सिंघल की ओर से उनके अधिवक्ता के माध्यम से दायर की गई। याचिका में आरोप लगाया गया है कि स्वास्थ्य संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने में गंभीर लापरवाही बरती जा रही है, जिसके कारण इस तरह की घटनाएं सामने आ रही हैं।

याचिकाकर्ता ने विशेष रूप से अस्पताल के ट्रॉमा केयर भवन में हुए लिफ्ट हादसे का उल्लेख करते हुए कहा कि इस मामले की निष्पक्ष और विस्तृत जांच के लिए इसे सीबीआई को सौंपा जाना आवश्यक है।

गौरतलब है कि हाल ही में इस अस्पताल की लिफ्ट में फंसने से दमदम निवासी एक व्यक्ति की मौत हो गई थी, जिसके बाद से पूरे मामले को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं।

## कोलकाता में रक्तदान कार्निवल में जुटे सैकड़ों लोग, 226 यूनिट रक्त संग्रहित

**कोलकाता, समाज्ञा :** सेवा, समर्पण और उत्साह से भरपूर एक सराहनीय सामाजिक पहल के तहत बीएनआई प्रूडेंट चैप्टर द्वारा रक्तदान कार्निवल/शिविर का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बीएनआई कोलकाता सीबीडीए एवं नॉर्थ रीजन के तत्वावधान में साउथ कोलकाता श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा में सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। इस कार्य में बीएनआई प्रूडेंट के सदस्यों के साथ प्रोजेक्ट लाइफ फोर्स, जेसीआई, क्यू इंडस्ट्रियल पार्क और ड्राइवर्स 4 मी का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। आयोजन के दौरान कुल 226 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया, जो जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनदायी साबित होगा।

कार्यक्रम के दौरान सेवा भावना के साथ-साथ संगीत, मनोरंजन और स्वादिष्ट व्यंजनों का भी आयोजन किया गया, जिससे पूरे माहौल में ऊर्जा, उत्साह और सकारात्मकता बनी रही। कार्यक्रम की सफलता में बीएनआई प्रूडेंट की वर्तमान लीडरशिप टीम नीना अग्रवाल, उर्मिला भट्टाचार्य, धृति चटर्जी और नंदनी गुप्ता




का विशेष योगदान रहा। वहीं, ब्लड कार्निवल कोर टीम में मनीष बैद, विशाल कोठारी, वरुण सोमानी और प्रशांत बर्दिया सहित कई सदस्यों ने अपनी मेहनत और समर्पण से आयोजन को सफल बनाया। आयोजकों ने सभी रक्तदाताओं, सहयोगियों और स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज में ऐसे प्रयास लगातार जारी रहने चाहिए, क्योंकि रक्तदान महादान है।

### फिलिप्स ने स्मार्ट कुकिंग उपकरण 'वनशेफ' किया लॉन्च

**कोलकाता, समाज्ञा :** फिलिप्स होम अप्लायंसेज ने अपना नया ऑल-इन-वन स्मार्ट कुकिंग उपकरण 'फिलिप्स वनशेफ' लॉन्च किया है। यह उपकरण खास तौर पर भारतीय घरों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है, जिससे रोजमर्रा की कुकिंग को आसान बनाया जा सके। मुंबई में आयोजित एक विशेष शेफ टेस्टिंग टेबल कार्यक्रम में इसका अनावरण प्रसिद्ध शेफ रणवीर बरार की मौजूदगी में किया गया। इस अवसर पर लाइव टेस्टिंग और इंटरएक्टिव फूड स्टेशनों के जरिए मेहमानों को भारतीय व्यंजनों के विविध स्वादों का अनुभव कराया गया। कार्यक्रम के दौरान वर्सुनी इंडिया के एमडी व सीईओ गुलबहार तौरानी और शेफ रणवीर बरार ने बताया कि आधुनिक किचन तकनीक किस तरह जटिल रेसिपीज को भी सरल बना सकती है। फिलिप्स वनशेफ में 33 स्मार्ट कुकिंग फंक्शन्स दिए गए हैं और यह एडवांस्ड एम्बीहीट तकनीक से लैस है, जो समान तापमान नियंत्रण के साथ विभिन्न व्यंजनों के अनुसार खुद को एडजस्ट करता है।

## रेलवे का स्वच्छता अभियान तेज, कूड़ा फैलाने पर होगी कार्रवाई

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने रेल यात्रा को स्वच्छ, सुरक्षित और सुखद बनाने के उद्देश्य से यात्रियों, विक्रेताओं और अन्य हितधारकों से रेलवे परिसर और ट्रैक को कचरा मुक्त रखने की अपील की है। रेलवे प्रशासन का कहना है कि ट्रेन के डिब्बों, प्लेटफॉर्म और रेलवे ट्रैक पर कूड़ा फेंकना न केवल गंदगी फैलाता है, बल्कि सफाई कर्मचारियों के लिए भी गंभीर खतरा पैदा करता है। रेलवे सफाई और हाउसकीपिंग कर्मचारी दिन-रात मेहनत कर प्लेटफॉर्म और ट्रैक को साफ रखने का प्रयास करते हैं, लेकिन कुछ यात्रियों और विक्रेताओं की लापरवाही से उनके प्रयास प्रभावित होते हैं। रेलवे प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि रेलवे परिसर में कूड़ा फेंकना, थूकना, पेशाब या शौच करना, कपड़े या बर्तन धोना तथा किसी भी प्रकार से गंदगी फैलाना रेलवे एक्ट के तहत दंडनीय अपराध है। ऐसे मामलों में दोषियों पर 500 रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। इन नियमों के पालन की जिम्मेदारी सुनिश्चित करने के लिए आरपीएफ और अधिकृत रेलवे कर्मचारी कार्रवाई करने के लिए अधिकृत हैं। रेलवे द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार चालू वित्त वर्ष में 1 अप्रैल 2025 से 28 फरवरी 2026 के बीच रेलवे परिसर में गंदगी फैलाने के आरोप में 6,20,905 लोगों को पकड़ा गया और उनसे कुल 1,21,59,900 रुपये का जुर्माना वसूला गया। इस संबंध में मिलिंद देउस्कर ने कहा कि रेलवे लगातार स्टेशनों और ट्रैक को स्वच्छ रखने के लिए प्रयास कर रहा है, लेकिन यह तभी संभव है जब यात्री, विक्रेता और सभी उपयोगकर्ता स्वच्छता की आदत अपनाएं। उन्होंने कहा कि रेलवे परिसर को कचरा मुक्त बनाने का यह अभियान तभी सफल होगा जब सभी लोग इसे अपनी जिम्मेदारी समझते हुए सहयोग करें और इसे जन आंदोलन का रूप दें।

# मेट्रो रेलवे में एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग पर कार्यशाला आयोजित

**कोलकाता, समाज्ञा :** मेट्रो रेलवे के आरपीएफ ने राष्ट्रीय महिला आयोग के सहयोग से रविवार को एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग विषय पर एक क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया। मेट्रो रेल भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में मेट्रो रेलवे के महाप्रबंधक शुभ्रांशु एस. मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं मानव तस्करी जैसी सामाजिक बुराई से लड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह कार्यशाला इस विषय से जुड़े मामलों में अधिकारियों और कर्मचारियों को अपने दैनिक कार्यों में अधिक स्पष्टता प्रदान करेगी। राष्ट्रीय महिला आयोग के सदस्य सचिव सुदीप जैन ने अपने मुख्य वक्तव्य में कहा कि मानव तस्करी केवल एक व्यक्ति को ही नहीं बल्कि




पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करती है। उन्होंने कहा कि यदि किसी एक बच्चे या महिला को भी इस अपराध से बचाया जाता है तो यह उस परिवार के लिए बड़ी उपलब्धि और राहत होती है।

इस कार्यशाला का उद्देश्य जागरूकता बढ़ाना, संस्थागत क्षमता को मजबूत करना और समाज के संवेदनशील वर्गों की सुरक्षा के लिए अधिकारियों को संवेदनशील बनाना था। कार्यक्रम में डब्ल्यूबीएनयूजेएस, विभिन्न गैर-सरकारी संगठनों के विशेषज्ञों तथा रेलवे सुरक्षा बल के अधिकारियों ने मानव तस्करी की पहचान, रोकथाम और समन्वित कार्रवाई की रणनीतियों पर अपने विचार साझा किए।

## न्यूज अपडेट

### किफायती फूड डिलीवरी ऐप 'टोइंग' अब कोलकाता में उपलब्ध

**कोलकाता, समाज्ञा :** किफायती फूड डिलीवरी सेवा देने वाला ऐप टोइंग अब कोलकाता में भी शुरू हो गया है। सितंबर 2025 में लॉन्च हुआ यह ऐप पिछले सात महीनों में तेजी से विस्तार करते हुए देश के 20 शहरों तक पहुंच चुका है। कंपनी के अनुसार टोइंग अपने प्लेटफॉर्म पर खाने की चीजों पर सबसे कम कीमत की गारंटी देता है और रेस्टोरेंट के मेन्यू के बराबर या उससे कम कीमत पर भोजन उपलब्ध कराता है। खास बात यह है कि ऐप पर किए गए किसी भी ऑर्डर पर कोई पैकेजिंग चार्ज या प्लेटफॉर्म फीस नहीं ली जाती। यूजर्स 99 रुपये से कम कीमत में बिरयानी, बर्गर और बाउल जैसे कई व्यंजन ऑर्डर कर सकते हैं। कोलकाता में इस प्लेटफॉर्म से अरसलान, एशियन फ्लेयर और आहारे बंगाली जैसे स्थानीय रेस्टोरेंट के साथ बर्गर किंग, सबवे और वॉव मोमो जैसे बड़े ब्रांड भी जुड़े हैं। कंपनी के चीफ बिजनेस ऑफिसर सिद्धार्थ भाकू ने बताया कि ऐप खासतौर पर जेन-जी और कॉलेज छात्रों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। छह महीनों में इसके 40 लाख से अधिक डाउनलोड हो चुके हैं।

### जेनु वैल्गम: बच्चों में सामान्य, पर गंभीर मामलों में जरूरी इलाज : डॉ. सौम्या पाइक

**कोलकाता :** डॉ. सौम्या पाइक (एमबीबीएस, एमएस ऑर्थोपेडिक्स) के अनुसार जेनु वैल्गम (नॉक नीज़) में खड़े होने पर घुटने आपस में टकराते हैं, जबकि टखने अलग रहते हैं। यह 3-5 वर्ष के बच्चों में सामान्य विकास प्रक्रिया है और 7-8 साल तक स्वतः ठीक हो जाता है।हालांकि, विटामिन डी व कैल्शियम की कमी, चोट, हड्डी रोग या मोटापे से यह गंभीर हो सकता है। लंबे समय में जोड़ों के दर्द और ऑस्टियोआर्थराइटिस का खतरा बढ़ता है। अधिकतर मामलों में इलाज की जरूरत नहीं होती, लेकिन गंभीर स्थिति में 'गाइडेड ग्रोथ' या 'ओस्टियोटॉमी' सर्जरी की सलाह दी जाती है।

### मतदाता सूची में 'विचाराधीन' दर्ज होने से दहशत, उत्तर दिनाजपुर में वोटर की हार्ट अटैक से मौत

**उत्तर दिनाजपुर :** राज्य में मतदाता सूची को लेकर जारी प्रक्रिया के बीच एक दर्दनाक घटना सामने आई है। उत्तर दिनाजपुर के गोयालपोखर इलाके में 'विचाराधीन' दर्ज होने की चिंता के बीच एक व्यक्ति की कथित तौर पर दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। मृतक की पहचान अब्दुल हादी के रूप में हुई है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, अंतिम मतदाता सूची जारी होने के बाद उनके और उनके परिवार के कुछ सदस्यों के नाम के सामने 'विचाराधीन' (अंडर स्क्रूटनी) लिखा हुआ था। इस कारण वह पिछले कुछ दिनों से काफी मानसिक तनाव और भय में थे। परिवार का आरोप है कि अतिरिक्त मतदाता सूची में नाम शामिल न होने की आशंका को लेकर वह लगातार चिंतित रहते थे। परिजनों के मुताबिक, वह अक्सर कहते थे कि यदि नाम सूची में नहीं आया तो आगे क्या होगा। इसी मानसिक दबाव के बीच सोमवार सुबह घर पर ही उन्हें अचानक दिल का दौरा पड़ा। परिवार के लोग उन्हें तुरंत अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की खबर मिलने के बाद स्थानीय पंचायत प्रधान नुरउद्दीन भी मृतक के घर पहुंचे। फिलहाल इस घटना को लेकर इलाके में चिंता और दहशत का माहौल है। प्रशासनिक स्तर पर भी पूरे मामले को लेकर चर्चा तेज हो गई है।

## तृणमूल छोड़ आईएसएफ में शामिल हुए नेता को पार्टी ने किया निष्कासित, देगंगा से बने उम्मीदवार

**कोलकाता :** विधानसभा चुनाव से पहले दल बदल की राजनीति तेज हो गई है। तृणमूल कांग्रेस के देगंगा क्षेत्र के नेता और उत्तर 24 परगना जिला परिषद सदस्य मफिदुल हक मिंटू साहाजी ने अचानक पार्टी छोड़ आईएसएफ का दामन थाम लिया और वहीं से उम्मीदवार बन गए।

सूत्रों के अनुसार, मफिदुल हक ने पहले ही सोशल मीडिया पर पार्टी उम्मीदवार के खिलाफ पोस्ट कर नाराजगी जाहिर की थी। इसके बाद उन्होंने रातों-रात तृणमूल छोड़कर आईएसएफ में शामिल होने का फैसला लिया। सोमवार को आईएसएफ की उम्मीदवार सूची में देगंगा सीट से उनका नाम सामने आते ही तृणमूल नेतृत्व ने कड़ा रुख




अपनाया।

पार्टी ने इसे अनुशासनहीनता करार देते हुए मफिदुल हक मिंटू साहाजी को तत्काल प्रभाव से निष्कासित कर दिया।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि चुनाव से ठीक पहले इस तरह के दल बदल से स्थानीय स्तर पर राजनीतिक समीकरण प्रभावित हो सकते हैं।

## भाजपा प्रवक्ता प्रो. बिमल शंकर नंदा ने राज्य के गंभीर मुद्दों पर सरकार को घेरा

**कोलकाता, समाज्ञा :** भाजपा पश्चिम बंगाल के मीडिया संयोजक एवं प्रवक्ता बिमल शंकर नंदा ने सोमवार को साल्टलेक स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में राज्य के विभिन्न मुद्दों को लेकर राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने स्वास्थ्य व्यवस्था, कानून-व्यवस्था, चुनाव प्रक्रिया और प्रशासनिक कार्यप्रणाली को लेकर कई सवाल उठाए। अपने संबोधन की शुरुआत प्रो. बिमल शंकर नंदा ने कहा कि आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में हाल की घटनाएं राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था की गंभीर स्थिति को उजागर करती हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि हाल ही में एक 40 वर्षीय व्यक्ति की लिफ्ट में फंसकर दम घुटने से मौत हो गई, जबकि एक अन्य मरीज अभिजीत सामंत की भी कथित प्रशासनिक लापरवाही के कारण



मृत्यु हो गई। उन्होंने कहा कि अस्पताल में न्यूनतम चिकित्सा सुविधाओं का भी अभाव था, यहां तक कि स्ट्रेचर और शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं थीं। उन्होंने कहा कि 72 घंटे के अंदर दो मौतों की घटनाओं के बावजूद राज्य के स्वास्थ्य मंत्री इस पर कोई स्पष्ट बयान नहीं दे रहे हैं। उनके अनुसार स्वास्थ्य ढांचे के विकास के लिए करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन कथित 'कट मनी' संस्कृति के कारण आम लोगों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है।

भाजपा प्रवक्ता ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के हालिया बयानों की भी आलोचना करते हुए कहा कि राज्य में उकसावे वाली राजनीति की जा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के कुछ बयान राज्य की सांस्कृतिक और सामाजिक मूल्यों के विपरीत हैं और इससे समाज में अशांति का माहौल बन सकता है। उन्होंने चुनाव प्रक्रिया का जिक्र करते हुए कहा कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत इलेक्शन कमिशन ऑफ इंडिया स्वतंत्र रूप से कार्य करता है। उनके अनुसार एसआईआर प्रक्रिया का उद्देश्य मतदाता सूची से मृत, डुप्लिकेट और अवैध घुसपैठियों के नाम हटाना है, लेकिन राज्य सरकार इसका विरोध कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा चुनाव आयोग के कर्मचारियों को लेकर दिए गए बयान प्रशासन पर दबाव बनाने का प्रयास हैं। प्रो. नंदा ने कहा कि राज्य सरकार अपने घोषणापत्र में 100 प्रतिशत कार्य पूरे होने का दावा कर रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर कई परियोजनाएं अधूरी हैं। उन्होंने चिंगरीघाटा में मेट्रो परियोजना के कार्य और ट्रैफिक प्रबंधन में सहयोग न मिलने का भी आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के नेतृत्व में नरेंद्र मोदी देश की ऊर्जा सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता को मजबूत करने के लिए कदम उठा रही है। भारत कई देशों से तेल और गैस आयात कर रहा है तथा किसानों को सस्ता उर्वरक उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता अब पारदर्शी प्रशासन और विकास की अपेक्षा कर रही है तथा भाजपा इन मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाएगी।

# निष्पक्ष और भयमुक्त चुनाव करवाने के लिए प्रतिबद्ध पुलिस : सुनील कुमार यादव

**हुगली :** चंदननगर पुलिस कमिश्नरेट के नए पुलिस कमिश्नर सुनील कुमार यादव ने थानों का दौरा कर चुनाव तैयारियों का लिया जायजा, शांतिपूर्ण मतदान पर जोर दिया। कमिश्नरेट के अंतर्गत आने वाले सभी थानों का क्रमवार दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था और चुनावी तैयारियों का जायजा लिया। दौरे के बाद उन्होंने रिसड़ा थाना में थाना प्रभारी संजय सरकार, डीएसपी अर्णव विश्वास और एसीपी अरविंद जी की मौजूदगी में प्रेस वार्ता आयोजित की।

प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने चुनाव आयोग द्वारा जारी 6 प्रमुख दिशा-निर्देशों की जानकारी देते हुए कहा कि इनका मुख्य उद्देश्य आगामी चुनाव को पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण बनाना है।



पुलिस कमिश्नर ने स्पष्ट किया कि चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुसार सबसे पहली प्राथमिकता भयमुक्त और निष्पक्ष चुनाव कराना है, ताकि मतदाता बिना किसी दबाव के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की धांधली या अनियमितता को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उन्होंने आगे बताया कि मतदान के दिन बूथ जाम जैसी स्थिति नहीं बनने दी जाएगी। इसके लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल और केंद्रीय बलों की तैनाती की जाएगी। साथ ही, बूथ के बाहर किसी भी प्रकार की भीड़ या अवैध जमावड़ा लगाकर मतदान प्रक्रिया को प्रभावित करने की अनुमति नहीं होगी।

आयुक्त ने कहा कि इन दिशा-निर्देशों को सख्ती से लागू करने के लिए सभी थानों में अधिकारियों को विस्तृत जानकारी दी जा रही है और पुलिस बल को अलर्ट मोड पर रखा गया है। विशेष निगरानी भी की जाएगी।

उन्होंने जोर देते हुए कहा कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य चुनाव को पूरी तरह शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और हिंसा मुक्त तरीके से संपन्न कराना है, जिससे लोकतांत्रिक प्रक्रिया में आम लोगों का विश्वास और अधिक मजबूत हो सके।

## चुनावी माहौल में शांतिपूर्ण और उत्साहपूर्ण होगा रामनवमी उत्सवः पुलिस कमिश्नर

**हुगली :** चुनावी माहौल के बीच इस वर्ष रामनवमी का त्योहार पूरे उत्साह के साथ, लेकिन सख्त सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण ढंग से मनाया जाएगा। चंदननगर पुलिस कमिश्नरेट के कमिश्नर सुनील कुमार यादव ने रिसड़ा थाने में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रशासन त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और सुरक्षा में किसी भी प्रकार की कमी नहीं रहने दी जाएगी। रामनवमी आयोजकों और श्रद्धालुओं से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि जुलूस भक्ति भाव के साथ निकाला जाए और किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक गतिविधि से बचा जाए। कमिश्नर ने स्पष्ट किया कि जुलूस के दौरान ऐसे किसी भी गाने या संगीत पर पूरी तरह रोक रहेगी, जिससे किसी धार्मिक भावना को ठेस पहुंच सकती हो। डीजे बजाने पर भी प्रतिबंध रहेगा। साथ ही, अफवाह फैलाने या माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन द्वारा सभी समुदायों के धर्मगुरुओं और समितियों के साथ समन्वय बैठकें भी की जाएंगी, ताकि आपसी सौहार्द बना रहे। कोलकाता उच्च न्यायालय के निर्देशों का पालन करते हुए जुलूस में अधिकतम 500 लोगों की ही अनुमति होगी। किसी भी प्रकार के पारंपरिक अस्त्र-शस्त्र ले जाने पर रोक रहेगी और जुलूस को शाम 6 बजे तक समाप्त करना अनिवार्य होगा। सुरक्षा के मद्देनजर पूरे जुलूस की निगरानी केंद्रीय बलों द्वारा की जाएगी। इसके अलावा रैपिड एक्शन फोर्स और अतिरिक्त पुलिस बल की भी तैनाती की जाएगी। पुलिस प्रशासन ने भरोसा जताया है कि इस बार चुनाव और रामनवमी का पर्व दोनों ही पूरी तरह शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न होंगे।

### बासंती में आग लगने से पोल्ट्री फार्म जलकर राख

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले के बासंती के चुनाखाली में सोमवार के तड़के आग लगने से एक पोल्ट्री फार्म पूरी तरह जलकर खाक हो गया। घटना चुनाखाली पंचायत के पास स्थित अपूर्व राय के पोल्ट्री फार्म में हुई। आग लगने के समय फार्म के भीतर एक हजार से अधिक मुर्गियां मौजूद थीं, जो जल गईं। स्थानीय लोगों ने आग की तेज लपटें देख बाल्टियों से पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश की। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक पूरा फार्म जल चुका था। फार्म के मालिक अपूर्व राय के मुताबिक, इस घटना में भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। प्रारंभिक अनुमान के मुताबिक, शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है, हालांकि आग लगने के सही कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है।

### डोमजुड़ में गड्ढे से युवक का शव बरामद, इलाके में सनसनी

**हावड़ा, समाज्ञा :** जिले के डोमजुड़ ब्लॉक के निश्चिंदा ग्राम पंचायत क्षेत्र में सोमवार को पानी से भरे गड्ढे से एक युवक का शव बरामद होने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। खबर लिखे जाने तक युवक की पहचान नहीं हो सकी थी। पुलिस के अनुसार, घटना देवान चक इलाके की है, जहां स्थानीय लोगों ने पानी से भरे गड्ढे में एक युवक का शव औंधे मुंह पड़ा देखा। सूचना फैलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। बताया जा रहा है कि यह गड्ढा एक व्यस्त सड़क के पास स्थित है। स्थानीय लोगों ने सड़क से कुछ दूरी पर झाड़ियों के बीच जमा पानी में युवक को पड़ा देखा, यह खबर फैलते ही इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर निश्चिंदा थाने की पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकालकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

## चुनाव ड्यूटी के लिए बस किराया बढ़ा, परिवहन विभाग ने आयोग को दी जानकारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के परिवहन विभाग ने औपचारिक रूप से चुनाव आयोग को उन बसों और वाहनों के संशोधित किराए के बारे में सूचित की है जिन्हें चुनावों के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। परिवहन विभाग के प्रधान सचिव सौमित्र मोहन ने सोमवार को चुनाव आयोग को अपडेटेड दरों की सूची सौंपी, जिसमें पिछले वर्षों की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाई गई है। यह पत्र राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) को संबोधित था और इसमें वाहन किराए की दरों के साथ-साथ अन्य नियम और शर्तें भी विस्तार से बताई गई थीं। इस बीच, निजी बस मालिकों ने अपना रुख नहीं बदला कि वे किराया न



बढ़ाए जाने पर अपने वाहन नहीं देंगे। कई बैठकों के बाद, परिवहन विभाग ने अब लिखित पत्र के माध्यम से मुख्य निर्वाचन अधिकारी को संशोधित किराया दरों की औपचारिक जानकारी दे दी है। ऑल बंगाल बस-मिनीबस समन्वय समिति के महासचिव राहुल चटर्जी ने बताया कि चुनाव संबंधी कार्यों के लिए हर साल बसों और वाहनों की मांग की जाती है। हालांकि, पश्चिम बंगाल में किराए की दरें अन्य राज्यों की तुलना में काफी कम रही हैं। पहले एक बस का किराया 2,530 रुपए था, जिसमें प्रत्येक चालक दल के सदस्य को 250 रुपए का भत्ता मिलता था। इस संदर्भ में उन्होंने कहा कि हमने बस किराए और चालक दल के सदस्यों के दैनिक भत्ते दोनों को कवर करने के लिए 10 प्रतिशत की वृद्धि की मांग की है। हमने पिछले साल अक्टूबर में परिवहन विभाग को इस मामले से अवगत कराया था। अब हमने औपचारिक रूप से यह अपील चुनाव आयोग को सौंप दी है।

## चुनाव आयोग के निर्देश पर हुगली में 22 जगहों पर सघन नाका चेकिंग, सुरक्षा व्यवस्था कड़ी

**हुगली :** आगामी विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और भयमुक्त बनाने के लिए चंदननगर पुलिस कमिश्नरेट पूरी तरह अलर्ट मोड में है। चुनाव आयोग के निर्देश पर जिले में 22 स्थानों पर सघन नाका चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

इसी कड़ी में रिसड़ा के मैत्री पथ मुहाने पर जीटी रोड पर केंद्रीय सशस्त्र बलों की मौजूदगी में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान दोपहिया और चारपहिया वाहनों को रोककर उनकी गहन तलाशी ली गई, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को पहले ही रोका जा सके।

पुलिस कमिश्नर सुनील कुमार यादव ने बताया कि हिस्ट्रीशीटर और आदतन अपराधियों के खिलाफ



कार्रवाई तेज कर दी गई है। अवैध हथियार, नशीले पदार्थ और अवैध शराब के खिलाफ लगातार छापेमारी की जा रही है। साथ ही, लाइसेंसी हथियारों को भी थानों में जमा कराने की प्रक्रिया जारी है।

चेकिंग अभियान में तैनात अधिकारी सुदीप दत्ता ने बताया कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार सभी प्रकार के वाहनों में कार, बाइक और अन्य परिवहन साधनों की सख्ती से जांच की जा रही है। यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि किसी भी वाहन के माध्यम से अवैध सामान, हथियार या बड़ी मात्रा में नगदी का परिवहन न हो।

उन्होंने यह भी कहा कि जांच के दौरान यदि किसी वाहन में निर्धारित सीमा से अधिक नगदी पाई जाती है और उसका वैध कारण प्रस्तुत नहीं किया जा सकता, तो उसे तत्काल जब्त कर लिया जाएगा। इसके अलावा अवैध लेनदेन और हथियारों की आवाजाही पर विशेष नजर रखी जा रही है।

पुलिस प्रशासन का कहना है कि यह पूरी कार्रवाई आम जनता की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए की जा रही है, ताकि चुनाव के दौरान कानून-व्यवस्था बनी रहे और किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को पहले ही रोका जा सके।

## आरजी कर अस्पताल में लापरवाही का आरोप, मरीज की मौत

- ❑ **शौचालय तक पैदल जाने को मजबूर करने का आरोप**
- ❑ **परिवार ने स्ट्रेचर न मिलने पर लापरवाही बताई**

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता में सरकारी आर. जी. कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में गंभीर हालत के बावजूद व्हीलचेयर उपलब्ध नहीं होने के कारण पैदल चलकर शौचालय जाने के लिए मजबूर किए जाने से एक मरीज की मौत हो गई। मरीज के परिजन ने यह आरोप लगाया। परिवार के अनुसार, निमता निवासी विश्वजीत सामंता (61) को सोमवार के तड़के सांस लेने में तकलीफ और नाक से खून बहने की शिकायत के बाद अस्पताल के ट्रॉमा केयर यूनिट में लाया गया था। रिश्तेदारों ने बताया कि चिकित्सकों ने शुरुआती इलाज किया और उन्हें भर्ती करने के लिए आगे की प्रक्रिया पूरी होने तक इंतजार करने को कहा। इस बीच, सामंता को शौचालय जाना था। परिजन के अनुसार, उन्हें सलाह दी गई कि वे उन्हें ट्रॉमा केयर सुविधा के बाहर स्थित एक ऐसे शौचालय में ले जाएं जहां भुगतान करके शौचालय का उपयोग किया जा सकता है। उनके बेटे ने आरोप लगाया कि बार-बार अनुरोध करने के बावजूद कोई ट्रॉली या ह्वीलचेयर उपलब्ध नहीं कराई गई और मरीज को अपनी गंभीर स्थिति के बावजूद चलने के लिए मजबूर होना पड़ा। उन्होंने दावा किया कि सामंता को भुगतान वाले शौचालय परिसर की पहली मंजिल पर ले जाया गया जहां पहुंचने से पहले ही वह अचानक गिर पड़े। उन्हें तुरंत आपातकाल विभाग ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजन ने आरोप लगाया कि ट्रॉमा केयर सुविधा में तीन शौचालय थे - एक मरीजों के लिए और दो कर्मचारियों के लिए। हालांकि, नवीनीकरण कार्य के कारण मरीजों का शौचालय बंद था जिससे उस समय मरीज के लिए कोई सुविधा उपलब्ध नहीं थी। पुलिस ने बताया कि अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है। जांच से पता चला कि मृतक बहुत ज़्यादा शराब पीता था। पोस्टमॉर्टम जांच के बाद, ऑटोप्सी सर्जन ने मौखिक रूप से यह राय दी कि मृत्यु का कारण कार्डियो-रेस्पिरेटरी फेलियर था, जो कि एक प्राकृतिक मृत्यु थी। अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक एवं उप प्राचार्य (एमएसवीपी) सप्तर्षि चटर्जी ने कहा कि वर्तमान में आपातकाल क्षेत्र में मरीजों के लिए केवल एक ही शौचालय है, जिसका नवीनीकरण किया जा रहा है।

### आरजी कर केस की पीड़िता के माता-पिता ने भाजपा की सदस्यता ली : शुभेंदु अधिकारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने सोमवार को पुष्टि की कि आरजी कर मेडिल कॉलेज की पीड़िता के माता-पिता ने भाजपा की बुनियादी सदस्यता ले ली है। हालांकि, उन्होंने आगे कहा कि पार्टी नेतृत्व ने अभी तक यह तय नहीं किया है कि उत्तर 24 परगना जिले के पानीहाटी विधानसभा क्षेत्र से उनमें से किसी को पार्टी का उम्मीदवार बनाया जाएगा या नहीं। विपक्ष के नेता ने सोमवार की रात कहा कि पीड़ित परिवार के किसी सदस्य को पानीहाटी से उम्मीदवार बनाया जाएगा या नहीं, इसका निर्णय हमारी पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व करेगा। राज्य समिति ने इस मामले में अपनी राय केंद्रीय नेतृत्व को भेज दी है, जिसका खुलासा मैं अभी नहीं कर सकता। अब इस मामले में अंतिम निर्णय हमारी पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के हाथ में है।

## जामुड़िया में आईएसएफ कार्यकर्ता पर हमला, आरोप तृणमूल समर्थकों पर

**आसनसोल :** विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत राखाकुरिया इलाके में एक (आईएसएफ) कार्यकर्ता हफीजुल रहमान पर कथित रूप से हमला कर दिया गया। हमले में उसके सिर पर कुल्हाड़ी से वार किया गया, जिससे वह लहूलुहान हो गया। घायल कार्यकर्ता को तुरंत इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। आईएसएफ नेताओं के अनुसार, घटना उस समय हुई जब हफीजुल रहमान एक चुनावी बैठक से लौट रहे थे। आरोप है कि रास्ते में माजीरूल रहमान और उसके समर्थकों ने उनका रास्ता रोक लिया और एक कार्यकर्ता पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल उन्हें जामुड़िया थाना में शिकायत दर्ज कराने के लिए लाया गया। घटना के बाद इलाके में



राजनीतिक तनाव का माहौल बन गया है। हाफिजुल रहमान ने बताया कि वह आइएसएफ पार्टी का कार्यकर्ता है। सोमवार की सुबह एक राजनीतिक बैठक थी वहां से जब लौट रहे थे तो तृणमूल कार्यकर्ता में उन पर हमला किया और कुल्हाड़ी से उसके सिर पर वार कर दिया। जिसमें उनका सिर फट गया है। हालांकि, तृणमूल कांग्रेस के प्रदेश कमेटी सचिव वी. शिवदासन् दासू ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि इस घटना या मारपीट से उनकी पार्टी का कोई संबंध नहीं है।

### चुनाव से पहले कूचबिहार में केंद्रीय बलों को दी जाएगी बुनियादी बांग्ला भाषा की ट्रेनिंग

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा चुनाव से पहले कूचबिहार जिला प्रशासन ने केंद्रीय सुरक्षा बलों और आम लोगों के बीच बेहतर संवाद सुनिश्चित करने के लिए जवानों को बुनियादी बांग्ला भाषा का प्रशिक्षण देने का निर्णय लिया है। इसका उद्देश्य संचार की कमी से होने वाली गलतफहमियों को रोकना और मतदाताओं का विश्वास बढ़ाना है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, यह पहल शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने की व्यापक रणनीति का हिस्सा है। इस संबंध में जिला मजिस्ट्रेट एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जितिन यादव ने अपने कार्यालय में केंद्रीय बलों के नोडल अधिकारियों के साथ विस्तृत बैठक की। बैठक में यह मुद्दा प्रमुखता से सामने आया कि दूसरे राज्यों से आए जवानों को स्थानीय भाषा समझने में कठिनाई होती है। इसे दूर करने के लिए अब उन्हें बुनियादी बांग्ला के साथ आम बोलचाल में उपयोग होने वाले हिंदी-बांग्ला मिश्रित वाक्य भी सिखाए जाएंगे।

### निवा बूपा ने भारत के अनसुने सुरक्षा नायकों को दी पहचान, इंडस्ट्री की पहली कॉफी टेबल बुक लॉन्च

**कोलकाता :** भारतीय हेल्थ इंश्योरेंस सेक्टर में अपनी तरह की पहली पहल करते हुए, निवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस ने अपने एडवाइजर्स की प्रेरणादायक यात्राओं को समर्पित एक कॉफी टेबल बुक लॉन्च की है-ये वे अनसुने नायक हैं जो परिवारों के स्वास्थ्य और वित्तीय सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस पहल पर अपनी बात रखते हुए, निमिष अग्रवाल, डायरेक्टर - डिजिटल बिजनेस एवं सीएमओ, निवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस ने कहा, एडवाइजर्स इंश्योरर्स और कस्टमर्स के बीच एक मजबूत कड़ी के रूप में काम करते हैं। वे भरोसा बनाते हैं, पर्सनलाइज्ड सलाह देते हैं और जटिल प्रोडक्ट्स को सरल बनाते हैं।

### डैनोन इंडिया ने 20,911 हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स की प्रतिज्ञा के साथ 'एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' में बनाया नया कीर्तिमान

**कोलकाता :** डैनोन इंडिया ने 'आयरन की कमी से होने वाले एनीमिया के खिलाफ सबसे अधिक हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स की प्रतिज्ञा' हासिल करने के लिए 'एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' में एक नया मील का पत्थर स्थापित किया है। इसके लिए पूरे भारत से कुल 20,911 प्रतिज्ञाएं मिलीं। इस उपलब्धि के बारे में बात करते हुए, डैनोन इंडिया की मार्केटिंग डायरेक्टर, प्रियंका वर्मा ने कहा, हमें इस प्रभावशाली पहल के लिए 'एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' द्वारा मान्यता मिलने पर गर्व है। 20,911 हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स से प्रतिज्ञा प्राप्त करना एनीमिया से लड़ने के लिए चिकित्सा समुदाय के भीतर साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है, एक ऐसी स्थिति जो लाखों लोगों को प्रभावित कर रही है। यह निरंतर और समुदाय-आधारित दृष्टिकोण अनगिनत भारतीयों के स्वास्थ्य परिणामों को बदल देगा।

## बंगाल-असम सीमा पर गाड़ियों से 3.7 लाख नकदी बरामद, तीन गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** आगामी विधानसभा चुनावों से पहले पश्चिम बंगाल में एक बार फिर लाखों रुपए की नकदी बरामद की गई है। कूचबिहार जिले में पश्चिम बंगाल-असम सीमा के पास बख्शीरहाट पुलिस थाना क्षेत्र के भीतर दो अलग-अलग चेकपॉइंट पर तलाशी के दौरान पुलिस और स्टैटिक सर्विलांस टीम (एसएसटी) के अधिकारियों ने तीन गाड़ियों से 3.7 लाख रुपए से ज्यादा का कैश बरामद किया। इस घटना के संबंध में पुलिस ने असम के एक निवासी सहित तीन लोगों को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, रविवार की रात बख्शीरहाट के जोराई मोड़ चेकपॉइंट पर तैनात पुलिस कर्मियों ने पश्चिम बंगाल की लाइसेंस प्लेट वाली



एक चार पहिया गाड़ी को असम से राज्य में प्रवेश करते समय रोका। तलाशी के दौरान, वाहन के अंदर मिले एक बैग से 57,700 रुपए की राशि बरामद की गई। पुलिस ने कार में यात्रा कर रहे दार्जिलिंग निवासी बीरेंद्र साहा द्वारा नकदी के लिए कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत न कर पाने के बाद धनराशि जब्त कर ली। साथ ही, आरोपी व्यक्ति को हिरासत में ले लिया गया। इसी बीच, बख्शीरहाट थाने के पुलिस कर्मियों ने संकोश चेकपॉइंट पर कुमारग्राम के बारबिशा निवासी विकाश साहा के वाहन की तलाशी ली। उस वाहन से 1,14,300 रुपए नकद बरामद किए गए। विकाश साहा भी पैसे से संबंधित कोई दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा सके, इसलिए पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। सोमवार की सुबह चुनाव आयोग के एसएसटी और संकोश चेकपॉइंट पर तैनात पुलिस कर्मियों ने एक बार फिर असम की लाइसेंस प्लेट वाली एक गाड़ी को राज्य में प्रवेश करते समय रोका। वाहन की तलाशी लेने पर पुलिस ने 1,99,500 रुपए नकद बरामद किए। चूंकि, असम निवासी टोटन भौमिक पैसे के लिए वैध दस्तावेज पेश नहीं कर सका, इसलिए पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ शुरू कर दी है।

### पांडुआ के सिमलापाड़ा-बोइंची में हरिनाम संकीर्तन के दौरान दो समुदायों में झड़प, 25 गिरफ्तार



**हुगली :** हुगली जिले के पांडुआ थाना क्षेत्र के सिमलापाड़ा-बोइंची इलाके में हरिनाम संकीर्तन के दौरान उस समय तनाव फैल गया जब कुछ हिंदू और मुस्लिम समुदाय के लोगों के बीच तीखी बहस हो गई। देखते ही देखते मामला बढ़ गया और दोनों समुदायों के लोग लाठी लेकर आमने-सामने आ गए। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। साथ ही केंद्रीय बल को भी तैनात किया गया। इस दौरान दोनों पक्षों की ओर से पथराव शुरू हो गया, जिसके बाद पुलिस ने लाठीचार्ज कर भीड़ को तितर-बितर किया। घटना में किसी भी आम नागरिक के घायल होने की खबर नहीं है। पुलिस ने इलाके में छापेमारी अभियान चलाते हुए 25 लोगों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में कुल 4 एफआईआर दर्ज की गई हैं। फिलहाल इलाके में स्थिति सामान्य बताई जा रही है। एहतियात के तौर पर पुलिस और सीएपीएफ द्वारा लगातार पिकेटिंग और रूट मार्च किया जा रहा है, ताकि शांति व्यवस्था बनी रहे।

## दीदी के आशीर्वाद से काम किया, इस बार और बड़े अंतर से जीतेंगे : अरिंदम गुइन

जय चौधरी

**हुगली :** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 को लेकर चांपदानी विधानसभा क्षेत्र में राजनीतिक सरगर्मी चरम पर है। यहां मुख्य मुकाबला तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार अरिंदम गुइन और भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार दिलीप सिंह के बीच माना जा रहा है। पिछले चुनाव में टीएमसी ने इस सीट पर मजबूत जीत दर्ज की थी और इस बार भी पार्टी जीत का दावा कर रही है। टीएमसी उम्मीदवार अरिंदम गुइन का कहना है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की नीतियों और विकास कार्यों के कारण जनता का भरोसा उनकी पार्टी पर कायम है।



**■ चांपदानी में इस बार चुनाव को आप किस तरह देखते हैं?**

⇨ चांपदानी की जनता ने पिछले पांच सालों में विकास का काम देखा है। दीदी के आशीर्वाद से हमने इलाके में कई योजनाएं लागू की हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि इस बार भी जनता विकास और स्थिरता के पक्ष में मतदान करेगी और हम पहले से बड़े अंतर से जीत हासिल करेंगे।

**■ आपके चुनावी एजेंडे में सबसे प्रमुख मुद्दे क्या हैं?**

⇨ हमारा मुख्य लक्ष्य अधूरे विकास कार्यों को पूरा करना है। शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत करना, युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाना और इलाके की निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाना हमारी प्राथमिकता है। हम चाहते हैं कि चांपदानी का हर परिवार विकास का लाभ महसूस करे।

**■ बीजेपी परिवर्तन का नारा दे रही है, इस पर आपका क्या कहना है?**

⇨ बीजेपी का परिवर्तन सिर्फ चुनावी नारा है। उनके नेता चुनाव के समय ही दिखाई देते हैं, जबकि तृणमूल के कार्यकर्ता पूरे साल जनता के बीच रहते हैं। हमारी राजनीति सेवा और विकास पर आधारित है, इसलिए जनता सच और दिखावे में फर्क समझती है।

**■ रेलवे ओवरब्रिज को लेकर केंद्र सरकार और बीजेपी आपकी आलोचना कर रही है?**

⇨ यह दुर्भाग्य की बात है कि कई परियोजनाओं को चुनाव के समय ही मंजूरी दी जाती है। अगर केंद्र सरकार सच में विकास चाहती तो पहले ही इन योजनाओं को आगे बढ़ाती। हम लगातार इस मुद्दे को उठा रहे हैं ताकि जनता को सुविधा मिल सके।

**■ आपकी जीत के अंतर को लेकर क्या अनुमान है?**

⇨ मुझे विश्वास है कि जनता का समर्थन पहले से ज्यादा मिलेगा। इस बार जीत का अंतर 50 हजार से भी ज्यादा हो सकता है, क्योंकि लोगों ने पिछले पांच साल में हमारे काम को करीब से देखा है।

## राष्ट्रीय बिहारी समाज ने किया बिहार दिवस का पालन

**कोलकाता, समाज्ञा :** राष्ट्रीय बिहारी समाज की ओर से रविवार को बिहार दिवस का पालन किया गया। इस अवसर पर कोलकाता प्रेस क्लब में एक समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी संजय सिन्हा,पार्षद सचिन सिंह, पार्षद राजेश सिन्हा, पार्षद महेश शर्मा, पार्षद सत्येन्द्र सिंह,पार्षद अनवर खान,कृष्णा कुमार सिंह, तारकेश्वर दुबे, मालती राय विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। शिक्षा के क्षेत्र में डाक्टर वेद रमण पांडेय, प्रशासनीक सेवा के लिए शहंशाह मिर्जा, बालिकाओं की शिक्षा के प्रेरणा के क्षेत्र में निराला कुमारी (ठाकुर), समाज सेवा के क्षेत्र में पुष्पांजली उपाध्याय, चिकित्सा के क्षेत्र में डाक्टर पूजा पंजीयार, पत्रकारिता के क्षेत्र में विवेक शुक्ला एवं नरेश श्रीवास्तव को मणि प्रसाद सिंह स्मृति सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया। समारोह में ममता सिंह ने अगले साल से बिहार दिवस पर प्रत्येक बिहारवासी से इस दिन बड़े पैमाने पर भारी संख्या में उपस्थित होकर बड़े रूप में कार्यक्रम सुसज्जित करने के लिए अपील की। इसके साथ ही उन्होंने बंगाल सरकार से बिहार दिवस पर मुख्यमंत्री के द्वारा लिखें गये पत्र को साक्षा किया।

राष्ट्रीय बिहारी समाज की अध्यक्ष ममता सिंह ने समारोह की अध्यक्षता की। मौके पर काव्य पाठ भी



किया गया। इस दौरान ब्रजमोहन सिंह, शिवशंकर सिंह 'सुमित',जीवन सिंह, वी अरूणा जैसे प्रतिष्ठित कवियों ने अपनी कविताओं के माध्यम से परिवार, समाज एवं देश के मौजूदा हालात को बताते की कोशिश की। वहीं, कुछ कवियों ने काव्य पंक्तियों से लोगों को खूब हंसाया। इस मौके पर राजगृह सिंह, रणधीर सिंह, राम विनोद सिंह, राकेश राय, भरत सिंह, पुतुल सिंह, बरमेश्वर सिंह, राजा बाबू सिंह, ललित अग्रवाल, प्रभात तिवारी, तनवीर बेग, मनोज सिंह आदर्श, प्रहलाद सिंह, नकुल दास, जितेंद्र सिंह, अजय उपाध्याय, दारा सिंह, विनोद तिवारी, संतोष सिंह, बीएन ठाकुर, अंकुल सिंह, तमन्ना परवीन, अमन सिंह, आकाश पांडेय सहित अन्य पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

# बिहार बोर्ड की 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित, 85.19 फीसदी विद्यार्थी उत्तीर्ण



**पटना:** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति (बीएसईबी) ने सोमवार को 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम जारी किया जिसमें 85.19 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। राज्य के शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने उत्तीर्ण विद्यार्थियों को बधाई दी और इसे शिक्षा सुधारों का परिणाम बताया। बोर्ड ने लगातार आठवीं बार रिकॉर्ड समय में 12वीं कक्षा का परिणाम जारी किया है। अधिकारियों के अनुसार, मात्र 25 दिन में मूल्यांकन प्रक्रिया पूरी कर ली गई। उन्होंने बताया कि इस वर्ष 12वीं कक्षा की परीक्षा में कुल 85.19 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि इस बार के परिणाम में लड़कियों ने बाजी मारी जिनका उत्तीर्ण प्रतिशत 86.23 रहा जबकि लड़कों का उत्तीर्ण प्रतिशत 84.29 रहा। बोर्ड के अनुसार, दो से 13 फरवरी तक हुई 12वीं कक्षा की परीक्षा में कुल 13.17 लाख परीक्षार्थी शामिल हुए जिनमें 6.75 लाख छात्राएं और 6.42 लाख छात्र थे। बोर्ड ने कहा, ''सबसे ज्यादा अंक प्राप्त करने वाले 26 विद्यार्थियों (टॉपर्स) में 19 छात्राएं और सात छात्र हैं।'' बीएसईबी द्वारा जारी बयान के अनुसार, कुल 5,16,928 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी से परीक्षा उत्तीर्ण की, जबकि 5,11,744 विद्यार्थियों को द्वितीय श्रेणी मिली और 82,425 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी से पास हुए। बीएसईबी के अध्यक्ष आनंद किशोर ने बताया कि समस्तीपुर जिले के विज्ञान संकाय के छात्र आदित्य प्रकाश अमन ने 481 अंक (96.2 प्रतिशत) प्राप्त कर राज्य में प्रथम स्थान हासिल किया। कला संकाय में गया जी जिले की निशु कुमारी ने 479 अंक (95.8 प्रतिशत) के साथ शीर्ष स्थान प्राप्त किया, जबकि वाणिज्य संकाय में पटना की अदिति कुमारी ने 480 अंक (96 प्रतिशत) हासिल कर पहला स्थान प्राप्त किया। बीएसईबी अध्यक्ष ने कहा कि जो विद्यार्थी उत्तीर्ण नहीं हो सके हैं या अपने परिणाम से असंतुष्ट हैं, वे 25 मार्च से दो अप्रैल तक पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन कर सकते हैं। शिक्षा मंत्री ने कहा कि परीक्षा और मूल्यांकन की पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष है तथा पारदर्शी ढंग से संपन्न कराई गई। वाणिज्य में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाली अदिति कुमारी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और भाई को दिया। उन्होंने कहा, मेरी तैयारी के दौरान मेरे माता-पिता ने मेरा बहुत साथ दिया। इस समय वे मुझसे भी ज्यादा खुश हैं। मैंने अपने बड़े भाई से भी काफी मदद ली, जिन्होंने मुझे सबसे कठिन विषय अकाउंटेंसी को अपनी सबसे बड़ी ताकत बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अपनी किताबों और नोट्स से मेरी मदद की। अदिति ने बताया कि तैयारी के दौरान उनकी दिनचर्या लचीली थी। उन्होंने कहा, मैं एक घंटे पढ़ती थी, फिर 15 मिनट का ब्रेक लेती थी, उसके बाद दो या तीन घंटे और पढ़ती थी। मैं कभी-कभी देर रात तक भी पढ़ाई करती थी, लेकिन यह रोज़ का नियम नहीं था। अदिति ने भविष्य में चार्टर्ड अकाउंटेंट बनने का लक्ष्य बताया। विज्ञान टॉपर आदित्य प्रकाश अमन एक सरकारी शिक्षक के पुत्र हैं। उन्होंने संवाददाताओं को बताया कि उन्होंने अपनी तैयारी के लिए स्वाध्याय पर भरोसा किया और शिक्षकों तथा माता-पिता के मार्गदर्शन का पालन किया।

## झारखंड: राइफल की सफाई के दौरान गोली चलने से पुलिस कांस्टेबल की मौत

**चाईबासा:** झारखंड के पश्चिम सिंहभूम जिले में एक पुलिस कांस्टेबल की तब मौत हो गई जब कथित तौर पर सर्विस राइफल की सफाई करने के दौरान गोली चल गई। यह जानकारी सोमवार को एक अधिकारी ने दी। मृतक की पहचान गुमला जिले के रायडीह निवासी अजय किशोर खाखा (42) के रूप में हुई है, जो पलिसाई स्थित केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) शिविर में तैनात थे। अधिकारी ने कहा, ''रविवार शाम वह (अजय) अपनी राइफल साफ कर रहे थे कि तभी अचानक गोली चल गई।''

## श्रीकृष्ण जन्मस्थान से रामनवमी पर श्रीराम को अर्पण करने के लिए प्रसाद अयोध्या भेजा गया

**मथुरा (उप्र):** मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मस्थान से रामनवमी पर भगवान श्रीराम को अर्पण करने के लिए प्रसाद सोमवार सुबह अयोध्या भेजा गया। श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के एक पदाधिकारी ने यह जानकारी दी। संस्थान के सचिव कपिल शर्मा ने बताया कि 11 मन (440 किलोग्राम) धनिया की पंजीरी, सवा मन (50 किलोग्राम) लड्डू तथा वस्त्र, फल आदि साम्रगी एक सजे-धजे वाहन में अयोध्या भेजी गई और इस दौरान भजन-कीर्तन में संस्थान के सदस्यों एवं भक्तजन ने भाग लिया। शर्मा ने बताया कि रामनवमी के अवसर पर अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र की ओर से भगवान का भोग लगाया जाएगा।

## राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि मामले में सुनवाई टली, अगली सुनवाई 27 मार्च को

**सुलतानपुर (उप्र):** सुलतानपुर की सांसद/विधायक अदालत में सोमवार को राहुल गांधी से संबंधित मानहानि के मामले में सुनवाई होनी थी, लेकिन वादी विजय मिश्रा के न आने के कारण सुनवाई टल गई है। इस मामले में अब 27 मार्च को सुनवाई होगी। वादी के अधिवक्ता संतोष कुमार पांडेय ने बताया कि उनके मुवक्किल ने पिछली पेशी पर अदालत में एक प्रार्थना पत्र देकर मांग की थी कि राहुल गांधी द्वारा दिए गए बयानों के जो ऑडियो और वीडियो साक्ष्य के लिए पेश किए गए हैं, उनका मिलान राहुल गांधी की असली आवाज से कराया जाए। भाजपा नेता विजय मिश्रा ने अक्टूबर 2018 में यह परिवाद दर्ज कराया था।

## फारसी में लिखे गये रामायण की पांडुलिपि राम कथा संग्रहालय को उपलब्ध कराने की तैयारी

**अयोध्या (उप्र):** रामपुर रजा पुस्तकालय 17वीं शताब्दी में फारसी में लिखे गये रामायण की पांडुलिपियां अयोध्या के अंतरराष्ट्रीय राम कथा संग्रहालय को उपलब्ध कराएगा। ये दुर्लभ पांडुलिपियां जहांगीर के शासनकाल में मुल्ला मसीह पानीपती द्वारा फारसी में अनुवादित हैं। एक अन्य महत्वपूर्ण कृति- किस्सा-ए-राम सीता है जिसे 1825 में अहमद खान गफलत द्वारा रची गई थी। रजा पुस्तकालय में विभिन्न भाषाओं में 17,000 दुर्लभ पांडुलिपियां और 83,000 छपी हुई पुस्तकें मौजूद हैं। इसके अलावा, यहां रामायण की 13 पांडुलिपियां और आठ पुस्तकें उपलब्ध हैं जो सैकड़ों वर्षों पहले की हैं। इस पुस्तकालय के संग्रह प्रभारी सैयद तारिक अजहर के मुताबिक, इस संग्रह में एक रत्न वाल्मिकी रामायण है जिसे मुगल शासक फारुख सियार के शासनकाल में 1715 में सुमेर चंद द्वारा फारसी भाषा में अनूठे ढंग से अनुवाद और चित्रित किया गया था। रामपुर रजा पुस्तकालय और अंतरराष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय के बीच ऐतिहासिक पांडुलिपियों पर गठबंधन की तैयारी शुरू हो गई है।

## न्यूज अपडेट

### समृद्धि यात्रा के दौरान नीतीश कुमार ने जहानाबाद और अरवल में 405 करोड़ रुपये की योजनाएं शुरू कीं



**जहानाबाद/अरवल:** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को 'समृद्धि यात्रा' के दौरान जहानाबाद और अरवल जिलों में लगभग 405 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास योजनाओं और परियोजनाओं की शुरुआत की। मुख्यमंत्री ने दोनों जिलों में चल रही योजनाओं और विकास कार्यों की समीक्षा भी की। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) द्वारा जारी बयान में कहा गया, मुख्यमंत्री ने जहानाबाद जिले में 252 करोड़ रुपये की योजनाओं और परियोजनाओं की शुरुआत की। इनमें 70 करोड़ रुपये की लागत से 88 योजनाओं का उद्घाटन तथा 182 करोड़ रुपये की लागत से 73 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। इस बयान के अनुसार मुख्यमंत्री ने जहानाबाद के पुराने प्रखंड कार्यालय परिसर में जीविका दीदियों के लिए सिलाई प्रशिक्षण-सह-उत्पादन केंद्र का उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद उन्होंने केंद्र का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं की समीक्षा की। केंद्र से जुड़ी जीविका दीदियों को प्रोत्साहित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, लगन से काम कीजिए सरकार सभी संभव सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। आपको स्वरोजगार से जोड़ने के लिए हम हर संभव प्रयास कर रहे हैं।

### बिहार : शिक्षक भर्ती परीक्षा प्रश्नपत्र लीक मामले का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**पटना:** बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) द्वारा आयोजित शिक्षक भर्ती परीक्षा (टीआरई-3)-2024 का प्रश्नपत्र लीक होने के मामले में प्रवीण कुमार सिन्हा उर्फ डब्लू मुखिया को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी उन्होंने बताया कि सिन्हा को रविवार शाम को पटना से गिरफ्तार किया गया। इस मामले में ईओयू अब तक 293 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। अधिकारियों के अनुसार, सिन्हा चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 2024 में आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) का प्रश्नपत्र लीक मामले के कथित मास्टरमाइंड संजीव कुमार सिंह के गिरोह का सक्रिय सदस्य है। इस मामले की जांच सीबीआई कर रही है। ईओयू ने बयान में कहा, 'सूचना के आधार पर टीम ने रविवार शाम करबिगहिया इलाके से सिन्हा को गिरफ्तार किया। वह संजीव गिरोह का सक्रिय सदस्य है। पूछताछ के दौरान सिन्हा ने बताया कि टीआरई-3 से ठीक पहले वह 30 अभ्यर्थियों को झारखंड के हजारीबाग के एक स्थान पर ले गया था और परीक्षा से पहले उन्हें प्रश्नपत्र उपलब्ध कराया था।' ज्ञात हो कि ईओयू ने संजीव को अप्रैल 2025 में पटना से गिरफ्तार किया था। वह फिलहाल न्यायिक हिरासत में है। नालंदा (बिहार) के एक सरकारी कॉलेज में तकनीकी सहायक के पद पर तैनात रहे संजीव पर तीन लाख रुपये का इनाम घोषित था।

### गंगा नदी में नाव पर बिरयानी खाने वाले आरोपियों की जमानत याचिका खारिज

**वाराणसी (उप्र):** वाराणसी की एक अदालत ने गंगा नदी में नाव पर इफ्तार पार्टी करने और चिकन बिरयानी खाने के मामले में 14 आरोपियों की जमानत अर्जी खारिज कर दी। वादी पक्ष के अधिवक्ता शशांक शेखर त्रिपाठी ने बताया कि अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अमित कुमार यादव ने 14 आरोपियों की जमानत सोमवार को खारिज कर दी। अदालत ने कहा कि आरोप गंभीर और गैर जमानती हैं, इसलिए इस समय जमानत देने का कोई पर्याप्त आधार नहीं है। त्रिपाठी ने बताया कि आरोपियों पर धार्मिक भावनाओं को भड़काने, सार्वजनिक उपद्रव, जल प्रदूषण सहित कई धाराओं में मामला दर्ज किया गया। बाद में पुलिस ने जबरन नाव लेने की धारा भी प्राथमिकी में जोड़ी। उन्होंने बताया कि सभी 14 आरोपी फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। सभी को अदालत ने इस महीने के 19 तारीख को 14 दिन के न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। आरोपियों के परिजनों ने 19 तारीख को जमानत अर्जी दाखिल की थी। वादी पक्ष के अधिवक्ताओं ने न्यायालय को अवगत कराया कि प्रकरण में दर्ज प्राथमिकी, केस डायरी तथा अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की संलिप्तता स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती है।

## बिहार: अररिया जिले में सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत



**अररिया:** बिहार के अररिया जिले में रविवार शाम एक अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना पलासी और बथनाहा के बीच चौहान टोला के पास चार लेन सड़क पर हुई, जो नरपतगंज थाना क्षेत्र में आता है। अधिकारी ने बताया कि मृतकों की पहचान मोहम्मद अरबाज, समीर और अशरफ के रूप में हुई है। तीनों पड़ोसी सुपौल जिले के निवासी थे और उनकी उम्र 19 से 20 वर्ष के बीच बताई गई है। फरबिशगंज के अनुमंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) मुकेश कुमार साहा ने कहा, ''सूचना मिलने के तुरंत बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि टक्कर मारने वाले वाहन की पहचान करने की कोशिश की जा रही है और आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। एक अधिकारी ने कहा कि पुलिस ने मृतकों के परिजनों को सूचना दे दी है, शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और आगे की जांच जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, युवक बथनाहा से नरपतगंज की ओर जा रहे थे, तभी तेज रफ्तार वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी और चालक मौके से फरार हो गया।

## झारखंड : करीब 600 लोगों से पूछताछ के बाद किशोरी से दुष्कर्म व उसकी हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**गढ़वा:** झारखंड के गढ़वा जिले में किशोरी से दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या के मामले में 27 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि एक महीने की जांच और लगभग 600 लोगों से पूछताछ के बाद रविवार को संदिग्ध को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि घटना 21 फरवरी को रामकंडा पुलिस थाना क्षेत्र में उस वक्त हुई थी, जब 17 वर्षीय लड़की शौच के लिए गई थी। पुलिस अधीक्षक (एसपी) अमन कुमार ने बताया, ''किशोरी अपनी मां और बहन के साथ एक शादी में शामिल होने गांव आई थी। देर रात वह शौच के लिए बाहर गई थी।'' उन्होंने बताया कि जांच के मुताबिक, आरोपी ने लड़की का पीछा किया, जिसे देख पीड़िता ने भागने की कोशिश की, लेकिन वह सड़क पर गिर गई और आरोपी ने उसे पकड़ लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने किशोरी के कपड़े फाड़ दिए और चिल्लाने से रोकने के लिए उसी कपड़े को उसके मुंह में ठूंस दिया। पुलिस ने बताया कि फिर वह उसे एक खेत में ले गया, जहां उसके साथ बलात्कार किया और गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी।

## प्रयागराज में 'कोल्ड स्टोरेज' ढहने से चार श्रमिकों की मृत्यु, 12 घायल



**प्रयागराज:** प्रयागराज जिले में गंगा नगर के फाफामऊ थाना क्षेत्र में सोमवार दोपहर एक 'कोल्ड स्टोरेज' के अचानक ढह जाने से चार श्रमिकों की मृत्यु हो गई, जबकि 12 श्रमिक घायल हो गये। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, 'कोल्ड स्टोरेज ढहने की घटना में अभी तक चार लोगों की मृत्यु हो चुकी है, जबकि 12 श्रमिक घायल हैं जिनका इलाज एसआरएन अस्पताल में चल रहा है।' उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन, पुलिस, एसडीआरएफ, अग्निशमन विभाग की टीम घटनास्थल से मलबा हटाकर लोगों की तलाश रही है। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी-गंगा नगर) कुलदीप गुनावत ने बताया कि फाफामऊ थाना क्षेत्र में एक 'कोल्ड स्टोरेज' आज दोपहर अचानक भर भराकर ढह गया और उससे अमोनिया गैस का रिसाव होने लगा जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन और पुलिस की टीम राहत और बचाव कार्य में लगी है तथा अग्निशमन विभाग की टीम भी सक्रिय है जो गैस रिसाव रोकने की दिशा में काम कर रही है। प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा 'एक्स' पर किये गये पोस्ट में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रयागराज में इस घटना पर दुख व्यक्ति करते हुए कहा है, इस मुश्किल घड़ी में प्रभावित लोगों और उनके परिजनों के साथ मेरी सहानुभूति है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये और घायलों को 50,000 रुपये की सहायता दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर लिखा, प्रयागराज के कोल्ड स्टोरेज में हुई दुर्घटना में जनहानि अत्यंत दुखद एवं हृदय विदारक है।

# धर्म-अध्यात्म

## व्रत - त्यौहार

24.03.2026 : सूर्य षष्ठी व्रत-बिहार
25.03.2026 : महानिशा पूजा
26.03.2026 : दुर्गाष्टमी व्रत, महानवमी व्रत
27.03.2026 : नवरात्र व्रत का पारण,रामनवमी व्रत

## नवरात्रि व्रत में चावल खाना चाहिए या नहीं?

हिंदू धर्म में नवरात्रि का पर्व बहुत ही पवित्र और विशेष माना जाता है। इस नौ दिनों के पर्व में माता दुर्गा के नौ रूपों की पूजा की जाती है। भक्त इस दौरान व्रत रखकर उनकी कृपा पाने का प्रयास करते हैं। व्रत के दौरान खान-पान से जुड़े कई नियमों का पालन किया जाता है, जिनका मुख्य उद्देश्य शरीर और मन दोनों को शुद्ध रखना होता है। ऐसे में अक्सर लोगों के मन में यह सवाल उठता है कि क्या नवरात्रि के व्रत में चावल खाए जा सकते हैं या नहीं। आइए इसके बारे में विस्तार से जानते हैं।

परंपरागत मान्यताओं के अनुसार, नवरात्रि के व्रत में चावल और गेहूं का सेवन नहीं किया जाता है। इसकी वजह यह है कि ये दोनों अनाज हमारे रोजमर्रा के भोजन का अहम हिस्सा होते हैं। व्रत के दौरान इन सामान्य चीजों से दूरी बनाकर व्यक्ति अपने जीवन में अनुशासन और संयम लाने का प्रयास करता है। यही कारण है कि व्रत के नियमों में इन अनाजों को शामिल नहीं किया जाता।

### क्या नवरात्रि व्रत में चावल खा सकते हैं?

भारत के अलग-अलग क्षेत्रों में व्रत से जुड़े नियमों में थोड़ा अंतर देखने को मिलता है। कुछ जगहों पर खास तरह से बनाए गए चावल (समा के चावल) के व्यंजन खाने की अनुमति होती है, लेकिन यह पूरी तरह से स्थानीय परंपराओं और मान्यताओं पर निर्भर करता है। इसलिए अगर आप व्रत रख रहे हैं, तो अपने परिवार या क्षेत्र के नियमों के अनुसार ही आहार तय करना बेहतर होता है।

### व्रत में किन चीजों का सेवन कर सकते हैं

नवरात्रि के व्रत में अनाज की जगह कुछ खास प्रकार के खाद्य पदार्थों का सेवन किया जाता है, जो न सिर्फ शरीर को ऊर्जा देते हैं बल्कि व्रत की सादगी को भी बनाए रखते हैं। इनमें साबूदाना, कुट्टू का आटा, सिंघाड़े का आटा और राजगिरा या रामदाना प्रमुख हैं। साबूदाना से बनी खिचड़ी या वड़ा, कुट्टू के आटे की पूड़ी, सिंघाड़े के आटे का हलवा और राजगिरा के लड्डू जैसे व्यंजन व्रत के दौरान खूब पसंद किए जाते हैं।

ये सभी विकल्प हल्के, पौष्टिक और आसानी से पचने वाले होते हैं, जिससे शरीर को जरूरी ऊर्जा मिलती रहती है और व्रत भी सही तरीके से निभाया जा सकता है। साथ ही फल, दूध और सूखे मेवे भी व्रत के दौरान अच्छे विकल्प माने जाते हैं।

नवरात्रि के व्रत में चावल आमतौर पर नहीं खाए जाते, लेकिन कुछ जगहों पर इसकी अनुमति हो सकती है। सबसे जरूरी बात यह है कि व्रत का पालन श्रद्धा, विश्वास और सादगी के साथ किया जाए, तभी इसका पूरा फल प्राप्त होता है।

## 25 या 26 मार्च कब है दुर्गा अष्टमी और कब किया जाएगा कन्या पूजन? जानें तिथि और शुभ मुहूर्त



चैत्र नवरात्रि का आठवां दिन बेहद खास माना जाता है, जिसे दुर्गा अष्टमी या महाष्टमी के नाम से जाना जाता है। इस दिन मां दुर्गा के आठवें स्वरूप मां महागौरी की पूजा की जाती है। भक्त पूरे विधि-विधान के साथ माता की आराधना करते हैं और सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। हालांकि साल 2026 में दुर्गा अष्टमी की तारीख को लेकर लोगों के बीच थोड़ी असमंजस की स्थिति बनी हुई है, क्योंकि अष्टमी तिथि दो दिन तक पड़ रही है। ऐसे में आइए जानते हैं कि दुर्गा अष्टमी कब मनाई जाएगी और कन्या पूजन के लिए शुभ समय क्या रहने वाला है।

### कब है दुर्गा अष्टमी?

दृक पंचांग के अनुसार, चैत्र शुक्ल अष्टमी तिथि की शुरुआत 25 मार्च 2026 को दोपहर 1:50 बजे होगी और इसका समापन 26 मार्च को सुबह 11:48 बजे हो जाएगा। ऐसे में उदया तिथि के अनुसार दुर्गा अष्टमी 26 मार्च 2026, गुरुवार के दिन मनाई जाएगी।

### चैत्र नवरात्रि 2026 कन्या पूजन तारीख

कन्या पूजन के लिए दुर्गा अष्टमी और महानवमी का दिन विशेष माना जाता है। इस दिन छोटी कन्याओं को देवी का स्वरूप मानकर उनकी पूजा की जाती है और उन्हें भोजन कराया जाता है। मान्यता है कि इससे मां दुर्गा की विशेष कृपा प्राप्त होती है और घर में सुख-समृद्धि बनी रहती है।

**दुर्गा अष्टमी कन्या पूजन:** 26 मार्च, गुरुवार

**महानमी कन्या पूजन: 27** मार्च, शुक्रवार

### दुर्गा अष्टमी कन्या पूजन का शुभ मुहूर्त

जो लोग दुर्गा अष्टमी के दिन कन्या पूजन करते हैं वह 26 मार्च को सुबह शुभ समय में पूजन कर सकते हैं। कन्या पूजन का समय रहने वाला है-

सुबह 6:18 बजे से 7:50 बजे तक

सुबह 10:55 बजे से दोपहर 3:31 बजे तक

### महानवमी कन्या पूजन का शुभ मुहूर्त

27 मार्च को सर्वार्थ सिद्धि योग और रवि योग का संयोग बन रहा है, जो पूरे दिन को अत्यंत शुभ बना देता है। इनमें कन्या पूजन करना फलदायी माना गया है।

सर्वार्थ सिद्धि योग- सुबह 06:17 बजे से दोपहर 03:24 बजे तक

अभिजीत मुहूर्त- दोपहर 12:02 बजे से 12:51 बजे तक

लाभ-उन्नति मुहूर्त- सुबह 07:50 बजे से 09:22 बजे तक

रवि योग पूरे दिन रहेगा

## पत्नी के शाप से क्रूर बने शनिदेव

नरेन्द्र देवांगन



भगवान शनिदेव का नाम सुनते ही लोगों के मन में दहशत सी समा जाती है। शनिदेव हमेशा अहित नहीं करते। किसी के ऊपर मेहरबान हो गए तो उसका वारा-न्यारा। शनिदेव सृष्टिकर्ता के इशारों पर चलने के लिए मजबूर हैं। वे स्वयं किसी का अहित नहीं करते। शनि के अधिदेवता प्रजापिता ब्रह्मा और प्रत्यधिदेवता यम हैं। इनका वर्ण कृष्ण, वाहन गिद्ध तथा रथ लोहे का बना हुआ है।

ये एक-एक राशि में तीस-तीस महीने तक रहते हैं। शनि भगवान सूर्य तथा छाया संवर्णा के पुत्रा हैं।

शनि की दृष्टि में जो क्रूरता है, वह इनकी पत्नी के शाप के कारण है। ब्रह्म पुराण के अनुसार बचपन से ही शनि देवता भगवान श्रीकृष्ण के परम भक्त थे। वे श्रीकृष्ण के अनुराग में निमग्न रहा करते थे।

वयस्क होने पर इनके पिता ने चित्ररथ की कन्या से इनका विवाह कर दिया। इनकी पत्नी सती-साध्वी और परम तेजस्विनी थी। एक रात वह ऋतु-स्नान करके पुत्रा प्राप्ति की इच्छा से इनके पास पहुंची पर ये श्रीकृष्ण के ध्यान में निमग्न थे। इन्हें बाह्य संसार की सुधि ही नहीं थी। पत्नी प्रतीक्षा करके थक गई। उनका ऋतुकाल निष्फल हो गया। इसलिए उसने क्रुद्ध होकर शनिदेव को शाप दे दिया कि आज से जिसे तुम देख लोगे, वह नष्ट हो जाएगा।

ध्यान टूटने पर शनिदेव ने अपनी पत्नी को मनाया। पत्नी को भी अपनी भूल पर पश्चाताप हुआ किंतु शाप के प्रतिकार की शक्ति उसमें न थी। तभी से शनि देवता अपना सिर नीचा करके रहने लगे क्योंकि वे नहीं चाहते थे कि इनके द्वारा किसी का अनिष्ट हो।

शनि ग्रह की विशेषता:- ज्योतिष शास्त्रा के अनुसार शनि ग्रह यदि कहीं रोहिणी-शकट भेदन कर दें तो पृथ्वी पर बारह वर्ष घोर दुर्भिक्ष पड़ जाए और प्राणियों का बचना ही कठिन हो जाए। शनि ग्रह जब रोहिणी का भेदन कर बढ़ जाता है, तब यह योग आता है। ऐसा ही योग महाराज दशरथ के समय में आने वाला था जब ज्योतिषियों ने महाराज दशरथ को बताया कि यदि शनि का योग आ जाएगा तो प्रजा अन्न-जल के बिना तड़प-तड़प कर मर जाएगी। प्रजा को इस कष्ट से बचाने के लिए महाराज दशरथ अपने रथ पर सवार होकर नक्षत्र मंडल में पहुंचे।

सर्वप्रथम महाराज दशरथ ने शनि देवता को प्रणाम किया और बाद में क्षत्रिय-धर्म के अनुसार उनसे युद्ध करते हुए उन पर संहारास्त्र का संच्धन किया। शनि देवता महाराज की कर्तव्यनिष्ठा से परम प्रसन्न हुए और उनसे वर मांगने के लिए कहा। महाराज दशरथ ने वर मांगा कि जब तक सूर्य, नक्षत्र आदि विद्यमान हैं, तब तक आप शकटभेदन न करें। शनिदेव ने उन्हें वर देकर संतुष्ट कर दिया। (उर्वशी)

## अपने लक्ष्यों को पूरा करने के लिए गीता में लिखी इन बातों का हमेशा रखें ध्यान

भगवद् गीता एक धार्मिक ग्रंथ है, जिसमें भगवान श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को दिए गए दिव्य उपदेश हैं। माना जाता है कि, श्रीकृष्ण के उपदेशों को सुनकर ही अर्जुन युद्ध के लिए आगे बढ़े थे। इसलिए आज भी लोग जीवन के कठिन समय में मार्गदर्शन और सकारात्मक रहने के लिए गीता के उपदेशों का सहारा लेते हैं। बता दें, गीता का यह दिव्य ज्ञान मानव जीवन में विशेष महत्व रखता है, क्योंकि यह मानसिक शक्ति, धैर्य और सही दिशा प्रदान करते हैं। वहीं समय कैसा भी हो, जीवन में गीता से जुड़ी इन बातों का खास ध्यान व्यक्ति को रखना चाहिए। इसके प्रभाव से सफलता प्राप्त करने से लेकर व्यक्ति अपने सभी सपनों को पूरा करने में कामयाब होता है।

श्रीकृष्ण बताते हैं कि, मनुष्य को अपने लक्ष्य के लिए हमेशा प्रयास करते रहना चाहिए। यह अभ्यास व्यक्ति को कठिन परिस्थितियों में भी स्थिर बने रहने की क्षमता प्रदान करता है।

कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन ... इस श्लोक का अर्थ है कि, मनुष्य को केवल कर्म करना चाहिए, उस काम से आने वाले फल पर ध्यान नहीं देना चाहिए। माना जाता है कि, फल की चिंता हमेशा व्यक्ति को कमजोर बनाती है।

गीता के अनुसार, जीवन में परिवर्तन एक सच्चाई है। इसलिए इसे हमेशा स्वीकार करना चाहिए। जो व्यक्ति इन परिवर्तनों को सहजता से स्वीकार कर लेता है, वही मानसिक रूप से संतुलित रहता है। साथ ही सफलता भी हासिल करता है।

कृष्ण जी कहते हैं कि, व्यक्ति को कभी भी किसी भी चीज का अहंकार नहीं करना चाहिए। साथ ही किसी भी चीज के प्रति हद से ज्यादा मोह भी नहीं होना चाहिए। माना जाता है कि, जब तक व्यक्ति मोह और अहंकार में बंधा रहता है, तब तक वह सही निर्णय नहीं ले सकता और वह मानसिक रूप से भी अशांत रहता है।

सुखी जीवन जीने के लिए व्यक्ति को हमेशा अपनी इच्छाओं पर नियंत्रण रखना चाहिए। यदि मन पर नियंत्रण न हो तो व्यक्ति भटक जाता है।

गीता के अनुसार, कठिन समय में धैर्य ही सबसे बड़ा सहारा होता है। इसलिए समय कैसा भी इंसान को हमेशा विश्वास और धैर्य बनाए रखना चाहिए।

## हार्दिक, सुखजीत, संजय , अभिषेक हॉकी इंडिया वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार की दौड़ में




**नयी दिल्ली:** भारत के स्टार मिडफील्डर हार्दिक सिंह, फॉरवर्ड सुखजीत सिंह और अभिषेक और डिफेंडर संजय इस साल हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार की दौड़ में हैं। महिला वर्ग में सलीमा टेटे, नवनीत कौर, लालरेम्सियामी और सविता पूनिया को नामांकन मिला है। यहां शुक्रवार को होने वाले हॉकी इंडिया पुरस्कार समारोह में उदीयमान खिलाड़ी (अंडर 21) को जुगराज सिंह और असुंथा लाकड़ा पुरस्कार भी दिया जायेगा। अंतिम नामांकन में आठ श्रेणियों में 32 खिलाड़ियों को चुना गया है। इसके साथ ही हॉकी में अमूल्य योगदान के लिये जमन लाल शर्मा पुरस्कार और असाधारण उपलब्धि के लिये अध्यक्ष का पुरस्कार भी दिया जायेगा। अधिकारियों की श्रेणी में वर्ष के सर्वश्रेष्ठ अंपायर /अंपायर मैनेजर का पुरस्कार, वर्ष के सर्वश्रेष्ठ तकनीकी अधिकारी और सर्वश्रेष्ठ सदस्य ईकाई का पुरस्कार भी दिया जायेगा। इसके साथ ही एशिया कप में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष टीम और जूनियर विश्व कप में कांस्य पदक जीतने वाली जूनियर पुरुष टीम को भी सम्मानित किया जायेगा। हॉकी इंडिया अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा , 'भारतीय हॉकी के लिये यह अहम साल है और ऐसे में असाधारण प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों और पिछले एक साल में अपना योगदान देने वालों को सम्मानित करना महत्वपूर्ण है।'

# मुझे आईपीएल का 'इंपैक्ट खिलाड़ी' नियम पसंद नहीं: अक्षर



**नयी दिल्ली:** भारतीय हरफनमौला और दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 'इम्पैक्ट प्लेयर' नियम की आलोचना करते हुए कहा, 'मुझे यह पसंद नहीं है', क्योंकि इससे उनके जैसे खिलाड़ियों (हरफनमौला) के विकास में बाधा आती है। रोहित शर्मा और हार्दिक पंड्या भी 'इम्पैक्ट प्लेयर' नियम के खिलाफ बोल चुके हैं, जिसके तहत टीमें मैच के किसी भी समय अपनी एकादश में किसी खिलाड़ी को सूचीबद्ध पांच खिलाड़ियों में से किसी एक से बदल सकती हैं। यह नियम 2023 में लागू हुआ था और कम से कम 2027 तक लागू रहेगा। रोहित ने 2024 में कहा था कि उन्हें यह रणनीतिक नियम पसंद नहीं है, क्योंकि इससे भारतीय क्रिकेट में ऑलराउंडर खिलाड़ियों के विकास में बाधा आती है। इसके अगले सत्र में हार्दिक ने कहा था कि टीम में किसी हरफनमौला को चुनना मुश्किल हो गया है, जब तक कि वह बल्ले और गेंद दोनों से समान रूप से अच्छा न हो। भारतीय टी20 टीम के उपकप्तान ने 'इम्पैक्ट प्लेयर' से जुड़े 'पीटीआई' के सवाल के जवाब में हंसते हुए कहा, 'मुझे यह नियम पसंद नहीं है, क्योंकि मैं खुद एक ऑलराउंडर हूं। पहले हम इस भूमिका (बल्लेबाजी और गेंदबाजी) के लिए ऑलराउंडर चुनते थे। अब टीम प्रबंधन किसी खास बल्लेबाज या गेंदबाज को चुनता है। वे कहते हैं कि हमें ऑलराउंडर की क्या जरूरत है?' उन्होंने कहा, 'खुद एक ऑलराउंडर होने के नाते मुझे यह पसंद नहीं है, लेकिन साथ ही नियम तो नियम होते हैं। हमें उनका पालन करना होता है। व्यक्तिगत रूप से मुझे यह पसंद नहीं है।' अक्षर ने पिछले आईपीएल सत्र में केवल 204 गेंदें फेंकी थीं, जबकि उससे पिछले सत्र में उन्होंने 264 गेंदें फेंकी थीं। उन्होंने कहा कि यह 'इम्पैक्ट प्लेयर' नियम के कारण नहीं था, बल्कि उंगली की चोट के कारण था, जो उन्हें आईपीएल से पहले परेशान कर रही थी। उन्होंने कहा, 'मैंने ज्यादा गेंदबाजी नहीं की। यह 'इम्पैक्ट प्लेयर' की वजह से नहीं था। मैं गेंद को स्पिन कराने के लिए जिस उंगली का इस्तेमाल करता हूं, वह चैंपियंस ट्रॉफी के बाद चोटिल (घाव) हो गई थी। यह घाव इतना बढ़ गया था कि मैं गेंद की सीम पर पकड़ नहीं बना पा रहा था।' अक्षर ने कहा, 'इसीलिए मैं सिर्फ जरूरत पड़ने पर ही गेंदबाजी कर रहा था और अपनी उंगली का ध्यान रख रहा था। सात मैचों के बाद हालत बेहतर हुई और मैंने नियमित रूप से गेंदबाजी करना शुरू कर दिया।'

## शनाका चोटिल सैम कुरेन की जगह राजस्थान रॉयल्स में शामिल होंगे



**नयी दिल्ली:** श्रीलंका के टी20 अंतरराष्ट्रीय कप्तान दासुन शनाका को सोमवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के लिए इंग्लैंड के चोटिल ऑलराउंडर सैम कुरेन के स्थान पर राजस्थान रॉयल्स टीम में शामिल किए जाने की पुष्टि की गई। शनाका दो करोड़ रुपये में राजस्थान रॉयल्स से जुड़ेंगे। आईपीएल की सोमवार को जारी विज्ञप्ति में कहा गया, 'कुरेन के स्थान पर दासुन शनाका दो करोड़ रुपये में राजस्थान रॉयल्स से जुड़ेंगे। शनाका ने श्रीलंका के लिए छह टेस्ट, 71 वनडे और 131 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उनके नाम 3350 से अधिक रन और 86 विकेट हैं।' इस 34 साल के खिलाड़ी ने 2023 में गुजरात टाइटंस के लिए आईपीएल में तीन मैच खेले हैं। राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच और टीम निदेशक कुमार संगकारा ने एक बयान में कहा, 'सत्र की शुरुआत से ठीक पहले सैम जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ी का चोट के कारण उपलब्ध न होना हमारे लिए निराशाजनक है।' उन्होंने कहा, 'सैम बल्ले और गेंद दोनों से टीम के लिए बहुत मूल्यवान खिलाड़ी हैं। हमें, हालांकि, दासुन शनाका के रूप में एक आदर्श विकल्प पाकर खुशी हुई है। वह बल्ले से एक फिनिशर (आखिरी ओवरों के विशेषज्ञ बल्लेबाज) और एक बेहतरीन ऑलराउंडर हैं। वह हमारी टीम का संतुलन बनाए रखने में मदद करेंगे।'

## वरिष्ठ खेल पत्रकार एस त्यागराजन का निधन

**चेन्नई:** हॉकी की बेहतरीन कवरेज के लिये मशहूर वरिष्ठ खेल पत्रकार एस त्यागराजन का सोमवार को यहां बढती उम्र से जुड़ी बीमारियों के कारण निधन हो गया। वह 85 वर्ष के थे। छह ओलंपिक और नौ एशियाई खेल कवर कर चुके त्यागराजन 1962 से 2013 तक 'द हिंदू' समाचार पत्र के लिये काम करते रहे। उन्होंने अपने कैरियर की शुरूआत 1961 में 'द इंडियन एक्सप्रेस' से की थी। 'द हिंदू' के खेल संपादक केसी विजय कुमार ने एक्स पर लिखा ,'द हिंदू के लिये कई दशक तक काम करने वाले हॉकी पत्रकारिता के दिग्गज वरिष्ठ खेल संवाददाता एस त्यागराजन का निधन।' त्यागराजन अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) और एशियाई हॉकी महासंघ (एएचएफ) की मीडिया और संचार से जुड़ी कई समितियों में भी रहे।

## भारतीय इंडोर एथलेटिक्स के नये युग की शुरूआत

**भुवनेश्वर:** भारत संकरे ट्रैक और एक समान हालात वाले इंडोर एथलेटिक्स में अपने सफर की औपचारिक शुरूआत मंगलवार से यहां शुरू हो रही पहली राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के जरिये करेगा जबकि दो साल बाद इसी स्थान पर उसे विश्व चैम्पियनशिप की मेजबानी करनी है। पिछले सप्ताह भारत को विश्व इंडोर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप की मेजबानी मिली है जो इसी स्थान पर तीन से पांच मार्च, 2028 में होगी। भारत में पहली बार ट्रैक और फील्ड की विश्व चैम्पियनशिप का आयोजन होगा। राष्ट्रीय चैम्पियनशिप दो दिन तक चलेगी। भारत में शीर्ष स्तर की इंडोर सुविधाओं के अभाव में इंडोर एथलेटिक्स उतना लोकप्रिय नहीं रहा है। कुछ भारतीय हालांकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भागीदारी करते आये हैं। इंडोर स्पर्धाओं में खिलाड़ी संकरे ट्रैक पर उतरते हैं। आउटडोर 400 मीटर ट्रैक चौड़े और सपाट टर्न वाले होते हैं। इंडोर स्पर्धायें हवा या मौसम से प्रभावित नहीं होती क्योंकि भीतर एक सी परिस्थितियां होती है। भालाफेंक स्टार नीरज चोपड़ा और 3000 मीटर स्टीपलचेस खिलाड़ी अविनाश साबले इसमें भाग नहीं लेंगे क्योंकि उनकी स्पर्धायें रोस्टर का हिस्सा नहीं हैं। कलिंगा स्टेडियम परिसर के भीतर विश्व स्तरीय सुविधायें तैयार होने के बाद भारत ने विश्व एथलेटिक्स को 2028 चैम्पियनशिप की मेजबानी के लिये मनाया है। भारत को 2028 में होने वाली एशियाई इंडोर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप की मेजबानी मिलने की भी उम्मीद है जिस पर फैसला मई में लिया जायेगा।

## अदालत ने भारतीय स्की एवं स्नोबोर्ड के लिए गठित तदर्थ समिति को भंग करने के आदेश को बरकरार रखा

**नयी दिल्ली:** दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के उस निर्णय को रद्द करने के आदेश को बरकरार रखा, जिसमें भारतीय स्की एवं स्नोबोर्ड के कार्यों को संभालने के लिए एक तदर्थ समिति नियुक्त की गई थी। मुख्य न्यायाधीश डी.के. उपाध्याय और न्यायमूर्ति तेजस कारिया की खंडपीठ ने एकल पीठ के फैसले को चुनौती देने वाली आईओए की अपील पर सुनवाई करते हुए, हालांकि उस निर्देश को निरस्त कर दिया, जिसमें संघ को चुनाव कराने के लिए नियुक्त निर्वाचन अधिकारी की फीस का भुगतान करने को कहा गया था। खंडपीठ ने कहा कि भारतीय स्की एवं स्नोबोर्ड को ही यह भुगतान करना होगा, क्योंकि एक स्वतंत्र संस्था के चुनाव कराने का खर्च आईओए पर डालना उचित नहीं है।

## एशिया कप में नये चेहरों के साथ नये सत्र की शुरूआत करेगी भारतीय तीरंदाजी टीम



**बैंकॉक:** भारत तीरंदाजी के नये अंतरराष्ट्रीय सत्र का आगाज यहां मंगलवार से शुरू हो रहे एशिया कप के पहले चरण से करेगा जिसके लिये टीम में नामी गिरामी सितारों की बजाय प्रतिभावान युवाओं को जगह दी गई है। भारतीय टीम में दीपिका कुमारी, अंकिता भकत, धीरज बोम्मादेवरा, तरूणदीप राय , ज्योति सुरेखा वेन्नम और अभिषेक वर्मा नहीं हैं। भारतीय टीम प्रबंधन जापान में सितंबर अक्टूबर में होने वाले एशियाई खेलों तक चलने वाले इस व्यस्त सत्र के पहले टूर्नामेंट में अपने युवा खिलाड़ियों को आजमाना चाहता है। शीर्ष तीरंदाज मैक्सिको और शंघाई में अप्रैल से होने वाले विश्व कप के पहले दो चरण के लिये वापसी करेंगे। पिछले साल भारत ने इस टूर्नामेंट में पांच स्वर्ण समेत आठ पदक जीते थे। दक्षिण कोरिया जैसे दिग्गज की गैर मौजूदगी में भारत का पलड़ा फिर भारी लग रहा है। उसे चीन और बांग्लादेश से चुनौती मिल सकती है। रिकर्व पुरूष वर्ग में आस्ट्रेलिया के रियान टियाक प्रबल दावेदार हैं जो विश्व रैंकिंग में 27वें स्थान पर हैं। महिला वर्ग में रूस में जन्मी तटस्थ खिलाड़ी नूरिनिस्सो माखमुदोवा (45वीं रैंकिंग) सर्वोच्च रैंकिंग वाली तीरंदाज हैं। भारतीय पुरूष कंपाउंड टीम में दुनिया के चौथे नंबर के तीरंदाज ऋषभ यादव, एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता प्रथमेश जावकर और रजत चौहान हैं। पिछले साल कुशल दलाल ने व्यक्तिगत स्वर्ण जीता था जबकि मानव जाधव और गणेश तिरिमुरू के साथ टीम स्वर्ण अपने नाम किया था। महिला वर्ग में ज्योति की गैर मौजूदगी में नजरें 20 वर्ष की चिकिथा तानीपर्थी पर होंगी जो विश्व रैंकिंग में 37वें स्थान पर हैं।

## अदिति फाउंडर्स कप में संयुक्त 14वें स्थान पर रही



**मेनलो पार्क:** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने तीसरे दौर के निराशाजनक प्रदर्शन से उबरते हुए अंतिम दिन तीन-अंडर 69 का स्कोर किया और यहां फोर्टिनेट फाउंडर्स कप में संयुक्त रूप से 14वें स्थान पर रहीं। ह्यो जू किम ने खिताब अपने नाम किया, जबकि नेली कोर्डा दूसरे स्थान पर रहीं। अदिति ने अंतिम दौर में चार बर्डी और एक बोगी लगाई, जिससे उन्होंने सप्ताह का समापन कुल आठ-अंडर के स्कोर के साथ किया। इस संयुक्त 14वें स्थान के साथ अदिति सीएमई रैंकिंग में एक स्थान सुधार करते हुए 20वें स्थान पर पहुंच गई हैं।



## इंडिगो ने आलोक सिंह को मुख्य रणनीति अधिकारी नियुक्त किया



**नयी दिल्ली:** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो ने सोमवार को एयर इंडिया एक्सप्रेस के पूर्व प्रबंध निदेशक अलोक सिंह को अपना मुख्य रणनीति अधिकारी (सीएसओ) नियुक्त करने की घोषणा की। यह नियुक्ति ऐसे समय में हुई है जब इंडिगो के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पीटर एल्बर्स के अचानक इस्तीफे को दो सप्ताह भी नहीं हुए हैं। इंडिगो ने बयान में कहा कि सिंह कंपनी की दीर्घकालिक रणनीतिक योजना का नेतृत्व करेंगे और व्यापक स्तर पर ऐसे परिवर्तनकारी कदम उठाएंगे जो वृद्धि तेज करने, परिचालन की दक्षता बढ़ाने और वैश्विक विमानन क्षेत्र में प्रतिस्पर्धी स्थिति मजबूत करने पर केंद्रित होंगे। कंपनी के प्रबंध निदेशक राहुल भाटिया ने कहा कि सिंह में रणनीतिक दृष्टि और परिचालन क्षमता का उत्कृष्ट मिश्रण है। उन्होंने कहा, उन्हें विमानन प्रणाली की व्यापक समझ है, जो हमारे लिए बेहद मूल्यवान होगी क्योंकि हम एक अधिक मजबूत, सक्षम और भविष्य के लिए तैयार संगठन बना रहे हैं और अपने अगले वृद्धि चरण को तेजी से आगे बढ़ा रहे हैं। फिलहाल, अलोक मेरे सीधे अधीन होंगे। जैसे ही नया सीईओ पद संभालेगा, वह नए मुख्य कार्यपालक अधिकारी को रिपोर्ट करेंगे।

## गौतम सिंघानिया के स्वास्थ्य में सुधार, राहत एवं खोज कार्यों में दे रहे सहयोग: प्रवक्ता



**नयी दिल्ली:** रेमंड ग्रुप के चेयरमैन गौतम हरि सिंघानिया पिछले हफ्ते मालदीव में हुई स्पीडबोट दुर्घटना में लगी चोटों से उबर रहे हैं और बचाव एवं राहत कार्यों में सहयोग कर रहे हैं। उनके प्रवक्ता ने सोमवार को यह जानकारी दी। मालदीव में शुक्रवार को सिंघानिया समेत सात लोग स्पीडबोट दुर्घटना का शिकार हुए थे। प्रवक्ता ने कहा, गौतम सिंघानिया की उचित देखभाल की जा रही है और उनकी हालत स्थिर है। इसके साथ ही वह राहत और बचाव कार्यों में भी सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं। हम प्रभावित लोगों और उनके परिवारों के लिए प्रार्थना और समर्थन जारी रखेंगे। उन्होंने कहा, सोशल मीडिया पर इस दुर्भाग्यपूर्ण स्पीडबोट दुर्घटना के कारण तकनीकी खराबी की अफवाहें फैल रही हैं। तथ्यों की अनदेखी करते हुए जो टिप्पणियां फैल रही हैं, वे पूरी तरह गैर-जिम्मेदाराना हैं। सिंघानिया उस स्पीडबोट पर मौजूद सात लोगों में शामिल थे, जिनमें ब्रिटेन और रूस की दो महिलाएं और भारत के पांच पुरुष थे। सिंघानिया को मामूली चोटें आई थीं और उनका मुंबई में इलाज चल रहा है। खबरों के अनुसार, इस दुर्घटना में दो भारतीय पूर्व राष्ट्रीय रैली चैंपियन हरि सिंह और अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित महेश रामचंद्रन अभी लापता हैं और उनकी तलाश जारी है।

# केंद्र ने राज्यों से छोटे कोयला खुदरा विक्रेताओं की मुनाफाखोरी पर अंकुश लगाने को कहा



**नयी दिल्ली:** केंद्र ने राज्यों को निर्देश दिया है कि वे पश्चिम एशिया संकट के कारण छोटे कोयला खुदरा विक्रेताओं को मुनाफाखोरी करने से रोकें, क्योंकि वैश्विक ऊर्जा व्यवधानों से घरेलू ईंधन बाजार पर असर पड़ने का खतरा है। यहां एक कार्यक्रम से इतर पत्रकारों से बात करते हुए कोयला और खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने कहा, 'हमारे सचिव (कोयला) ने सभी राज्यों के मुख्य सचिवों से बात की है। मैंने कल मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखा है। कोयले की कोई कमी नहीं है और घरेलू कोयले की कीमतों में वृद्धि की कोई गुंजाइश नहीं है।' मंत्री ने आगे कहा कि अगर कोयले की कीमतें बढ़ती हैं तो कार्रवाई करना राज्य सरकारों की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, 'हमने राज्यों से कोयले की कीमतों पर नजर रखने और खुदरा विक्रेताओं को मौजूदा संकट से लाभ नहीं उठाने देने को कहा है।' उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि कोयले की कीमतें नहीं बढ़नी चाहिए, और इसलिए सरकार ने सक्रिय कदम उठाए हैं। मंत्री ने बताया, कोयले की कीमतें बढ़ाने पर कोई निर्णय नहीं लिया गया है। कोयले की कीमतें नहीं बढ़नी चाहिए।' मंत्री ने यह भी कहा कि देश में कोयले की कोई कमी नहीं है और मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त शुष्क ईंधन उपलब्ध है। रेड्डी ने कहा, 'हम मौजूदा मांग से अधिक कोयले का उत्पादन कर रहे हैं।' मंत्री ने कहा कि लगातार दूसरे वर्ष, देश ने एक अरब टन कोयले का उत्पादन किया है, कुछ स्थानों पर कोयले का उत्पादन धीमा करना पड़ा क्योंकि भंडारण के लिए जगह नहीं है। सार्वजनिक क्षेत्र की कोल इंडिया लिमिटेड ने पहले कहा था कि उसका लक्ष्य बढ़ते पश्चिम एशिया संकट के बीच देश को 'उचित मूल्य' पर बिजली सुनिश्चित करना है। कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) कुल घरेलू कोयला उत्पादन में 80 प्रतिशत का योगदान देती है। पिछले वर्षों से संबंधित सभी आकलन, अपील पुराने अधिनियम के तहत होगी संचालित: आयकर विभाग नयी दिल्ली, 23 मार्च (भाषा) आयकर विभाग ने सोमवार को कहा कि उसका ई-फाइलिंग पोर्टल पुराने और नये आयकर अधिनियमों के अनुपालन में सुविधा प्रदान करेगा। साथ ही पिछले वर्षों से संबंधित सभी आकलन, अपील और अन्य कार्यवाही उनके अंतिम निपटान तक पुराने अधिनियम के तहत ही संचालित होंगी। आयकर विभाग ने नये आयकर अधिनियम, 2025 के लागू होने से कुछ दिन पहले बार-बार पूछे जाने वाले सवालों की सूची (एफएक्यू) जारी करते हुए कहा कि जो करदाता जुलाई, 2026 में आकलन वर्ष 2026-27 (पुराने अधिनियम के तहत संचालित अवधि से संबंधित) के लिए रिटर्न दाखिल कर रहे हैं, वे पुराने अधिनियम के तहत निर्धारित प्रपत्रों का उपयोग करेंगे। साथ ही, कर वर्ष 2026-27 के लिए जून, 2026 से शुरू होने वाले अग्रिम कर भुगतान नये अधिनियम के अनुसार किए जाएंगे।

## दिल्ली की प्रति व्यक्ति आय वित्त वर्ष 2025-26 में 5.31 लाख रुपये रहने का अनुमान: आर्थिक समीक्षा

**नयी दिल्ली:** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को विधानसभा में आर्थिक समीक्षा 2025-26 पेश की। आर्थिक समीक्षा के अनुसार, प्रति व्यक्ति आय मौजूदा कीमतों पर अग्रिम अनुमान के अनुसार, 2025-26 में 5,31,610 रुपये तक पहुंचने की संभावना है जो 2024-25 के मुकाबले 7.92 प्रतिशत की वृद्धि है। समीक्षा के मुताबिक, 2025-26 के दौरान दिल्ली की प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय औसत से लगभग ढाई गुना अधिक रहने का अनुमान है। 2025-26 के लिए अनुमानित राजस्व अधिशेष 9,661.31 करोड़ रुपये है जो राज्य सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) का 0.73 प्रतिशत है। मौजूदा कीमतों पर 2025-26 के दौरान दिल्ली का जीएसडीपी अग्रिम अनुमान के अनुसार 13,27,055 करोड़ रुपये तक पहुंचने की संभावना है जो 2024-25 की तुलना में 9.42 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। इसमें कहा गया कि 2025-26 में दिल्ली सरकार का कर संग्रह सालाना आधार पर 15.54 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है। वित्त वर्ष 2025-26 का बजट 1,00,000 करोड़ रुपये का था, जिसमें से 59,300 करोड़ रुपये दिल्ली सरकार की योजनाओं, कार्यक्रमों तथा परियोजनाओं के लिए आवंटित किए गए हैं। यह राशि 2024-25 के बजट अनुमान में निर्धारित 39,000 करोड़ रुपये की तुलना में 20,300 करोड़ रुपये अधिक है।

## पश्चिम एशिया संकट: सरकार ने निर्यातकों के लिए 'आरओडीटीईपी' लाभ पूरी तरह बहाल किए

**नयी दिल्ली:** सरकार ने सोमवार को निर्यातकों के लिए 'निर्यातित उत्पादों पर शुल्क और करों की छूट' (आरओडीटीईपी) योजना के लाभ पूरी तरह बहाल कर दिया। यह फैसला पश्चिम एशिया संकट के कारण वैश्विक व्यापार में आ रही बाधाओं को देखते हुए लिया गया है। सरकार ने पिछले महीने आरओडीटीईपी योजना के तहत शुल्क लाभ की दरों को आधा कर दिया था। निर्यातक समुदाय ने इस पर निराशा जताई थी और फैसले पर पुनर्विचार की मांग की थी। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक अधिसूचना में कहा, ''22 फरवरी, 2026 तक लागू आरओडीटीईपी दरें और मूल्य सीमा, सभी पात्र निर्यात उत्पादों के लिए 23 फरवरी, 2026 से 31 मार्च, 2026 तक फिर से बहाल की जाती हैं। वर्ष 2021 में शुरू की गई आरओडीटीईपी योजना के तहत निर्यातकों को उन करों और शुल्कों की वापसी का प्रावधान है, जो माल बनाने और उसके वितरण के दौरान लगते हैं और केंद्र, राज्य या स्थानीय स्तर पर किसी अन्य व्यवस्था के तहत वापस नहीं मिलते। इस योजना के तहत शुल्क वापसी की दर 0.3 प्रतिशत से 3.9 प्रतिशत के बीच है। यह योजना इस साल मार्च तक प्रभावी थी। योजना के लिए वर्ष 2025-26 के बजट में 18,232 करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे। 2026-27 के लिए इसे बढ़ाकर 21,709 करोड़ रुपये करने का प्रस्ताव था, लेकिन वास्तविक आवंटन 10,000 करोड़ रुपये रहा।

## न्यूज अपडेट

### कमजोर मांग से सोना 9,050 रुपये टूटा, चांदी में 10,500 रुपये की गिरावट

**नयी दिल्ली:** कमजोर घरेलू मांग और सुस्त वैश्विक रुझानों के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को सोना 9,050 रुपये टूटकर 1.43 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया, जबकि चांदी 10,500 रुपये की गिरावट के साथ 2.30 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना शुक्रवार के 1,52,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के बंद स्तर से 9,050 रुपये या लगभग छह प्रतिशत टूटकर 1,43,600 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया। चांदी भी 10,500 रुपये या 4.36 प्रतिशत की भारी गिरावट के साथ 2,30,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 2,40,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

### आरबीआई ने जनवरी में शुद्ध रूप से 2.53 अरब डॉलर खरीदे

**मुंबई:** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने जनवरी में हाजिर मुद्रा बाजार से शुद्ध रूप से 2.53 अरब डॉलर की खरीदारी की। आरबीआई ने सोमवार को जारी अपने मासिक बुलेटिन में यह कहा। केंद्रीय बैंक ने अमेरिकी डॉलर की यह खरीद लगातार सात महीनों की शुद्ध डॉलर बिक्री के बाद की है। आरबीआई ने पिछली बार, मई, 2025 में हाजिर मुद्रा बाजार से 1.76 अरब अमेरिकी डॉलर की खरीद की थी।

### स्वतंत्र निदेशक जिम्मेदारी से काम करें, बिना सबूत कोई आक्षेप न लगाएं: सेबी प्रमुख

**मुंबई:** एचडीएफसी बैंक के गैर-कार्यकारी चेयरमैन अतनु चक्रवर्ती के अचानक इस्तीफे के कुछ दिन बाद भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने सोमवार को कहा कि स्वतंत्र निदेशकों से अपेक्षा की जाती है कि वे जिम्मेदारी से काम करें और बिना ठोस सबूत के कोई आक्षेप न लगाएं। यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब चक्रवर्ती ने नैतिकता और मूल्यों से जुड़े मुद्दों का हवाला देते हुए देश के निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंक एचडीएफसी बैंक के गैर-कार्यकारी चेयरमैन के पद से इस्तीफा दे दिया था। उनके इस्तीफे के बाद निवेशकों की चिंता बढ़ने से एचडीएफसी बैंक के शेयर में तेज गिरावट भी देखी गई। पांडेय ने संवाददाताओं से कहा कि स्वतंत्र निदेशकों की जिम्मेदारी अल्पांश शेयरधारकों के हितों की रक्षा करना है और उन्हें जिम्मेदारी के साथ काम करना चाहिए। उन्होंने कहा, बिना उचित साक्ष्य और रिकॉर्ड के किसी को भी कोई आक्षेप लगाने की अपेक्षा नहीं की जाती।

### पश्चिम एशिया युद्ध शुरू होने के बाद से निवेशकों की संपत्ति 48.29 लाख करोड़ रुपये घटी

**नयी दिल्ली:** पश्चिम एशिया युद्ध के 28 फरवरी को शुरू होने के बाद से शेयर बाजार के निवेशकों की संपत्ति में भारी गिरावट दर्ज की गई है। इस दौरान बीएसई सेंसेक्स 10.56 प्रतिशत नीचे आ गया है। इस अवधि में बीएसई का सेंसेक्स 8,590.8 अंक यानी 10.56 प्रतिशत गिरा, जबकि एनएसई का निफ्टी 2,666 अंक या 10.58 प्रतिशत नीचे आया। युद्ध शुरू होने के बाद से बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में 48.29 लाख करोड़ रुपये की गिरावट दर्ज हुई और यह 415 लाख करोड़ रुपये पर आ गया है। एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पोनमुडी आर ने कहा, होर्मुज जलडमरूमध्य संकट, रुपये पर लगातार दबाव, ऊंची ऊर्जा कीमतें और विदेशी निवेशकों द्वारा पूंजी की लगातार निकासी मिलकर नकारात्मक भावना पैदा कर रहे हैं। सोमवार को सेंसेक्स 1,836.57 अंक या 2.46 प्रतिशत गिरकर 72,696.39 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 601.85 अंक या 2.60 प्रतिशत टूटकर 22,512.65 पर बंद हुआ।

वर्ष 11, पूर्णांक 3540 अंक 006 RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in